आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 45 | उज्जैन, रविवार 01 मार्च, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 13 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पीएम ने साणंद में सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया

**साणंद (गुजरात)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग फैसिलिटी का उद्घाटन किया। पीएम ने कहा कि 10-11 साल पहले तक भारत में डेटा और चिप की चर्चा कम होती थी। पहले देश की पहचान सॉफ्टवेयर के रूप में थी, आज भारत हार्डवेयर बनाने के लिए भी पहचाना जाने लगा है। उन्होंने कहा- जून 2023 में एमओयू साइन हुआ, सितंबर 2023 में काम शुरू हुआ और फरवरी 2026 में यहां प्रोडक्शन शुरू हो गया। इस सेक्टर को जानने वाले समझते हैं कि यह बहुत तेज रफ्तार है। साफ नीयत हो तो नीतियां भी साफ बनती हैं और फैसले जल्दी होते हैं। इस प्लांट में पहली बार मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल्स का कमर्शियल प्रोडक्शन और शिपमेंट शुरू होगा।

### धोनी को झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड का नोटिस

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड ने नोटिस जारी किया है। मामला रांची के हरमू इलाके में स्थित एच-10ए आवासीय प्लॉट से जुड़ा है। बोर्ड का आरोप है कि यह प्लॉट केवल आवासीय उद्देश्य से आवंटित किया गया था, लेकिन वर्तमान में वहां कथित तौर पर एक पैथोलॉजी लैब संचालित की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यह आवंटन की शर्तों का उल्लंघन है। नोटिस में धोनी से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो प्लॉट का आवंटन रद्द करने की सिफारिश की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, हाउसिंग बोर्ड ने हाल के दिनों में ऐसे कई मामलों की समीक्षा शुरू की है, जिनमें आवासीय प्लॉट का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

राजपाल यादव बोले

### मेरे पास 1200 करोड़ का काम



**बावजूद इसके मामला जेल तक पहुंचा, शिकायतकर्ता ने प्रॉपर्टी पेपर्स और सिक्योरिटी रकम ठुकरा दी**

**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर कॉमिक एक्टर राजपाल यादव ने मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने कहा है कि उनके पास भविष्य में 1200 करोड़ के काम और 10 फिल्मों के प्रोजेक्ट हैं। बावजूद इसके, एक पुराने चेक बाउंस मामले ने उन्हें कानूनी मुश्किलों और जेल जैसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। उनका कहना है कि शिकायतकर्ता ने उनके द्वारा पेश किए गए प्रॉपर्टी पेपर्स और सिक्योरिटी रकम को अदालत में स्वीकार नहीं किया और सिर्फ यह चाहता था कि राजपाल जेल जाएं। राजपाल यादव ने साल 2010 में अपनी फिल्म अता पता लापता को प्रोड्यूस करने के लिए एक कंपनी से लगभग 5 करोड़ लिए थे। निर्देशक के रूप में ये उनका डेब्यू प्रोजेक्ट था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही और राजपाल को भुगतान करना मुश्किल हो गया। इसके बाद वे कई पोस्ट डेटेड चेक देने लगे, जो बैंक में बाउंस हो गए। इस वजह से शिकायतकर्ता ने चेक बाउंस के तहत मामला दर्ज करवाया और मामला कोर्ट तक पहुंच गया। राजपाल यादव के वकील भास्कर उपाध्याय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आरोप लगाने वाले ने पहले कहा कि वे सिक्योरिटी मनी और प्रॉपर्टी पेपर्स स्वीकार करेंगे और मामला सुलझ जाएगा। लेकिन जब दस्तावेज पेश किए गए, तो उन्होंने उन्हें लेने से इनकार कर दिया और सिर्फ राजपाल को जेल भेजने पर जोर दिया। भास्कर का आरोप है कि यह सब राजपाल की छवि को धूमिल करने की कोशिश थी, न कि पैसे वापस पाने का ईमानदार प्रयास।

### नोटों से भरा सेना का विमान हाईवे पर क्रैश, 15 की मौत

**ला पाज।** बोलिविया की राजधानी ला पाज के पास एक बड़ा विमान हादसा हो गया। एक मालवाहक (कार्गो) विमान उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी दमकल विभाग के प्रमुख पावेल टोवर ने दी है। यह हादसा उस समय हुआ जब विमान रनवे से फिसलकर पास के शहर एल आल्टो की एक हाईवे पर जा घुसा। वहां चल रही कई गाड़ियों को उसने टक्कर मार दी। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम 15 वाहन इस दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए हैं। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन लोगों की मौत हुई, वे विमान में सवार थे या सड़क पर मौजूद गाड़ियों में थे।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली।** देशभर के लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। देश के प्रतिष्ठित सैनिक स्कूलों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए आयोजित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल्स एंट्रेंस एग्जामिनेशन 2026 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 27 फरवरी 2026 को परीक्षा के नतीजे अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए। परिणाम घोषित होते ही वेबसाइट पर अभिभावकों और छात्रों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और देशभर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस वर्ष एआईएसएसईई 2026 परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी 2026 को किया गया था।

अमेरिका-इजराइल का ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला, 40 छात्राओं की मौत

# ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इरना न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों में दक्षिणी ईरान में 40 छात्राओं की मौत हो गई। जबकि 45 घायल हैं।

इसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं। ईरान ने इजराइल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है। दरअसल, इजराइल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है।

**ईरान ने भी इजराइल-दुबई पर मिसाइलें दागीं, कतर-यूएई में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर अटैक**



**अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन**

- इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस् रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन है।
- यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है।
- ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। अमेरिकी सेना पहले ही ईरान को चारों तरफ से घेर चुकी है। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों से तुरंत इजराइल छोड़ने के लिए कहा था।

पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, धमाके की आवाज 5 किमी दूर तक सुनाई दी

## 20 लोगों की मौत, 6 गंभीर घायल

एजेंसी ▸▸ अमरावती

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। धमाके के समय यूनिट में 20 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे।

स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाके इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया। पुलिस अधिकारी ने बताया- धमाका इतना तेज था कि लाशें पास के धान के खेतों में जाकर गिरीं। हरे-भरे धान के खेतों के बीच डरावना मंजर देखने को मिला, जब स्थानीय लोग खाद की बोरियों से बनी चादरों में लाशें ले जाते दिखे।



**घायल 90 से 100 परसेंट तक जले हुए**

- पुलिस ने पास के खेतों में बिखरे शरीर के हिस्सों का पता लगाने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। काकीनाडा गवर्नमेंट हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट ने कहा कि हॉस्पिटल में आए घायल 90 से 100 परसेंट तक जले हुए हैं। उनका इलाज जारी है।
- मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर हालात की निगरानी करने को कहा है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने आशंका जताई कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### बोत्सवाना से लाए गए 9 चीते, केंद्रीय मंत्री ने किया रिलीज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर

श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में 28 फरवरी शनिवार को एक और ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला। बोत्सवाना से अफ्रीकी महाद्वीप के 9 नए चीते विशेष विमान से भारत पहुंचे। यह चीतों का तीसरा बड़ा जत्था है, जो प्रोजेक्ट चीता के तहत भारत लाया गया है। भारतीय वायुसेना के विमान से रात में ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन पर लैंडिंग के बाद सुबह भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों से इन्हें कूनो नेशनल पार्क पहुंचाया गया। केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इन चीतों को क्वारंटाइन बाड़ों में रिलीज किया। इनके आने से भारत में चीतों की कुल संख्या 48 हो गई है। कूनो में पहले से मौजूद चीतों की सफल प्रजनन दर और शावकों का जन्म इस प्रोजेक्ट की मजबूती दिखाता है।

## दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मिले सीएम डॉ. मोहन यादव

### राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों पर हुई चर्चा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों को लेकर चर्चा हुई। शाह के बाद मुख्यमंत्री कुछ और केंद्रीय मंत्रियों और संगठन नेताओं के साथ भी मुलाकात करेंगे।

दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात के दौरान अलग-अलग विभागों से संबंधित बजट की राशि जारी करने की मांग भी करेंगे।

### एमवाय अस्पताल के पीछे चला बुलडोजर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के एमवाय अस्पताल के पीछे स्थित सीआरपी लाइन क्षेत्र में सोमवार तड़के प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शासकीय जमीन पर बने अवैध निर्माणों को हटा दिया है। इस अभियान में प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम मौजूद रही। पूरे क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ वज्र वाहन भी तैनात किया गया था। प्रशासन के अनुसार तहसील के ब्लॉक नंबर 12 (नए सर्वे में ब्लॉक 38) की 0.70 एकड़ जमीन नजूल रिकॉर्ड में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है। नगर निगम के रिकॉर्ड बताते हैं कि 9 सितंबर 1985 को केवल 300 वर्गफीट निर्माण की अनुमति दी गई थी, जबकि आरोप है कि समय के साथ इसका विस्तार कर करीब 30 हजार वर्गफीट क्षेत्र तक कब्जा कर लिया गया। इस मामले की सुनवाई एसडीएम कोर्ट में भी चल रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह जमीन शासकीय उपयोग की है और अस्पताल सेवाओं के विस्तार के लिए आवश्यक थी। नोटिस प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही यह कार्रवाई की गई।

## बिजली दर में 10.19 प्रतिशत वृद्धि की तैयारी

### मंजूरी मिली तो आम उपभोक्ताओं के बिल में 150 से 600 रुपए तक बढ़ोतरी संभव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश में बिजली व्यवस्था सुधारने के नाम पर पिछले कुछ वर्षों में स्मार्ट मीटर लगाने, लाइन लॉस कम करने और बिलिंग-वसूली सिस्टम मजबूत करने पर 4700 करोड़ से अधिक खर्च किए गए, लेकिन इसके बावजूद बिजली वितरण कंपनियों की आर्थिक हालत नहीं सुधर सकी।

विस में सरकार ने स्वीकार किया है कि कंपनियों के सामने अब भी हजारों करोड़ रुपए का राजस्व अंतर बना हुआ है। इसी घाटे की भरपाई के लिए कंपनियों ने वर्ष 2026-27 के लिए बिजली दरों में 10.19 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग को भेज दिया है। यदि आयोग इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है तो उपभोक्ताओं को झटका लग सकता है। कुल मिलाकर सुधार योजनाओं का फायदा जमीन पर पूरी तरह दिखने से पहले ही आम उपभोक्ताओं के बिजली बिल बढ़ने की आशंका खड़ी हो गई है। बिजली कंपनियों के प्रस्तावित 10.19 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि को यदि विद्युत नियामक आयोग मंजूरी देता है तो इसका असर सीधे हर महीने आने वाले बिजली बिल पर दिखाई देगा। अभी प्रदेश में सामान्य घरेलू उपभोक्ता 150 से 300 यूनिट मासिक खपत पर औसतन 1400 से 2800 रुपए तक बिल चुका रहा है।

### केजरीवाल ने हनुमान मंदिर में पूजा की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली के पूर्व सीएम और आप नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा की। उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, आप सांसद संजय सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। एक दिन पहले ही दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई मामले में केजरीवाल-सिसोदिया समेत 23 लोगों को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बरी किया था।

### दमोह में 9 महीने की मासूम बच्ची से रेप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

एमपी के दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र में 9 महीने की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। शुक्रवार 27 फरवरी की देर रात परिजनों ने बच्ची को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल ले गई।

जिला अस्पताल में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में डॉक्टरों की ओर से बच्ची का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि नोहटा थाना क्षेत्र में 9 महीने की बच्ची से रेप हुआ है। परिजनों की शिकायत पर बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। परिजनों के अनुसार, वे घर पर काम कर रहे थे और बच्ची घर में अकेली थी।

## इस्लाम धर्म छोड़ चुके यूट्यूबर को 14 चाकू मारे

### सलीम वास्तिक पर दिनदहाड़े हमला, योगी बोले- यूपी में आतंक की जगह नहीं

एजेंसी ▸▸ गाजियाबाद



गाजियाबाद में इस्लाम धर्म छोड़ चुके यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर दिनदहाड़े ऑफिस में घुसकर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को बिना नंबर प्लेट की बाइक से आए नकाबपोश हमलावरों ने सलीम पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। गला रेतने की कोशिश की। चीखने पर हमलावर उन्हें अधमरा छोड़कर फरार हो गए।

शोर सुनकर पड़ोसी पहुंचे और परिवार को सूचना दी। परिजन सलीम को अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) रेफर कर दिया गया। उनके शरीर पर सीने, पेट, गर्दन, बाजू और पैर में 14 जख्म हैं। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर एआईएमआईएम नेता समेत 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना पर सीएम योगी ने कहा- कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यूपी में आतंक की कोई जगह नहीं है।

प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर मुद्दा विधानसभा में उठा

## विधायक ने पूछा कब तक कानून बनेगा मंत्री पत्रकार हित की योजना बताते रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

नरेन्द्र सिंह तोमर- श्री विपिन जी।

विपिन जैन- अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न क्रमांक 611।

माननीय मंत्री जी- धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी- माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर पटल पर रखा गया है।

नरेन्द्र सिंह तोमर- विपिन जी, पूरक प्रश्न करें।

विपिन जैन- माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न था पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर। माननीय अध्यक्ष महोदय, पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है। अपनी जान की परवाह किए बिना जनता की आवाज उठाता है व निष्पक्ष रिपोर्टिंग करता है। आए दिन हम खबरों में देखते हैं कि पत्रकारों के ऊपर हमले होते हैं, इन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं, कई पत्रकारों की हत्या भी हो गई है। आज के दौर में पत्रकारिता करना कठिन काम है। पत्रकार अपनी जान की परवाह किए बिना खबरों का कवरेज करता है। पक्ष और विपक्ष की कमजोरियों को बताकर समाज और जनता के बीच में संतुलन भी करता है। माननीय मंत्री जी ने बताया है कि 2023 में एक मीटिंग हुई थी पत्रकार सुरक्षा कानून के संबंध में। और अन्य राज्यों के संबंधित कानून बनाने के लिए, अन्य राज्यों में लागू कानून के अध्ययन एवं इस क्षेत्र के विशेष सुझाव प्राप्त होने के पश्चात प्रारूप तैयार करेंगे। मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से पूछना चाहता हूँ कि यह पत्रकार सुरक्षा कानून कब तक लागू हो जाएगा और 2023 में जो मीटिंग हुई थी उसके बाद अभी तक इस पर क्या निर्णय हुआ, यह बताने की कृपा करें।

**नरेन्द्र सिंह तोमर- माननीय मंत्री जी...**

धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी- माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ जैसा कि हम सब जानते हैं कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। भारत के संविधान में भी स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत प्रेस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान की गई है। इसके साथ ही भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में भी सुरक्षात्मक उपबंध किए गए हैं। लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में हमारी सरकार पत्रकारों की समुचित सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। जैसा कि बताया जा चुका है कि इस पत्रकार सुरक्षा संबंधी कानून बनाने के लिए अन्य राज्यों के कानूनों का अध्ययन किया जा रहा है और विषय विशेषज्ञों से सुझाव भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इन सबके अध्ययन और परीक्षण के उपरांत सरकार इस संबंध में निर्णय लेगी। और जहाँ तक पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान की बात है, हमारी सरकार निरंतर पत्रकारों के हित में कल्याणकारी योजनाएं भी चलाने का काम कर रही है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## शहर के साहब ने दिखाया ट्रेरर...




शहर की संस्था के साहब ने वैसे तो आते ही शहर में अपनी आमद दर्ज करा दी थी और सब को बता भी दिया था कि वे देश के सफाई में नंबर वन शहर से आए हैं। पन्नी युक्त कागज के कप पर उन्होंने कुछ दिनों के लिए ही सही बेन लगवा दिया था। पुराना समय याद दिलवा दिया था कि कांच के गिलास में ही चाय बेहतर होती है। पता नहीं क्यों उसके बाद अब साहब यदा-कदा ही अपना ट्रेरर दिखा रहे हैं शेष समय कूल-कूल में ही काम चला रहे हैं। वैसे उनकी योग्यता असीमित है और काम को करवाने की हर तकनीक से वाकिफ भी हैं। शुक्रवार को एक बार फिर उन्होंने अपना ट्रेरर दिखाया है। मार्ग चौड़ीकरण कार्य अंतर्गत शांति पैलेस चौराहे से नानाखेड़ा तक निगम द्वारा किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करने वे पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया की चौड़ीकरण के अंतर्गत कार्यों की गति बढ़ाई जाए। उनके निर्देश पर रात्रि में भी चौड़ीकरण के कार्य करवाए जा रहे हैं और उन पर नजर रखी जा रही है। शांति पैलेस चौराहे से नानाखेड़ा चौराहे तक लगभग 12.5 करोड़ की लागत से 45 मीटर चौड़े एवं लगभग 450 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। यहां पर वर्तमान में स्ट्रांग वॉटर ड्रेन का कार्य किया जा रहा हैं ड्रेन के अंदर डाले गए पाइप के ऊपर जो कांक्रीट कार्य किया जा रहा था वह उच्च क्वालिटी का एवं फिनिशिंग से नहीं हो रहा था । इसे साहब ने देख लिया था और इस कार्य को लेकर स्पष्ट कह दिया कि ऐसा नहीं चलेगा और इसे तोडकर नया स्लेब बनाया जाए। यही नहीं साहब ने खुद की उपस्थिति में ही ठेकेदार के इस काम को नजरों के सामने ही तुडवाया । साहब ने नया स्लेब पूरी गुणवत्ता का बनवाने के निर्देश दिए हैं। खुसूर-फुसूर है कि शहर की संस्था में पैसे नहीं मिलने से पहले से ही ठेकेदार आने को तैयार नहीं है और जो काम करने आ रहे हैं उनसे जमकर खिंचाई के साथ काम लिया जा रहा है ऐसा न हो कि इस खिंचाई में या तो ठेकेदार भाग खडे हों या फिर ठेकेदार अपना रंग दिखा दें । वैसे अब तक साहब के दो बडी कंपनियों के ठेका निरस्ती से आमजन को यह यकीन हो गया है कि साहब दबने वाले नहीं हैं काम तो करवा कर ही रहेंगे।

## ट्रैंडिंग




## एक दिवसीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया



**उज्जैन।** नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) अंतर्गत जिले में एक दिवसीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को दशहरा मैदान में किया गया। महिला खिलाड़ी द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया। जनपद स्तर की 06 टीम के मध्य जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### अबकी बार मधुमक्खियों के हमले में श्रद्धालु एवं मंदिर समिति स्टाफ घायल, आकस्मिक उड़ी, श्रद्धालुओं को किया गया जिला अस्पताल में भर्ती

# देवास छोटी माता मंदिर के पास मधुमक्खियों का हमला, 8 घायल









दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/देवास

शनिवार को देवास के माता टेकरी स्थित चामुण्डा माता मंदिर के पास मधुमक्खियों के हमले में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें 5 श्रद्धालु एवं 3 टेकरी मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारी शामिल हैं। घायलों को जिला अस्पताल देवास में भर्ती किया गया है,कुछ को प्राथमिक उपचार दिया गया है।

शनिवार अपरांह अचानक मधुमक्खियों का यह हमला हुआ,जबकि श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश कर दर्शन के लिए जा रहे थे। सामान्य दिन होने से श्रद्धालुओं की संख्या कम थी इसके बावजूद मौजूद श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल ही टेकरी पर मौजूद स्टाफ एवं अन्य संसाधनों से नीचे लाकर अस्पताल ले जाया गया,जहां डा. सीएम गुप्ता ने सभी का उपचार शुरू किया। डा.गुप्ता के अनुसार सभी की हालत खतरे से बाहर है एवं उपचार जारी है। 5 लोगों को भर्ती किया गया है शेष 3 को प्राथमिक उपचार दिया गया है। बहुत ज्यादा गंभीर स्थिति किसी की भी नहीं हैं।

### इन्हें काटा मधुमक्खियों ने

मधुमक्खियों के हमले के दौरान दर्शन के लिए पहुंची श्रद्धालु सीमा कोठारी उम्र 43 वर्ष निवासी महू, विनिता प्रसाद उम्र 65 वर्ष निवासी इंदौर और आयुष कोठारी उम्र 21 वर्ष सहित ड्यूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मी और एक महिला गार्ड व एक अन्य को मधुमक्खियों ने काट लिया।

### छत्ते को छेड़ने की आशंका

महु इंदौर के निवासी श्रद्धालु अंश ने बताया कि पहले एक मधुमक्खी ने हमला किया, इसके कुछ ही देर बाद बड़ी संख्या में मधुमक्खी वहां पहुंच गई और परिसर में मौजूद लोगों पर लगातार हमला करने लगीं। इससे ऐसा लग रहा है कि किसी ने मंदिर के पास लगे मधुमक्खियों के छत्ते को जान बुझकर छेडा ,जिससे नाराज होकर यह हमला हुआ। अचानक हुए हमले से मंदिर परिसर में भगदड़ जैसे हालात बन गए और श्रद्धालु इधर-उधर भागने लगे।

### समिति ने छत्ते हटाने का कार्य शुरू किया

मां चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंधन समिति के प्रभारी कपिल गुर्जर ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि तीन दर्शनार्थी और टेकरी के चार स्टाफ सदस्य घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही वे जिला अस्पताल पहुंचे और उपचार की व्यवस्था करवाई। उन्होंने यह भी बताया कि वन विभाग के डिप्टी रेंजर के निर्देशन में माता टेकरी परिसर में मौजूद मधुमक्खी के छत्तों को हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### हाल ही में कई जगह आए ऐसे मामले

पिछले कुछ माहों में मधुमक्खियों के हमले के मामले बढे हैं। सार्वजनिक स्थलों के पास मधुमक्खियों के छत्ते एवं इनसे उडकर मधुमक्खियों के हमले में पूर्व में उज्जैन पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में इंस्पेक्टर रमेश कुमार धुर्वे की मौत हो गई और 5 अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। हाल ही में नीमच जिले के गांव में मधुमक्खियों के हमले में आंगनवाडी के बच्चों को बचाने में समूह अध्यक्ष की मौत हो गई थी। इसके बाद नागदा में मेले में मधुमक्खियों के हमले में कई लोग घायल हुए थे। नगर पालिका एवं प्रशासन अब भी इसकी जांच ही कर रहे हैं।

### सार्वजनिक स्थलों से नहीं हटा रहे छत्ते

प्रदेश में एक के बाद एक मधुमक्खियों के हमले एवं इसमें हुई मौतों के बाद भी सार्वजनिक स्थलों पर छत्ते लगे हुए हैं। इसे लेकर गंभीरता की स्थिति सामने नहीं आ रही है। एक के बाद एक घटनाक्रम जरूर सामने आ रहे हैं।

### कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए -आयुक्त

# निगम आयुक्त ने वीडी मार्केट से दानीगेट तक के चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ को लेकर शहर के प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्य सहित अन्य निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। शहर में चल रहे कार्यों पर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सतत नजर बनाए हुए हैं तथा निरीक्षण कर निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाने हेतु आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा प्रतिदिन चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता की जांच की जा रही है साथ ही गुणवत्ता में खामियां पाए जाने पर निर्माण को पुनः किये जाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

### कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं

निर्माण कार्यो से जुड़े अधिकारियों से वायरेस सेट के माध्यम से तथा वन टू वन कार्यो की समीक्षा की जा रही है साथ ही प्रतिदिन के कार्यो की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।

आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा निर्माण कार्यो से जुड़े समस्त अधिकारियों, यंत्रीगण को सख्त निर्देश दिये गए है कि प्रतिदिन निर्माण स्थल पर उपस्थित रह कर निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं, कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए, प्रतिदिन किये जा रहे कार्यो की स्वयं जांच करें, इंजीनियर एवं ठेकेदार के साथ प्रतिदिन समीक्षा बैठक करें, प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें, शेष कार्यो का सेक्शन-वार आकलन करें, प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर सक्षम में प्रस्तुत करें, कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर पुन: निर्माण के दिए निर्देश

आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा वीडी मार्केट से तेलीवाड़ा तक चौड़ीकरण अन्तर्गत प्रचलित सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान PQC की गुणवत्ता असंतोषजनक पाए जाने पर सम्बंधित इंजिनियर एवं ठेकेदार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पुनः निर्माण हेतु निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया कि यदि पूनः इस प्रकार की लापरवाही कार्य में पाई जाती है जो सम्बंधित इंजिनियर के वेतन की कटोत्री के साथ ही ठेकेदार पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।



### ढाबा रोड़ पर मार्किंग का कार्य पूर्ण किया जाए

आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा छत्रीचौक पानी की टंकी से सत्यनारायण मंदिर तक प्रचलित चौड़ीकरण कार्य अन्तर्गत ढाबा रोड़ चौराहे की मार्किंग के कार्य के शीघ्र पुर्ण करने, नाली निर्माण कार्य आरंभ करने, तुड़ाई के उपरांत भवनों के बाहर निकल रहे सरियों को गेट कटर से काटवाने तथा शेष रहे भवनों को तोड़ने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेन्द्र पटेल, सहायक यंत्री डीएस परिहार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# अभा सनातन परिषद के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर किया सम्मान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष चौहान ने बताया कि अखिल भारतीय सनातन परिषद उज्जैन के जिलाध्यक्ष बनने पर काशीराम पाटीदार का सम्मान स्वागत बड़े धूमधाम से किया गया। सम्मान फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष चौहान के साथ इस अवसर पर कैलाश गोठवाल, महेश मेंढक्या, ईशान पंचोली राज पाटीदार, सोनू कंसोडिया, विकास बाथम, गजराज माली, दीपेश माली भी उपस्थित रहे। मनोनीत होने पर अध्यक्ष काशीराम पाटीदार ने कहा, सनातन धर्म एम हिंदू हिन्दुत्व की रक्षा के लिए कई तरह के धार्मिक आयोजन के जाएंगे एवं हिंदू बेटियों के लिए निःशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# श्री राम महल दरबार में भव्य निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला संपन्न



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में होली का उत्साह धार्मिक भक्ति के रंग में रंग गया। शुक्रवार को श्री राम महल दरबार, खाटू श्याम जी मंदिर में परम पूज्य बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी के सान्निध्य में निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला भव्य रूप से संपन्न हुआ। हजारों श्याम प्रेमी भक्तों ने सपरिवार भाग लिया और फूलों की होली, 56 भोग प्रसादी, मधुर भजन संध्या और भोजन प्रसादी का आनंद लिया।

दोपहर 3 बजे पिपली नाका चौराहे से शुरू हुई निशान यात्रा भव्यता के साथ श्री राम महल दरबार तक पहुंची। हजारों की संख्या में शामिल श्याम प्रेमियों ने निशान लहराते हुए, भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा पूरी की। मार्ग में कई स्थानों पर मंच लगाकर बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी और भक्तों का जोरदार स्वागत किया गया।

यात्रा के समापन के बाद फाग महोत्सव मेला प्रारंभ हुआ। खाटू श्याम बाबा को फूलों की होली खेली गई, दिव्य ज्योत श्रृंगार दर्शन हुए, 56 भोग प्रसादी अर्पित की गई और शाम को मधुर भजन संध्या के बाद सभी भक्तों को भोजन प्रसादी का लाभ मिला। पूरा मंदिर परिसर भक्ति, उत्साह और रंगों से सराबोर रहा।

# कठपुतली कौशल की प्रस्तुतियों को देखने बच्चों की भीड़ उमड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





उज्जैन में आयोजित विक्रमोत्सव के पुतुल समारोह के दूसरे दिन कठपुतली कला की मनभावन प्रस्तुतियाँ देख स्कूली बच्चे मंत्रमुग्ध हुए। प्रथम प्रस्तुति कोलकाता के सुदीप गुप्ता के निर्देशन में डाल्स थिएटर द्वारा दा आर्च स्टूड अलोन की हुई। इस प्रस्तुति में एकलव्य की कथा को प्रभावी कठपुतली शैली में दिखाया गया। कहानी में तीरंदाज अकेला, एकाग्र खड़ा हुआ दिखाया गया था।एकाग्रता और कौशल के साथ अपने लक्ष्य के प्रति अकेला खड़ा होकर निडरता से सामना कर रहा होता है। तीरंदाज के अकेलेपन, आत्मनिर्भरता, और अटूट फोकस को दशार्या गया है। तीरंदाजी के अभ्यास के दौरान, एकाग्रता या अपनी क्षमता पर भरोसा करने की सीख दी गई। प्रस्तुति में एकलव्य की कथा को प्रभावी कठपुतली शैली में दिखाया गया, जिसे बालदर्शकों ने सराहा।


महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ एवं संस्कृति संचालनालय द्वारा कालिदास अकादमी में आयोजित ह्यपुतुल समारोहह्व के दूसरे दिन द्वितीय चरण में मेहर द ट्रूप, अहमदाबाद के कलाकारों ने ह्यआठवांह्व शीर्षक से कठपुतली मंचन किया । इस प्रस्तुति का निर्देशन मानसिंह झाला ने किया। दोनों प्रस्तुतियों में कलाकारों की सजीव अभिव्यक्ति और तकनीकी कौशल ने स्कूलों से आए दर्शकों को बांधे रखा। इस अनूठे आयोजन में एक्टिव इंग्लिश हाई स्कूल एवं रविन्द्र नाथ टैगोर स्कूल के लगभग 350 विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्कूली बच्चों ने कठपुतलियों को हाथ में लेकर उन्हें चलाने का अनुभव भी प्राप्त किया। कठपुतली कला के प्रति बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पल्लवी बेंद्रे ने किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ-साथ शहर के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# एसडी लाइट का बेरोकटोक प्रयोग, वाहन चालक हाई बीम रख चला रहे वाहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

(पं राहुल शुक्ल)

शहर मे चल रहे कई चौपहिया वाहनों मे बहुत अधिक ज्योति तीव्रता वाली एस डी लाइट( हेडलाईट) देखी जा रही हैं जो सामने से आनेवाले वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। कार ,एस यू वी आदि मे वैधानिक 60 वॉट पावर की सीमा से अधिक पावर की रोशनी एस डी लाइट (हैडलाइट ) मे प्रयोग की जा रही है जो रात्रि के समय विपरीत दिशा से आ रहे वाहन चालक की आंखो मे चकाचौंध पैदा करती है और परिणामस्वरूप ड्रायवर को धुंधला दिखता है या कुछ समय के लिए अंधापन छा जाता है। इस कारण से भी रात मे सडक दुर्घटनाएं हो रही हैं।






### सुनसान व स्ट्रीट लाइट के अभाव वाली सडक पर मान्य

भारत के सुप्रीम कोर्ट ने सख्त निर्देश दे रखे हैं कि केवल सुनसान स्ट्रीट लाइट विहिन सडकों पर ही हाईबीम मान्य है और यदि विपरीत दिशा से आ रहा वाहन 500 मीटर से कम दूरी पर है तो तुरंत हाई से लो बीम कर ली जाए ।मोटर व्हीकल एक्ट के सेक्शन 52 के अनुसार हाई पावर के एल ई डी वाली हैडलाइट अवैध हैं और इसमे सख्त जुमार्ने का प्रावधान है। ऐसा होने के बावजूद शहर के अंदर भी हाई पावर वाली हैडलाइट से सुसज्जित कारें व एस यू वी धडल्ले से दौड रही हैं और लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### रात मे वाहन चलाना परेशानी

रात्रि मे वाहनो की चेकिंग न होने से अधिकांश वाहन चालक हाई बीम पर एस डी लाइट का दुरूपयोग करते देखे जा रहे हैं। जब ये हाईबीम की सफेद लाइट जो पूरी तीव्रता से दूसरे वाहन चालक की आंख पर टकराती है तो क्षणिक अंधापन पैदा कर देती है जिससे सडक दुर्घटनाओ मे इजाफा हो रहा है। तीव्र प्रकाश के कारण ड्रायवर अपसंरेखण ( मिस अलाइनमेंट) के चलते दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

### दूरगामी खतरा है एसडी लाइट

तीव्र प्रकाश की हाई ल्यूमन लाइट के लगातार संपर्क के कारण वाहन चालक के नेत्रों का मैकूला खराब हो जाता है और आंखे धुंधला देखने लगती है। आंखो मे सूखापन आने से सिरदर्द निरंतर बना रहता है। ऐसी स्थिति मे वाहन चालक के ए एम डी यानी एज रिलेटेड मैक्यूलर डिजनरेशन का शिकार होने की प्रत्याशा बढ जाती है।

### जांच की दरकार

शहर की ट्राफिक पुलिस को इस गंभीर खतरे को देखते हुए समय समय पर मुख्य सडकों पर दौड रहे चौपहिया वाहनों की लाइट चैक करनी चाहिए कि वे निर्धारित मानक के अनुरूप हैं या नहीं। ज्यादा तीव्र प्रकाश अथार्त हाई ल्यूमन एस डी लाइट को तुरंत वाहनो से निकालवा कर चालानी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि एसडी लाइट का शिकार कोई दूसरा चालक न बने।

### हाईबीम पैदा करती है क्षणिक अंधापन

ज्यादातर कार चालक अपनी स्वयं की सुविधा के लिए कार मे मानक हैडलाइट के अलावा तीव्र प्रकाश वाली हाई ल्यूमन एल ई डी लाइट जिसे एसडी लाइट कहते हैं लगवा लेते हैं। ये निर्धारित ज्योति सीमा 60 वाट से बहुत ज्यादा होती है जिससे दूसरे वाहन चालकों की आंख पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है। विपरीत दिशा से चल रहे वाहन चालक को असहजता महसूस होती है। तीव्र हाई ल्यूमन की लाइट आंखो मे दृष्टिदोष उत्पन्न कर देती है और लगातार हाई बीम की सफेद लाइट से संपर्क बने रहने पर रेटिना सिकुड़न जैसी समस्या हो जाती है।इससे अंधापन, आंखो मे जलन व सिरदर्द होने लगता है।

### सडकों की मरम्मत बन रही अवरोध

शहर मे सडक निर्माण व मरम्मत के कार्य लगातार चल रहे हैं। शहर की बाहरी सडकों पर भी चौड़ीकरण आदि कार्य हो रहे हैं। ऐसे मे संकरे मार्ग पर यदि हैडलाइट चेकिंग की जाए तो जाम व दुर्घटनाओ का अंदेशा रहता है इस कारण कार व अन्य वाहनों की हैडलाइट चैकिंग अभियान नहीं चला पा रहे हैं पर स्थिति अनुकूल होते ही जल्दी ही चैकिंग अभियान शुरू करेंगे और अमान्य लाइट जप्त व जुमार्ना की कार्रवाई की जाएगी

**-विक्रम कनपुरिया, यातायात डीएसपी, उज्जैन**

## न्यूज ब्रीफ

### 1 अप्रैल से एटीआर विमानों का संचालन प्रस्तावित

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के पुराने टर्मिनल का नवीनीकरण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। लंबे समय से चल रहे इस प्रोजेक्ट में अब प्रमुख सुविधाएं स्थापित हो चुकी हैं और एयरपोर्ट प्रबंधन इसे जल्द शुरू करने की तैयारी में जुटा है। पुराने टर्मिनल में तीन नई एक्स- रे मशीनें स्थापित की गई हैं। इन मशीनों के जरिए सामान की स्कैनिंग के बाद यात्री सीधे चेकिंग काउंटर की ओर बढ़ सकेंगे। साथ ही कन्वेयर बेल्ट का काम भी पूरा हो गया है, जिससे बैगेज हैंडलिंग पहले से अधिक सुगम हो जाएगी। नवीनीकरण के साथ एयरलाइंस कंपनियों को टर्मिनल में ऑफिस आवंटित करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

### आज से मिलेगा फॉरेस्ट का प्राकृतिक गुलाल: फूलों से किया जा रहा तैयार

**इंदौर।** रंगों के त्योहार होली को ध्यान में रखते हुए इंदौर वनमंडल एक बार फिर प्राकृतिक हर्बल गुलाल तैयार करने में जुट गया है। हालांकि इस बार मौसम की बेरुखी के चलते उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। सर्दी के लंबे असर और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण पलाश (टेसू) के फूल देरी से खिले, जिससे गुलाल बनाने की प्रक्रिया भी देर से शुरू हुई। वन विभाग ने चोरल जंगल क्षेत्र से ग्रामीणों की मदद से पलाश के फूल एकत्र किए हैं। इन फूलों को संबंधित रेंज कार्यालयों में लाकर सुखाया गया है। अधिकारियों के अनुसार सूखे फूलों को पीसकर हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है, जो शहर में विभाग के केंद्रों एवं अन्य स्थानों से बेचा जाएगा।

### किशोरियों को मिला स्वास्थ्य का रक्षा कवच

**इंदौर।** एच.पी.बी. टीकाकरण का शुभारंभ 28 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर, राजस्थान से किया जाएगा। इस टीकाकरण का उद्देश्य महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव करना है, जो भारत में स्तन कैंसर के बाद कैंसर का दूसरा सबसे बड़ा रूप है। 99 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर एच. पी.वी. वायरस के कारण होते हैं। यह टीका उन किशोरियों को लगाया जाएगा जिनकी उम्र 14 वर्ष पूरी हो चुकी है। जिन किशोरियों ने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन 15 वां जन्मदिन पूरा नहीं हुआ है, वे पात्र हैं। एक सिंगल डोज वैक्सीन प्रभावी मानी जाती है। यह टीका किशोरियों को पूर्णतः निःशुल्क लगाया जाएगा।

### वरिष्ठजनों के लिए हॉलिस्टिक वेल-बीइंग कैंप का हुआ आयोजन

**इंदौर।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. मीना भायल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया के निर्देशन में आयुष विंग जिला चिकित्सालय एवं शासकीय होम्योपैथी औषधालय सुदामा नगर द्वारा अमरलाल सेवा ट्रस्ट परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष हॉलिस्टिक वेल-बीइंग कैंप का आयोजन किया गया, इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठजनों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ नियमित योग अभ्यास के साथ हुआ, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आयु एवं स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप सरल एवं प्रभावी योगाभ्यास कराए गए।

### होली पर्व के मद्देनजर 08 खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, 36 नमूने लिए

**इंदौर।** होली पर्व को देखते हुए इंदौर जिले में विशेष सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है तथा अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में प्रभावी कार्रवाई की गई है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के जाँच दल द्वारा पेठा डिलाइट महालक्ष्मी नगर मेन रोड का औचक निरीक्षण कर पेठा के 04 नमूने तथा नमकीन सेव एवं नमकीन मिक्सचर के 02 नमूने, कुल 06 नमूने लिए गए। इसी तरह नरसिंह फूड्स स्नेह नगर (सपना-संगीता) से लॉन्ग सेव, मिक्सचर, पापड़ी, चना दाल एवं नमकीन के कुल 04 नमूने लिए गए।

### सांवेर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत किया

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सतरंगी दुपटटा एवं पुष्पमाला पहनाकर सांवेर में पधारने पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, जनपद पंचायत सांवेर अध्यक्ष प्रतिनिधि मानसिंह, विश्वजीतसिंह सिसौदिया, जिला उपाध्यक्ष भारतसिंह, दिलीप चौधरी, अंतरसिंह दयाल, कमल पटेल, सुरेशसिंह, पप्पु शर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष संदीप चंगेडिया, तुफानसिंह, सुमेरसिंह, पार्षद योगेश गेंदर, मनोज मिश्रा, राजू ठाकुर, गब्बर पंचडेरिया, अभिलेष ठक्कर, पूजा यादव सहित सैकडों नागरिकों ने भी ओम बिरला का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया।

## आजीवन सहयोग निधि अभियान, भाजपा में कद के हिसाब से लिया जा रहा चंदा

# विधायकों-महापौर से 5 लाख तो पार्षदों से 51 का सहयोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भाजपा ने अपने नियमित खर्चों को पूरा करने के लिए आजीवन सहयोग निधि अभियान शुरू किया है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। इसमें कार्यकर्ता व आमजन से स्वैच्छिक तौर पर 50 करोड़ रुपये तक जुटाने की तैयारी है। वर्ष 2025 में 25 करोड़ रुपये एकत्र हुए थे। पार्टी ने इस वर्ष दो बड़े परिवर्तन किए हैं। एक तो यह कि सहयोग निधि सिर्फ डिजिटल माध्यम से ही ली जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और कोई प्रश्न नहीं उठा पाए। दूसरा यह कि 20 हजार रुपये से अधिक सहयोग निधि देने वालों का पैन नंबर भी लिया जाएगा। वहीं इस बार भाजपा के अंदर अब कद के हिसाब से चंदा लिया जा रहा है। यानी पार्टी में जिसका जितना बड़ा कद है उससे चंदे की उम्मीद भी उतनी अधिक है। विधायकों-महापौर से पांच पांच लाख तो पार्षदों से 51-51 हजार का सहयोग लिया जा रहा है। अभी तक नगद या चेक दोनों विकल्प देकर आजीवन सहयोग निधि जुटा रही प्रदेश भाजपा अब वर्ष 2026 में सिर्फ चेक, आरटीजीएस और एनईएफटी के जरिए पार्टी के खाते में ऑनलाइन पैसा ले रही है।

### 15 मार्च तक देना होगा पूरा हिसाब-किताब



पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रारंभ हुआ आजीवन सहयोग निधि अभियान 28 फरवरी तक चलना है। इस बार चेक के जरिए चंदा लिया जा रहा है। संगठन से लेकर सत्ता में बैठे नेताओं तक से आजीवन सहयोग निधि संग्रह की जा रही है। पार्टी ने 50 करोड़ का लक्ष्य तय किया है ऐसे में 50 हजार से लेकर पांच लाख रुपये सामान्य रूप से लिया जा रहा है। इसके ऊपर जो जितना देना चाहे। मंत्री पद वालों से राशि उससे कई गुना ज्यादा है। इसके अलावा पदाधिकारियों से भी सदस्यता निधि की राशि के लिए आग्रह किया जा रहा है। बड़े नेताओं के पास वरिष्ठ कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय संगठन की ओर से प्रदेश भाजपा को कहा गया कि पूरे देश में चंदा कलेक्शन बंद कर दिया गया। इस पर मप्र की ओर से तर्क रखा गया कि यहां कुशाभाऊ ठाकरे के समय से चली आ रही बरसों की परंपरा है। इसी के बाद सशर्त सहयोग निधि जुटाने की अनुमति दी गई है। आजीवन सहयोग निधि कलेक्शन का काम 20 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद कलेक्शन करने वालों को 15 मार्च तक पूरा हिसाब-किताब पार्टी में देना होगा। प्रदेश संगठन की ओर से जिलों को कहा गया है कि वे जिलों के खर्च की तुलना में 2 गुना कलेक्शन करें। उदाहरण के लिए यदि जिले का खर्च प्रतिमाह एक लाख रुपए के हिसाब से सालाना 12 लाख रुपए है, तो उसे कम से कम 25 लाख रुपए कलेक्शन करना होगा। पार्टी में हिसाब चलता है कि 50 प्रतिशत प्रदेश संगठन के पास रहता है और बाकी जिलों को भेजा जाता है।

### स्वेच्छा और समर्थ के अनुसार सहयोग

दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी से भाजपाई चंदा जुटाने में लगे हैं। ये आजीवन सदस्यता निधि है। सामान्यत-एक हजार रुपये से स्वेच्छा और समर्थ के अनुसार जनप्रतिनिधि-कार्यकताओं से सहयोग लिया जाता है। इस बार भी लक्ष्य करीब 50 करोड़ तक पहुंचने का है। जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों पर विशेष सहयोग लिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मंत्रियों से सबसे ज्यादा सहयोग की उम्मीद की जा रही है। वहीं विधायकों से पांच पांच लाख रुपये की मांग हुई है। अधिकांश इस राशि को देने के लिए राजी भी हो गए हैं। महापौरों को भी पांच लाख का सहयोग देना है। इसके अलावा नगर अध्यक्ष और मुख्य पदाधिकारियों से भी पांच लाख रुपये सहयोग लिया जाएगा। नगर निगम में एमआईसी और पार्षद से भी सहयोग लिया जाएगा। सभी को 51-51 हजार रुपये सहयोग लिया जाना है इसके अलावा भाजपा युवा मोर्चा के लिए दावेदारी करने वाले पदाधिकारियों को भी सहयोग में बढ़चढकर हिस्सा लेने की सलाह दी गई है। अपने वरिष्ठ नेताओं के इशारे पर दावेदारों ने 51 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक का सहयोग दिया है। कई ने तो इस सहयोग को इंटरनेट मीडिया में प्रसारित किया है ताकि दूसरे भी प्रेरित हों।

## चर्चित हिस्ट्रीशीटर सलमान लाला की भाभी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

# इंदौर के संजय सेतु पर मिली थीं बेसुध अवस्था में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के खजराना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शहर के चर्चित दिवंगत हिस्ट्रीशीटर सलमान लाला की भाभी और शादाब लाला की पत्नी, साईदा (35) की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला संजय सेतु के पास बेसुध अवस्था में पाई गई थी, जिसके बाद अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

शुक्रवार को राहगीरों ने संजय सेतु के पास एक महिला को अचेत अवस्था में पड़े देखा। तत्काल इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने महिला को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण साईदा को बचाया नहीं जा सका। घटना के पीछे के कारणों (आत्महत्या या कोई अन्य साजिश) का पता लगाने के लिए पुलिस मृतका के परिवार और आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर रही है।



### पुलिस की आशंका और जांच

पुलिस के शुरूआती निरीक्षण और घटनास्थल के हालातों को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि महिला ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के सटीक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

### चर्चा में रहा है लाला परिवार

- मृतका साईदा का परिवार पहले भी कई बार सुर्खियों में रहा है। वह चर्चित बदमाश सलमान लाला की भाभी थीं। गौरतलब है कि सलमान लाला की कुछ समय पहले ही पुलिस हिरासत (फरारी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों) में मृत्यु हो गई थी। सलमान पर हत्या के प्रयास, लूट और ड्रग्स जैसे दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज थे। मृतका के पति शादाब लाला भी आपराधिक गतिविधियों और चचाओं का हिस्सा रहे हैं।
- **पुलिस का बयान:** हमने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार से बातचीत की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और वजह रही है।

## परवार समाज का स्नेह सम्मेलन एवं जनगणना निर्देशिका का विमोचन आज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धर्म, समाज,संस्कृति, जीवदया,मानव सेवा एवं संतों के प्रति समर्पित नगर की दिगंबर जैन परवार समाज का स्नेह सम्मेलन एवं जनगणना निर्देशिका परवार दर्पण का विमोचन समारोह श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन परवार समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर के तत्वावधान में 1 मार्च रविवार को दोपहर 1 /30 बजे से दस्तूर गार्डन फूटी कोठी चौराहा इंदौर में होगा। इस अवसर पर समाज के उदार हृदय धर्म सहयोगियों का सम्मान, धार्मिक तंबोला, लकी ड्रा एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि समारोह के अतिथि होंगे मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला कृष्ण मुरारी मोघे, पार्षद राजीव जैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी उदारमना नरेंद्र जैन पप्पा जी ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश जैन लारेल एवं महामंत्री राजू जैन अलबेला ने बताया कि यह सम्मेलन समाज की एकता एवं सामाजिक सौहार्द मैं वृद्धि करने मैं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## महाकाल के दर्शन करने पहुंचे पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, देश की प्रगति के लिए प्रार्थना की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल के निराकार से साकार स्वरूप के दर्शन किए। यहां चांदी द्वार से उन्होंने बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन किया और उसके बाद नंदीजी के कानों में अपनी मनोकामना भी कही।

महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने बताया कि भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर की



प्रातःकालीन भस्म आरती में दर्शन लाभ लिया।

बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद जगदीप धनखड़ ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारतवर्ष में बड़ा सकारात्मक बदलाव आ रहा है और यह बदलाव हमारी हजारों वर्ष पूर्व की मानसिकता को दशार्ता है।

## कार में तोड़फोड़ करने वाले दो आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में कार के कांच फोड़ने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना बुधवार रात भोलेनाथ कॉलोनी में हुई थी, जहां कुछ बदमाशों ने एक कार पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

फरियादी अशोक तंवर के अनुसार, उनकी कार दुकान के बाहर खड़ी थी, तभी देर रात करीब साढ़े 12 बजे कुछ लोग आए और गाड़ी के कांच फोड़ दिए। घटना में आसपास मौजूद





लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले में राजेश दंडोतिया (एडीशनल डीसीपी) ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो आरोपियों की पहचान की गई। इनमें अशुल बाटली, गट्टू और छोटू काले के नाम सामने आए हैं, जिनमें से दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले चाकूबाजी की घटना में आरोपी पक्ष घायल हुआ था, जिसके चलते बदला लेने की नीयत से इस वारदात को अंजाम दिया गया।फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। मामले की आगे की जांच की जा रही है।

# 3 दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का सफल आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत को बढ़ावा देना थीम पर आधारित तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल, आईसीएआर - इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेजिटेबल रिसर्च, माइक्रोबायोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया ने स्पॉन्सर किया और विज्ञान भारती ने इसे कैटलाइज किया ।

कार्यक्रम के प्रथम दिन विशेषज्ञ व्याख्यान डॉ. एम. पी. शर्मा, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, आईसीएआर - एनएसआरआई द्वारा एग्रीकल्चर साइंस में एग्री बिजनेस के मौके विषय पर दिया गया। उन्होंने सोयाबीन क्षेत्र में व्यवसायिक संभावनाओं, सोयाबीन के पोषण एवं आर्थिक महत्व, फसल उत्पादन में प्रमुख चुनौतियों तथा सोयाबीन व्यवसाय के लिए सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं एवं अनुदानों की विस्तृत जानकारी दी।

इसके पश्चात पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, साइंटिफिक रंगोली प्रतियोगिता, आसान विज्ञान प्रयोग प्रतियोगिता, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता तथा भारत में सस्टेनेबल डेवलपमेंटः बेहतर भविष्य के लिए



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जोड़ना विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच एवं रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दूसरे दिन प्रथम विशेषज्ञ व्याख्यान डॉ. इंदीवर प्रसाद,, सीनियर साइंटिस्ट,आईसीएआर-आईवीआरआई, वाराणसी द्वारा जीनोम एडिटिंगः अ न्यू टूल विषय पर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को सरल भाषा में समझाया कि जीनोम एडिटिंग एक आधुनिक जैव-प्रौद्योगिकी तकनीक है, जिसके माध्यम से जीवों के डीएनए में सटीक परिवर्तन कर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सकती है तथा कृषि एवं चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार संभव हैं।

द्वितीय व्याख्यान डॉ. पंकज सागदेओ, प्रोफेसर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंदौर द्वारा साइंटिफिक चैलेंजेस एंड अपॉर्चुनिटीजः विजन एंड मिशन ऑफ क्लीन एंड ग्रीन फ्यूचर विषय पर दिया गया।

### अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करते

बीसीए एवं बीएससी के विद्यार्थियों ने राजा रमन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का शैक्षणिक भ्रमण किया, जहाँ उन्हें उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान एवं आधुनिक तकनीकी उपकरणों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस एवं कंप्यूटर साइंस एवं बायोसाइंस विभागाध्यक्ष डॉ. क्षमा पैठणकर ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन सुश्री श्रुति पुस्तके ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. एकता अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संयोजन डॉ. जयश्री शर्मा एवं डॉ. दिपांती चौरसिया द्वारा किया गया ।

## ढाई सौ से अधिक रिक्त पदों पर दी जायेगी नौकरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए इन्दौर जिले में ह्युवा संगमह्व कार्यक्रम रोजगार मेले लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अगला रोजगार मेला जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा 02 मार्च सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास) 10 पोलोग्राउंड इन्दौर में आयोजित किया जाएगा। उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में युवाओं को करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जाएगा। साथ ही स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रक्रिया एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## न्यूज-कॉलम



## महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रेरक व्याख्यान का आयोजन

**मंडलेश्वर।** सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा त्रैमासिक गतिविधियों के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। महाविद्यालय संचालक बी एम पाटीदार ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करने कि बात कही।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विज्ञान प्राध्यापिका डॉ. प्रीति पाराशर (पी एम बी गुजराती विज्ञान महाविद्यालय इंदौर) ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के युग में वैज्ञानिक सोच ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़े रहने के साथ, हमेशा प्रयोगधर्मी शिक्षा अपनाने, जिज्ञासा बनाए रखने तथा नई तकनीकों को समझने के लिए प्रेरित किया।अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने अपने उद्बोधन में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों, अंतरिक्ष अनुसंधान, डिजिटल तकनीक और स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि युवा शक्ति देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

## शेषशायी आचार्य मन्दिर के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला




**आलीराजपुर।** श्री शेषशायी आचार्य मंदिर, आलीराजपुर के विरुद्ध डॉ. कुंजबिहारी शर्मा निवासी कोटा के द्वारा माननीय न्यायालय आलीराजपुर में वसीयत के आधार पर प्रकरण लगाया गया था, जिसमे वादी डॉ. कुंजबिहारी शर्मा का वाद निरस्त हुआ है। साथ ही दूसरे प्रकरण में बालकृष्ण शर्मा के द्वारा श्री शेषशायी वेंकटेश भगवान आचार्य मंदिर धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास आलीराजपुर के ट्रस्ट के विरुद्ध दावा लगाया था, यह वाद भी निरस्त हुआ है। इस प्रकार दोनों प्रकरणो में माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार श्री शेषशायी वेंकटेश भगवान आचार्य मंदिर की विजय हुई है। इस न्यायिक यात्रा में लगभग 14 वर्ष का समय लगा। इस विस्तृत न्यायिक लड़ाई में एडवोकेट एन. के. बाहेती इन्दौर, एडवोकेट विशाल बाहेती इन्दौर, एडवोकेट उदय वढनेरकर धार, एडवोकेट सौरभ सोनी झाबुआ, एडवोकेट श्रीकान्त बाहेती आलीराजपुर, एडवोकेट मधुर गुप्ता आलीराजपुर एवं मंदिर के सभी भक्तजनों का सहयोग रहा। इस अवसर पर शनिवार शाम को 6 बजे आचार्य मन्दिर प्रांगण में भक्तजनों ने खुशी मनाते हुए भगवान की आरती की व गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया व भक्तजनों ने न्यायालय के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नही।

## प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी ।** प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल 1 मार्च को प्रातः 11 बजे जुलवानिया से आकर मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर, दोपहर 12 बजे जुलवानिया से नागलवाड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12.30 बजे नागलवाड़ी में अधिकारियों की बैठक लेकर दोपहर 1 बजे नागलवाड़ी से बड़वानी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल 2 मार्च को प्रातः 8 बजे बड़वानी से नागलवाड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 9 बजे नागलवाड़ी आगमन एवं मंत्रीपरिषद की बैठक में सम्मिलित होकर सायं 6 बजे जुलवानिया से सारंगपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सीवरेज लाईन खुदाई कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग



**बड़वानी।** बड़वानी में जामरिया रोड राजेन्द्र मार्ग स्थित सीवरेज लाईन की खुदाई में लगे नल तोड़ दिये गये। एक सप्ताह हो जाने के बाद भी नल कनेक्शन सीवरेज द्वारा ठीक नहीं किया गया। क्षेत्र के रहवासी राजमल मारु ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों का ध्यान इस ओर दिलाया था। खुदाई में घटिया मटेरियल डाला जा रहा है। जिससे पाईप फूट रहे हैं। संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान दें।

# आलीराजपुर जिले में भी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

## 14 वर्षीय बालिकाओं को मिलेगी नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुह का कैंसर) की रोकथाम के लिये देश में पहली बार एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी 2026 को अजमेर से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया है।

इसी क्रम में जिले में भी कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम डॉ. सचिन पाटीदार की पुत्री सुश्री अनवी पाटीदार को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। साथ ही सुश्री भूमिका पिता संतोष माली को भी टीकाकृत किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले में जिला चिकित्सालय सहित सिविल अस्पताल जोबट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रशेखर आजाद नगर, कट्ठीवाड़ा, सोंडवा एवं उदयगढ़ में 14 वर्षीय बालिकाओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा।सिविल सर्जन डॉ. प्रकाश ढोके ने बताया कि पूर्व में एचपीवी वैक्सीन निजी संस्थानों में उपलब्ध थी, किंतु अब शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में भी यह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रकाश पटेल ने बताया कि जिले को कुल 5388 एचपीवी वैक्सीन डोज प्राप्त हुई हैं। यह टीकाकरण केवल उन किशोरी बालिकाओं को किया जाएगा, जिन्होंने 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है तथा 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है। अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. सचिन पाटीदार ने बताया कि अभियान के अंतर्गत गार्डासिल-४ का सिंगल डोज लगाया जाएगा। यह वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है और सर्वाइकल कैंसर से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करती है।

स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्षीय बालिकाओं को नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर एचपीवी का निःशुल्क टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान डॉ. देवेंद्र सुनहरे (एम.डी. रेडियोलॉजिस्ट), डॉ. दामिनी पटेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ), सविता भयडिया सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## 3 करोड़ की लागत से दापोरा माँ वाघेश्वरी मंदिर मार्ग निर्माण कार्य प्रारंभ

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) के प्रयासों से ग्राम दापोरा से माँ वाघेश्वरी मंदिर होते हुए ग्राम धामनगांव तक 3 किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़क के निर्माण कार्य का प्रारंभ किया गया।कार्यक्रम की विशेषताएं - लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है निर्माण धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग सड़क निर्माण से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापार के नए अवसर सृजित होंगे विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस का बयान सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, कृषि उन्नति और आर्थिक प्रगति की जीवन रेखा होती हैं ग्रामीण संपर्क मार्गों का सुदृढ़ीकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी उपस्थित थे।

# नीमखेड़ा के उण्डा नाले पर पुलिया निर्माण की मांग

## विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वाह

समीपस्थ आदिवासी बाहुल्य ग्राम नीमखेड़ा के उण्डा नाले पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेषित किया है।

पत्र में कहा गया है कि शासकीय रिजर्व वन विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत काटकूट का ग्राम नीमखेड़ा दुर्गम और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में निवासरत आबादी आवागमन और आजीविका उपार्जन के लिए पूर्णतः उण्डा नाले पर निर्भर है। लेकिन उण्डा नाले पर पुलिया नहीं होने से आदिवासियों को प्रमुख रोजगार के स्त्रोत तेंदूपत्ता संग्रहण और तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र तक आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस कारण यह आदिवासी क्षेत्र आर्थिक रूप से अत्यंत पिछड़ा हुआ है।

वर्षाकाल में उण्डा नाला उफान पर रहता है। इस कारण ऊण्डा नाले से आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। आपात स्थितियों में क्षेत्रवासियों को उफनते नाले को पार करने का जानलेवा जोखिम उठाना पड़ता है।वषार्काल में गर्भवती महिलाओं,बीमारों और वृद्धों को अस्पताल पहुंचाना और विद्यार्थी स्कूलों तक पहुंचना अत्यंत कठिन हो जाता है।

पत्र में बताया गया है कि ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा उण्डा नाले पर पुलिया निर्माण हेतु लगभग 54 लाख रुपये का प्राक्कलन तैयार कर 27 जून 2025 को मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित किया गया था। लेकिन वर्तमान बजट में उण्डा नाले पर पुलिया निर्माण हेतु राशि स्वीकृत नहीं की गई है।विधायक ने मुख्यमंत्री से

# नर्मदा नदी स्थित नये पुल पर डामरीकरण जारी

## सनावद बड़वाह के बीच के त्रासद जाम पर काफी हद तक लगेगा अंकुश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

इंदौर एद लाबाद हाईवे पर निमार्णाधीन इंदौर इच्छापुर फोरलेन के ट्रैफिक एवं जाम के लिए कुख्यात इंदौर खंडवा रोड परबहुप्रतीक्षित सनावद बड़वाह के मध्य नर्मदा नदी पर न ये सिक्स लेन पुल के शनिवार 28 फरवरी से शुरू किए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं।सफल लोड टेस्ट पश्चात डामरीकरण का एवं अन्य आवश्यक कार्य भी जारी हैं।।सनावद विकास संघर्ष समिति संयोजक, समाजसेवी जाकिर हुसैन अमी ने मौके से प्रत्यक्षदर्शी के रूप में बताया कि डामरीकरण पुल समाप्त होने के पश्चात भी थोड़े हिस्से में होना है।।फिनिशिंग के लिए मशीनें रिवर्स आ जा रही हैं।एक हिस्सा ही यातायात के लिए खोला जायेगा जिस पर दोनों और का ट्रैफिक चल सकता है।।उच्चाधिकारी डामरीकरण पश्चात प्रारंभ होने की सीमा तय करेंगे।समिति के डॉक्टर राजेंद्र पलौड़, ओम बंसल,राकेश गहलोत,धीरेन्द्र सिंह सोलंकी,लक्ष्मीकांत राठी,प्रणव व्यास,भूपेंद्र चतुर्वेदी आदि ने बलवाड़ा से धन गांव तक शीघ्र फोरलेन कार्य जनहित एवं जन सुविधा हेतु पूर्ण किए जाने की संबंधित विभागों से मांग की है।

# डॉ.अंबेडकर सामाजिक एकता मंच का 35वां प्रतिमा स्थापना वर्षगांठ समारोह संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर में डॉ आंबेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वाधान में बाबा साहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह लखनऊ उत्तर प्रदेश और भरत भाई परमार गुजरात से शामिल हुए।

कार्यक्रम की विशेषताएं- पंचशील ध्वज और नीले ध्वज का धाजारोहण, डॉ आंबेडकर सामाजिक एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष गौतम इंगले ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक गरिमामय समारोह है

1991 में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी जन्म शताब्दी पर प्रदेश अध्यक्ष माननीय गौतम इंगले जी द्वारा सगरीय चौराहे पर छोटी प्रतिमा स्थापित की गई थी।

कार्यक्रम में उपस्थित- वरिष्ठ सहयोगी कार्यकर्ता सुरेश गोमटें, समाज के अध्यक्ष विनोद बाविस्कर, प्रदेश अध्यक्ष गौतम इंगले, राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि समाजसेवी डॉक्टर विनोद पाटिल, मराठा समाज के अध्यक्ष राजू दामु पाटिल और भी कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थेआगामी योजना- डॉ आंबेडकर सामाजिक एकता मंच के द्वारा आगामी वर्ष में बाबा साहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

# एच पी वेक्सीनेश का समारोह पूर्वक हुआ शुभारम्भ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



ब्रेस्ट कैंसर के बाद महिलाओं मे सबसे ज्यादा मामले बच्चेदानी के कैंसर के होते हैं यह राष्ट्रीय चिंता का विषय हैं।सी एच सी मंडलेश्वर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश पाटीदार ने उक्त बातें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडलेश्वर मे आयोजित एच पी वेक्सीनेश शुभारम्भ समारोह मे कही आपने कहा कि भारत मे कैंसर के जितने भी मामले होते हैं उनमे ब्रेस्ट कैंसर के बाद सबसे अधिक मामले सर्वाइकल कैंसर के ही होते हैं जो लगभग 17 प्रतिशत होते हैं।

इस कैंसर का पता तब चल पाता हैं जब वह चौथी स्टेज पर पहुंच जाता हैं।इसलिए सर्वाइकल कैंसर से बचना ही इसका उपचार हैं।यह वेक्सीन पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं।समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सतीशचंद्र मोयदे थे अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार ने की विशेष अतिथियों मे पार्षद नितिन पाटीदार, भाजपा नेता मनोज शर्मा, हरि गाड़गे, संदीप हिरवे, जया वर्मा शामिल रहे।महिला चिकित्सक डॉ किरण वर्मा मे महिलाओं मे होने वाले इस रोग के लक्षण बताए और अनुरोध किया कि 14 साल तक कि बालिकाओं कों यह वेक्सीन जरूर लगवाना चाहिए।डॉ सुजीत यादव ने कहा की वेक्सीनेशन के बाद महिलाओं मे सर्वाइकल कैंसर का खतरा कम हो जाएगा वेक्सीन लगने के बाद हायजीन का ध्यान जरूर रखें।मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार ने कहा की प्रधान मंत्री की इस योजना का लाभ हर व्यक्ति कों मिलना चाहिए देश की नारी स्वस्थ होंगी तो देश का सर्वांगीण विकास होगा।संचालन गजेंन्द्र सेन ने किया।सी एच सी इचार्ज डॉ विशाल बामनिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की यह वेक्सीनेशन पूर्ण रूप से सुरक्षित होकर इसके कोई साईट इफेक्ट नहीं है।

# सांसद पटेल ने किया राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



जिला चिकित्सालय, बड़वानी में सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय च्ह्यूमन पैपिलोमावायरसज (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ खरगोनबड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से इस देशव्यापी अभियान का शुभारंभ कर बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है। उन्होंने कहा कि १४ वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु यह टीकाकरण अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सांसद श्री पटेल ने कहा कि बेटियाँ हमारे समाज की शक्ति हैं। उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह अभियान न केवल रोग से सुरक्षा प्रदान करेगा, बल्कि समाज में जागरूकता बढ़ाने का भी कार्य करेगा। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी बालिकाओं को इस टीकाकरण अभियान का लाभ अवश्य दिलाएँ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बालिकाओं से संवाद कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी चौहान, पार्षद सचिन चौहान सहित चिकित्सकगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं बालिकाएँ उपस्थित रहीं।

# हकीमी अस्पताल में पति-पत्नी की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

हकीमी अस्पताल में वैष्णवी नागेश चौहान की मौत और उनके पति नागेश चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद हंगामा मच गया है। परिजनों ने अस्पताल संचालक डॉ. मुफज्जल बोहरा और डॉ. रेहाना बोहरा पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

क्या है मामला?- वैष्णवी की मौत के दौरान ऑपरेशन थिएटर में 6-7 लोग मौजूद थे परिजनों का आरोप है कि सिर्फ बोहरा दंपत्ति पर केस क्यों? गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज होने से परिजन नाराज परिजनों का दावा है कि अस्पताल में पहले भी मौत और गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही के आरोप लगे हैं

परिजनों की मांग- हत्या की धाराओं में केस दर्ज करने की मांग पूरे अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग अस्पताल को दोबारा खोलने पर उच्च न्यायालय जाने की चेतावनी महेश सिंह चौहान ने कहा कि गैर इरादतन हत्या की धारा में थाने से ही जमानत संभव है, ऐसे में आरोपियों को कड़ी सजा मिलना मुश्किल है

पुलिस की कार्रवाई- गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग से स्टे मिला है, लेकिन परिजनों को सूचना नहीं मिली पुलिस पर भी अप्रत्यक्ष दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है

शहर में उबाल- दो मौतों के बाद दर्ज हुई एफआईआर ने शहर में बहस छेड़ दी है क्या यह केवल चिकित्सकीय लापरवाही है या उससे बड़ा अपराध? परिजन हत्या की धाराओं में केस दर्ज करने की मांग पर अड़े हैं उधर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की अगली कार्रवाई पर सबकी नजर टिकी है अब सवाल यह है कि न्याय की इस जंग में सच्चाई किसके पक्ष में खड़ी होगी?

# पुलिस ने बकरा चोरी के प्रकरण में आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बड़वानी।** दिनांक 26 फरवरी को थाना जुलवानिया, जिला बड़वानी (म.प्र.) पर फरियादी द्वारा उसका एक सफेद बकरा चोरी होने संबंधी सूचना दी गई। प्राप्त सूचना पर अप.क्रं. 50/2026 धारा 305(1), 331(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री धीरज बब्बर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) राजपुर श्री आयुष अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जुलवानिया निरीक्षक रामकुमार पाटिल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा त्वरित पतारसी कर प्रकरण पंजीबद्ध होने के मात्र 2 घंटे के भीतर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# करंट लगने से हुई मृत्यु के मामले में कलेक्टर से आर्थिक सहायता की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा में बीती 3 मार्च 2025 को करंट लगने से मनोज पिता नरसिंह यादव नि.बघाना की मृत्यु के मामले में जिला कलेक्टर से जनसुनवाई में मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने शासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने जिला कलेक्टर से मांग की कि नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा में नवनिर्मित गोडाउनों की नियमानुसार 12 फीट उंचाई की बजाय 26 फीट हाईट को अनदेखा करने के कारण हुई मेरे भाई की करंट लगने से मृत्यु पश्चात विद्युत मण्डल/शासन से आर्थिक सहायता दिलवाई जाए। मनोज पिता नरसिंह यादव की 3 मार्च 2025 को कृषि उपज मण्डी चंगेरा में गोडाउन क्र.1 आर.एस.ट्रेडिंग के नियोजन में कार्य करते हुए करंट लगने से मृत्यु कारित हो गई थी। विद्युत मण्डल के नियमानुसार 11 केवी इलेक्ट्रिक लाईन के पास 12 फीट से अधिक भवन की उंचाई नहीं होनी चाहिए, जबकि नवीन कृषि उपज मण्डी में बनाए जा रहे गोडाउन क्र. 1 से 22 तक की उंचाई लगभग 26 फीट तक निर्मित की गई, जिस पर कार्य करने के दौरान मेरे भाई मनोज यादव की करंट लगने से मृत्यु हो गई। नियोजक द्वारा न तो उसे सुरक्षा मानक स्तर के उपकरण उपलब्ध कराए गए और न ही सुरक्षा सम्बंधी नियमों का पालन ही किया गया। दूसरी ओर विद्युत मण्डल द्वारा भी तय मानक अनुसार निर्माण कार्य न होने पर निरीक्षण में लापरवाही बरती गई, जिससे मेरे भाई की कार्य के दौरान मृत्यु कारित हो गई। जिसके सदमे में कुछ समय बाद मेरी मां की भी मृत्यु हो गई। मेरा परिवार भाई मनोज यादव एवं मां की असामयिक मृत्यु से आहत है। अभी तक किसी भी तरह की कोई आर्थिक सहायता परिवार को प्राप्त नहीं हुई है। मेहनत मजदूरी करके अपना गुजर बसर करने वाला प्रार्थी काम धंधा छोडकर प्रतिदिन न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा के नवनिर्मित गोडाउन क्र.1 से 22 तक की तकनीकी जांच की जाकर निर्माण एजेंसी और विद्युत मण्डल के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जावे।

## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही जारी



**उज्जैन।** आगामी त्यौहार होली और रमजान को ध्यान में रखते हुए आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है। आज दिनांक 25 फरवरी को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा उज्जैन में सांवरिया किराना एवं जनरल स्टोर मक्सी रोड उज्जैन से शीतल नूडल्स का नमूना, लक्ष्मी किराना स्टोर मक्सी रोड से मेज स्टार (आरारोट) का नमूना, भगवती डेयरी एण्ड स्वीट्स मक्सी रोड उज्जैन से मिल्क केक का नमूना, अनंत इन्टरप्राईजेस घी मण्डी उज्जैन से रवा का नमूना, राजू स्वीट्स तोपखाना उज्जैन से बूंदी के लड्डू का नमूना के नमूनें लिये गये। उपरोक्त सभी नमूनें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये।

खास न्यूज

## आज पुलिस देगी मोबाइल धारकों को होली का उपहार

**उज्जैन।** होली-रंगपंचमी से पहले पुलिस एक बार फिर गुम मोबाइल लौटाने के अभियान में मोबाइल धारकों के चेहरे पर मुस्कान लौटने जा रही है। आज दोपहर 12 बजे एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा 406 मोबाइल धारकों के मोबाइल लौटाये जायेगें, जिन्होने पिछले कुछ माह में अपने मोबाइल गुम होने की शिकायतें पुलिस और आईटी सेल को दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा पिछले कुछ वर्षो से लगातार गुम मोबाइल खोजने का अभियान चलाया जा रहा है।

## लापता बालक को 12 घंटे में पुलिस ने किया दस्तयाब

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम नजरपुर का रहने वाला 13 वर्षीय बालक शुक्रवार सुबह 8 बजे घर से स्कूल जाने के लिये निकला था। जब दोपहर में वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने स्कूल पहुंचकर जानकारी जुटाई। इस दौरान सामने आया कि बालक स्कूल नहीं आया था। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, बालक का पता नहीं चलने पर रात ढाई बजे घट्टिया थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालक को बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले में धारा 137 (2) का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों से जानकारी एकत्रित की गई, मुखबीर तंत्र को अलर्ट कर रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड पर तलाशी अभियान चलाया। 12 घंटे बाद बालक को सकुशल तहसील क्षेत्र से खोज निकाला गया। बालक से पूछताछ करने पर सामने आया कि माता-पिता ने मोबाइल चलाने की बात पर फटकार लगाई थी। जिसके चलते वह नाराज होकर घर से चला गया था। बालक के सकुशल मिलने पर परिवार की आंखों से आंसू फूट पडे। उन्होने थाना प्रभारी करण खोवाल और टीम का आभार माना। पुलिस ने बालक को समझाईश देकर परिजनों के साथ घर रवाना किया।

## अंग्रेजी शराब के साथ हिरासतअ में आया बुजुर्ग

**उज्जैन।** बिरलाग्राम पुलिस ने भ्रमण के दौरान रात में हनुमान डेम के पास से 52 साल के मोती पिता समंदरसिंह शेखावत निवासी गवर्मेंट कालोनी को हिरासत में लिया। उसके पास से थैली में भरे अंग्रेजी शराब के 32 क्वार्टर बरामद हुये। शराब संबंधित दस्तावेजों के बारे में जानकारी लेने पर सामने नहीं आये। शराब अवैध होने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर बुजुर्ग को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि बरामद शराब 5 हजार के लगभग की होना सामने आई है। भ्रमण के दौरान सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी, बुजुर्ग ने भागने का प्रयास भी किया था, लेकिन उम्र के चलते वह भागने में सफल नहीं हो पाया।

## शराब की बोतल फोड़ने से मना करने पर विवाद

**उज्जैन।** देवासरोड प्रेमनगर चंदेसरी में बीती रात सिंहस्थ द्वारा के पास दुकान चलाने वाले सुमित पिता राधेश्याम धौलपुरिया ने अपनी दुकान के पास शराब की बोतल फोड रहे अजय और शिवम को मना किया तो दोनों ने गाली-गलौच करते हुए सुमित के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मामले में नागझिरी पुलिस ने सुमित की शिकायत पर दोनों युवकों के खिलाफ धारा 296 (ए), 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया है।

## जवाहर नगर से बाइक चोरी

**उज्जैन।** मक्सीरोड लोट्स प्लेटिनम कालोनी में रहने वाला प्रकाश पिता बाबूलाल परमार परिचित से मिलने नानाखे?ा स्थित जवाहर नगर गया था। जहां से उसकी बाइक क्रमांक एमपी 13 ईएक्स 5380 अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गये। पुलिस ने मामले में 5 दिन बाद प्रकरण दर्ज किया। बाइक चोरी का एक मामला ब?नगर थाना क्षेत्र की वृंदावन कालोनी विहार से सामने आया। प्रद्युम पिता नारायणसिंह राठौर की बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड झेड 0682 बदमाश घर के बाहर से चोरी कर ले गये। मामले में 8 दिन बाद मामला दर्ज किया गया।

## बकरी भगाने के विवाद में 2 युवकों में चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** बड़नगर के ग्राम सारोला में निहालसिंह पटेल के खेत के पास बकरी भगाने की बात पर अजय पिता बद्रीलाल चंद्रवंशी निवासी ग्राम बंगरेड और श्याम पिता नरेन्द्रसिंह गोयल निवासी ग्राम धतुरिया के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच लात-घूंसे चले और जान से मारने की धमकियां दी गई। मामला थाने पहुंचने पर अजय ने आरोप लगाया कि श्याम गोयल स्कूटी से आया था और उसकी बकरियों को इधर-उधर भगाने लगा था। मना किया तो गाली-गलौच कर मारपीट की।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 148-3 | 689-3 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 380-1 | 117-9 |
| मिलन नाइट | 239-4 | 124 -7 |
| मधुर डे | 450-9 | 134-8 |
| मधुर नाइट | 270-9 | 240-6 |
| शुभांक | 2 5 | 0 |

### मामला प्रेम प्रसंग का, बंगाली कालोनी में फैली सनसनी...

# बैतूल से उज्जैन आये युवक ने खुद को मारी गोली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रेमिका के बात नहीं करने पर बैतूल से उज्जैन आये युवक ने शनिवार शाम खुद को गोली मारकर मौत को गले लगा लिया। घटनाक्रम के बाद बंगाली कालोनी में सनसनी फैल गई। घटनास्थल से पुलिस ने देशी पिस्टल बरामद की है। वहीं मृतक युवक के परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि शाम 6.30 बजे बंगाली कालोनी में रहने वाले विनय गायनी के घर में गोली चलने की खबर मिलते ही सीएसपी दीपिका शिंदे के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मकान के सामने पहले कमरे में युवक मृत अवस्था में पडा था, उसके सीने पर गोली लगी थी। पूछताछ करने पर सामने आया कि युवक बैतूल के सारणी का रहने वाला निखिल आहके है। जो शाम को अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 48 झेड सी 8592 से उज्जैन स्थित बंगाली कालोनी पहुंचा था। मामला प्रेम प्रसंग से जुडा है। उसकी प्रेमिका भी बैतूल के सारणी की रहने वाली है। जिस मकान में उसने खुद को गोली मारी वह उसकी प्रेमिका के जीजा का है। प्रेमिका 3 दिन पहले ही जीजा-बहन के आई थी, और निखिल से बात नहीं कर रही थी। थाना प्रभारी के अनुसार घटनास्थल से देशी पिस्टल बरामद की गई है।



मृतक निखिल के परिजनों को सूचना दी गई है। फिलहाल शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों के आने पर पीएम कराया जायेगा। घटनाक्रम के बाद बंगाली कालोनी में सनसनी फैल गई थी और आसपास के लोग एकत्रित हो गये थे।

### डेढ साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि निखिल और युवती के बीच करीब डेढ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ समय पहले दोनों के बीच विवाद हो गया था। युवती ने निखिल का नम्बर ब्लॉक कर दिया था और बातचीत नहीं कर रही थी। वह अपने बहन-जीजा के यहां उज्जैन बंगाली कालोनी आ गई थी। निखिल का सारणी में युवती दिखाई नहीं दी तो वह जानकारी जुटाकर उज्जैन आ गया।



### इनका कहना

मृतक निखिल बैतूल से बंगाली कालोनी महिला मित्र से मिलने आया था, उसने खुद को गोली मारी है, वह पिस्टल आने साथ लेकर आया था। प्रथमदृष्टता यह बात सामने आई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। मृतक के परिजनों और उसकी महिला मित्र के बयान दर्ज किये जायेगें।

**दीपिका शिंदे, सीएसपी**

### दोनों बहनों को कमरे में किया बंद

पुलिस जांच के दौरान विनय गायनी की पत्नी ने बताया कि घटनाक्रम के समय पति घर पर नहीं थे। उसकी छोटी बहन और वह दोनों अकेले थे। निखिल के आने पर उसने बहन से बातचीत का प्रयास किया और अंदर आ गया। बहन ने उसे जाने के लिये कहा तो दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। निखिल ने हम दोनों बहनों को अंदर कमरे में बंद कर दिया और खुद को गोली मार ली। शोर सुनकर आसपास के लोग आये और उन्होने दरवाजा खोला।

### आयुक्त ने शुरू किया प्रशासनिक सर्जरी का पहला अध्याय ...

# नगर निगम की शाखाओं में करीब दो दर्जन लिपिकों को बदला

**तत्काल प्रभाव से नई शाखाओं में काम संभालने की हिदायत भी दी**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम की शाखाओं में करीब दो दर्जन लिपिकों का बदलाव किया गया है। इन्हें परिवर्तित करते हुए नई शाखाओं में पदस्थ किया गया है। नवागत आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने प्रशासनिक सर्जरी का पहला अध्याय शुरू किया है। आदेश में उन्होंने संबंधित लिपिकों को तत्काल प्रभाव से नई शाखाओं में काम संभालने की हिदायत भी दी है।




निगमायुक्त श्री मिश्रा की ज्वाईनिंग के बाद से ही उन्होंने अब तक निगम मुख्यालय एवं शहर के 6 जोन में प्रशासनिक रूप से मजबूती को लेकर लाट में तबादले नहीं किए थे। निगम मुख्यालय एवं 6 जोन की कार्य व्यवस्था को पूरी तरह से जानकर और उसके अंदर की कमियों को पहचानने के बाद उन्होंने शुक्रवार को प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए सर्जरी का पहला अध्याय शुरू कर दिया है। इस पहले अध्याय में करीब 21 कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। इसे लेकर आयुक्त ने दो आदेश जारी किए हैं।

**ये हुए प्रभावित**-निगम आयुक्त ने अपने आदेश में सूरज गुप्ता, सहायक वर्ग-03 को स्थापना. विभाग, संदीप म्हाले, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक को स्थापना विभाग, श्रीमती अर्पिता वर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक को झोन क्रं. 03 (सम्पत्तिकर), गोवर्धन मालवीय, सहायक राजस्व निरीक्षक को झोन क्रं. 02 (सम्पत्तिकर) आशुतोष पाराशर, सहायक राजस्व निरीक्षक को झोन क्र. 05 (सम्पत्तिकर), जयंत भटनागर, सहायक वर्ग-03 को जनसम्पर्क विभाग, अक्षय देशमुख, सहायक राजस्व निरीक्षक झोन क्र. 04 (सम्पत्तिकर),पिंकेश सिन्हा, सहायक वर्ग-03 को सामान्य प्रशासन विभाग, अंकित शर्मा अस्थाई दैनिक वेतन भोगी को सामान्य प्रशासन विभाग, श्रीमती भावना कल्याणे, अस्थाई दैनिक वेतन भोगी को झोन क्रं. 03 (सम्पत्तिकर) में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार से एक अन्य आदेश में श्रीमती शिवमंगला सिसोदिया, सहायक वर्ग-01 को प्रभारी कार्यालय अधीक्षक, सामान्य प्रशासन विभाग, विजय सिंगारिया, सहायक वर्ग-03 निगम सचिव कार्यालय के पूर्वानुसार कार्य के साथ-साथ प्रभारी कार्यालय अधीक्षक, शिल्पज्ञ विभाग, वीरेंद्र यादव, सहायक वर्ग-03 प्रभारी कार्यालय अधीक्षक, सिंहस्थ प्रकोष्ठ, मनीष खांडेकर, सहायक वर्ग-03 सिंहस्थ प्रकोष्ठ,, कमलेश चावरे, सहायक वर्ग-03 प्रभारी भण्डार शाखा, मुकेश अजमेरी को प्रभारी कार्यालय अधीक्षक झोन क्रमांक-05 ,अरशद खान सहायक वर्ग-03 भवन शाखा झोन क्रमांक 06, शरद चौरसिया प्रभारी लिपिक, शिल्पज्ञ झोन क्रमांक 05, मुकेश मीणा प्रभारी लिपिक सिंहस्थ प्रकोष्ठ,संकेत जुमडे, अस्थाई कर्मचारी को प्रभारी लिपिक प्रधानमंत्री आवास योजना समस्त घटक,रोहित प्रजापत कार्यालय सहायक सिंहस्थ प्रकोष्ठ का दायित्व सौंपा गया है।

**ये हिदायत भी दी-** आदेश में संबंधित कर्मचारी तत्काल नवीन आवंटित कार्यभार ग्रहण करते हुए आगामी 07 दिवस में समस्त रिकॉर्ड नवीन पदस्थ लिपिक को हस्तांतरित करते हुए आयुक्त को सूचित करेंगे। इसके साथ ही आदेश प्रभावित कर्मचारीगण कार्यमुक्त की प्रतीक्षा किये बिना तत्काल अपने नवीन पदस्थापना विभाग / शाखा में उपस्थित होकर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन तथा समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये जाने वाले आदेश / निर्देशों का पालन करेंगे।

## रंजीश में हिस्ट्रीशिटर बदमाश को मारे चाकू

**उज्जैन।** हिस्ट्रीशिटर बदमाश को रंजीश के चलते शनिवार शाम चाकू मार दिये गये। घायल बदमाश को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची, इस दौरान 2 लोगों के नाम सामने आये। जिनकी तलाश शुरू की गई है।

मॉडल स्कूल के पीछे गांधीनगर में रहने वाला नितेश उर्फ काऊ हिस्ट्रीशिटर बदमाश है। शाम को उसने गोपी वाडिया ने दो तालाब दिनदयाल कॉम्पलेक्स के पास बाबा कैफे पर मिलने बुलाया। नितेश जैसे ही पहुंचा गोपी और उसके साथ आये छिंगू बुंदेला ने चाकू से हमला कर दिया। तीन से चार चाकू जांच और पैर पर लगने से नितेश घायल हो गया। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया। चाकूबाजी की खबर मिलते ही नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील, एसआई यादवेन्द्र परिहार टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। जहां घायल नितेश ने गोपी वाडिया और छिंगू बुंदेला पर चाकू मारने का आरोप लगा। एसआई परिहार के अनुसार बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया जा रहा है। वहीं चाकू मारने वालों के नाम सामने आने पर उनकी तलाश शुरू की गई है।

**जमानत पर जेल से रिहा हुआ है नितेश-** बताया जा रहा है कि कुछ माह पहले नितेश ने साथियों के साथ मिलकर नीलगंगा थाने के पास मल्टी में हवाई फायर कर दहशत फैलाई थी और वहां रहने वाले परिवार के साथ मारपीट कर धमकी दी थी। उक्त मामले में पुलिस ने नितेश को साथियों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कुछ दिनों पहले ही नितेश जमानत पर रिहा हुआ है। नितेश गुर्जर गैंग के साथ रहता है। वहीं चाकू मारने वाले विरोध गैंग से जु? हुए है। जिनके बीच टलसबाजी चली आ रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच की चाकूबाजी की सही वजह का पता लगा रही है।

## रिमांड पर ड्रग्स के साथ गिरफ्त में आये 3 बदमाश

**उज्जैन।** एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्त में आये 3 बदमाशों को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से पांच दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। तीनों ने राजस्थान के डग से ड्रग्स लाना कबूल किया है। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि शुक्रवार देर शाम सूचना मिलने पर प्रजापत नगर मल्टी के पास खाली मैदान में खड़े तीन युवको को घेराबंदी कर पकड़ा गया था। जिनके पास से 15 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी।

पूछताछ में युवकों के नाम रोशन पिता सुनील शर्मा 25 साल निवासी शीतल पैलेस मक्सीरोड, अंकित पिता मुकेश साहू 22 साल निवासी महाराणा प्रताप नगर और कृष्णा पिता गंजराज पंवार 20 साल निवासी तिरूपति सॉलिटेयर सामने आये। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। कोर्ट में पेश कर 5 मार्च तक पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में तीनों ने राजस्थान के डग से ड्रग्स लाना कबूल किया है। एक टीम डग भेजी जायेगी, जहां ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले की तलाश कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।

### रोशन पर दर्ज है कई अपराध

एसआई सुरेन्द्र मंडलोई ने बताया कि ड्रग्स के साथ गिरफ्त में आये तीनों युवकों का अपराधिक रिकार्ड पता करने पर सामने आया कि रोशन पर प्राणघातक हमले के 2 मामले दर्ज है। वहीं आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, बलवा और मारपीट में भी रोशन शामिल रहा है। उसके साथी अंकित भी अपराधिक प्रवृति का होना सामने आया है। कृष्णा के अपराधिक रिकार्ड सामने नहीं आये है।

## मंगलनाथ मंदिर 3 मार्च को समस्त प्रकार के पूजन पर प्रतिबंध रहेगा

**उज्जैन।** आगामी 03 मार्च को होने वाले चंद्र ग्रहण के कारण ग्रहण के वेद लगने (स्पर्श) से लेकर ग्रहण समाप्ति तक अर्थात प्रातः 6:47 बजे से संध्या 6:47 बजे तक मंदिर में भात पूजन सहित समस्त प्रकार की पूजा-अर्चना पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। श्री मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक के.के. पाठक ने बताया। साथ ही इस दिन मंदिर के गर्भगृह में किसी भी प्रकार का प्रवेश वर्जित रहेगा। इसके अलावा उसी दिन होली (धुलेंडी तथा रंग पंचमी) के अवसर पर भी माननीय उच्च न्यायालय की गाइडलाइंस के अनुपालन में मंदिर के गर्भगृह एवं संपूर्ण परिसर में केमिकल युक्त गुलाल/रंग से होली खेलना भी पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

## सीने में दर्द उठने के बाद ड्रायवर की मौत

**उज्जैन।** ट्रक में सोडा भरकर उज्जैन आये ड्रायवर की लौटते समय शनिवार दोपहर सीने में दर्द उठने के बाद तबीयत बिगड गई। क्लीनर अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मंदसौर के भानपुरा स्थित ग्राम संधारा का रहने वाला अशोक पिता कालूलाल 35 साल ट्रक ड्रायवर था। शुक्रवार रात वह गुजरात के तारापुर से ट्रक में सोडा भरकर उज्जैन उद्योगपुरी स्थित सर्फ फैक्ट्री आया था। ट्रक खाली करने के बाद वह वापस लौटने के लिये निकले थे। रात में भैरवगढ़ क्षेत्र में मदरसे के पास ठहर गये। शनिवार सुबह उसे मंदसौर के लिये निकलना था, इससे पहले चाय नाश्ता किया, वहीं अशोक ने क्लीनर राजकुमार से कहा कि दोपहर तक चलते है, इस दौरान क्लीनर ने कहा कि अब दोपहर में खाना खाने के बाद ही चलेगें। लेकिन कुछ देर बाद ही अशोक के सीने में दर्द होने लगा। क्लीनर उसे लोगों की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। शाम को मंदसौर से आये परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण श्री रूगनाथ, श्री हाकमसिंह, श्री देवीसिंह, सजनबाई व गुड्डीबाई पिता श्री ऊँकार व जमनाबाई पति श्री जॅकार समस्त जाति बंजारा निवासीगण ग्राम घट्टिया (नाला) तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके शामिल स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 199 रकबा 1.10 हैक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 1.10 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहारं किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 28-02-2026

**अश्विन पलोड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो.99265-32350**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री हर्षवर्धन सचान पिता श्री राजेश सचान, निवासी 24 अथर्व विहार नानाखेडा उज्जैन जिला उज्जैन से इनके स्वामित्व व अधिपत्य का भुखण्ड न. सी 40/19 श्रेणी एमआईजी-2/एम-2 पी-8/90 त्रिवेणी विहार योजना उज्जैन जिला उज्जैन कुल क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर है, जिसकी चतुरसीमा पूर्व दिशा - खुली भूमि, पश्चिम दिशा - 9.00 मीटर सड़क, उत्तर दिशा- भूखंड क्रमांक सी 40/18, दक्षिण दिशा- 9.00 मीटर सड़क को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना की राशि गवाहों के समक्ष अदा कर दी गई है। उक्त भूखंड के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, आदि का किसी प्रकार का ऋण,भार हो अथवा उक्त संपत्ति पर कोई गिरवीनाम, बिक्री, सौदा, दान, अनुरोध मुख्तारनामा हो अथवा उक्त बिक्री संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति को हक, हिस्सा या कब्जा बाबद कोई आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन से 7 दिन की अवधि में मय लेखी प्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त भूखंड का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं संपादन करवा लेंगे। इसके बाद कोई आपत्ति हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

दिनांक 28-02-2026

**ज्ञानेंद्र माथुर , एडवोकेट**
**उज्जैन, 9425093055**

### पश्चिम रेलवे होली स्पेशल ट्रेनें चलाएगा

| ट्रेन सं. | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09103 | वडोदरा - खातीपुरा (साप्ताहिक) | 01.03.2026 से 29.03.2026 तक | 21:35 बजे (रविवार) | 14:10 बजे (अगले दिन) |
| 09104 | खातीपुरा - वडोदरा (साप्ताहिक) | 02.03.2026 से 30.03.2026 तक | 20:55 बजे (सोमवार) | 11:30 बजे (अगले दिन) |

हाल्टः दोनों दिशाओं में गोधरा, दाहोद, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़ और जयपुर स्टेशन।

संरचना: एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 05560 | उधना-रक्सोल (साप्ताहकि ) | 15.03.2026 से 29.03.2026 तक | 15:35 बजे (रविवार) | 00:15 बजे (मंगलवार) |
| 05559 | रक्सोल-उधना (साप्ताहकि ) | 14.03.2026 से 28.03.2026 | 05:30 बजे (शनिवार) | 13:05 बजे (अगले दिन) |

हाल्टः भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज और सिकटा स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचना: फर्स्टएसी, एसी2-टियर, एसी3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच।

टाइमिंग, हॉल्ट और कंपोजिशन के बारे में डिटेल्ड जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नंबर के लिए बुकिंग 09103 खुली है, जबकि ट्रेन नंबर 05560 की बुकिंग 01.03.2026 को सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ऊपर बताई गई ट्रेनें स्पेशल ट्रेन के तौर पर स्पेशल किराए पर चलेंगी।

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
XX.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी रिज़र्व टिकटों के लिए ओरिजिनल ID प्रूफ साथ रखें

# अभिशाप नहीं, शांति का वाहक बने



हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देश में विद्यार्थियों की विज्ञान और लोगों को इसके प्रति रुचि बढ़ाना भी है। ऐसा लगता है कि विज्ञान के क्षेत्र में नए-नए आविष्कारों से दुनिया में शांति गायब हो रही है और कई बार आशंका होती है कि विज्ञान के तेजी से विकास करने के कारण यह मानव जाति के लिए अभिशाप और संहारक बनता जा रहा है।

हमारा देश भी विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सूरज-चांद के बारे में नए-नए अध्ययन करने की ओर अग्रसर हो गया है। हमारे देश के वैज्ञानिक भी अमेरिका, चीन आदि उन दूसरे देशों से कम नहीं हैं, जो तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको सुपर पावर मानते हैं। आज बेशक विज्ञान ने बहुत सी उपलब्धियों के झंडे गाड़े हैं, लेकिन दुनिया से शांति गायब हो रही है। विश्व में शांति तब तक स्थापित नहीं हो सकती, जब तक कि दुनिया के सभी देश अपना स्वार्थ और अपनी युद्ध करने वाले हथियारों से परिपूर्ण होने की ह्यईगोह्न को नहीं छोड़ते। विश्व शांति भंग होने का एक कारण, जो सबसे बड़ा है, वह तो यह है कि वैज्ञानिकों ने बेवजह ही दुनिया को तबाह करने वाले हथियार, परमाणु बम, मिसाइलों का निर्माण कर दिया है। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर इनकी जरूरत ही क्या थी?

इंसान ने विज्ञान के क्षेत्र में बेशक बड़ी तरक्की कर ली है, लेकिन प्राकृतिक आपदाएं ताडंव मचा करके इंसान को यह एहसास दिलाती हैं कि कुदरत के आगे इंसान अब भी बौना है। अतः हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जो कुदरत की लक्ष्मण रेखा से बाहर हो। विज्ञान को अब जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और अन्य उन सभी बातों को ध्यान में रखकर ही काम करना होगा, जो जीवमात्र के लिए हानिकारक न हो।

निस्संदेह, विज्ञान देश की प्रगति और आर्थिक विकास का आधार है। शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से यह नवाचार को निरंतर गति प्रदान करता है। वास्तव में, विज्ञान मानव सभ्यता के उज्ज्वल भविष्य की सुदृढ़ नींव है। हालांकि, विज्ञान का दुरुपयोग होने की भी आशंका को निराधार नहीं कहा जा सकता और ऐसा होने पर यह विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। इसलिए आवश्यक है कि हम वैज्ञानिक सोच अपनाएं और विज्ञान का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए करें। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा देने का अवसर भी है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि विज्ञान मानव जीवन को बेहतर बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है।



**सम्पादकीय**

## बरी हुए केजरीवाल

दिल्ली की एक अदालत ने कथित शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। इससे देश की ख्यात जांच एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के साथ ही, ईडी को भी झटका लगा है, तो दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी में स्वाभाविक ही नए उत्साह का संचार हो गया है। यह तथ्य है, आबकारी नीति से जुड़े इस कथित घोटाले से सर्वाधिक नुकसान आम आदमी पार्टी का हुआ था, जो तब दिल्ली की सत्ता में थी। वैसे, निचली अदालत के इस फैसले के खिलाफ सीबीआई उच्च न्यायालय में अपील करेगी, पर प्रथम दृष्टया, इस सवाल को बल मिला है कि क्या सीबीआई दिल्ली के कुछ आला नेताओं को बगैर मजबूत अभियोजन के कठघरे में खड़ा कर रही थी? अब सीबीआई भले यह शिकायत करे कि निचली अदालत ने तथ्यों को ठीक से नहीं देखा, पर तथ्यों को अदालत में ठीक से पेश करने की जिम्मेदारी क्या सीबीआई की नहीं थी? केवल किसी मामले को उठा देना, सनसनी बनाकर बड़े से बड़े नेता या मुख्यमंत्री, मंत्री को गिरफ्तार कर लेना कहां तक उचित है? क्या किसी नागरिक या नेता पर शिकंजा कसने से पहले ही किसी जांच एजेंसी को अपराध संबंधी तमाम सुबूत नहीं जुटाने चाहिए?

खैर, यह देखने वाली बात होगी कि अब सीबीआई उच्च न्यायालय में अपील करते हुए कैसे नए सुबूत पेश करती है? सीबीआई ही नहीं, देश की सभी जांच एजेंसियों को गौर करना चाहिए कि हर एजेंसी की एक छवि है, जो बिगड़नी नहीं चाहिए। एजेंसियों को अपनी छवि के साथ ही, आम लोगों की गरिमा, जन-प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध लोगों की छवि के प्रति भी सचेत रहना चाहिए। वैसे भी जन-प्रतिनिधियों पर आरोप कम नहीं लगते हैं, पर ऐसे आरोप राजनीतिक प्रवृत्ति के ज्यादा होते हैं। यहां यह ध्यान रखने की बात होगी कि राजनीतिक प्रवृत्ति के आरोपों से प्रेरित होकर हमारी एजेंसियों को कदम नहीं उठाने चाहिए। इससे भी बड़ी बात है, एक बार पुख्ता ढंग से सुबूत जुटा लिए, आरोप लगा दिए, गिरफ्तार कर लिया, तो अपराध साबित कर-के दम लेना चाहिए। इस बहु-चर्चित मामले में अभाव केवल सुबूतों का ही नहीं है, अभियोजन में कई आंतरिक विरोधाभास भी हैं, तभी यह मामला न्यायिक जांच में खरा नहीं उतरा है। निस्संदेह, अदालत के इस फैसले से पूरी आम आदमी पार्टी का मनोबल बढ़ेगा। अरविंद केजरीवाल की बातों पर लोग गौर कर रहे हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा है कि मैं भ्रष्ट नहीं हूं, साबित हो गया है कि केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ईमानदार हैं। संकेत स्पष्ट है, यहां से आम आदमी पार्टी की राजनीति को नया जीवन मिलेगा। जिन राज्यों में चुनाव आसन्न हैं, वहां पार्टी की सक्रियता बढ़ेगी।

(भ्रष्टाचार तो हर जगह है फिर न्यायपालिका ही टारगेट क्यों )

# आठवीं नहीं है भ्रष्टाचार पढ़ाने की सही कक्षा



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया



पानी से आधा भरा हुआ गिलास देखने के दो नजरिए हैं। एक गिलास आधा भरा है और दूसरा गिलास आधा खाली है। निश्चित ही एक नजरिया सकारात्मक है तो दूसरा नकारात्मक है। वस्तुतः गिलास में पानी जितना भरा है उसे दो तरह से देखा जा रहा है और दोनों ही अपनी जगह सही हैं लेकिन जब गिलास को आधा भरा हुआ कहा जाता है तो उसका सही मूल्यांकन होता है जो प्रकट करता है कि देखने वाले ने वस्तुस्थिति को सही समझा और पानी के आयतन पर उसका ध्यान है। जबकि दूसरे नजरिए में पानी को महत्व न देकर खाली स्थान को महत्व दिया गया। उसका ध्यान ग्लास के खालीपन पर है। शिक्षा में इन दोनों आयामों में से सकारात्मक नजरिए को सम्मिलित करना विद्यार्थी के लिए एक नई दृष्टि प्रदान कर सकता है जिसका पाठ्यक्रमों के निर्माण के समय ध्यान रखा जाना आवश्यक है। देश को आजाद हुए 75 साल हो गए लेकिन आज भी हम विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा नहीं दे पाए जो उन्हें राष्ट्रभक्ति और अच्छा नागरिक बनाने में मदद करता। आजादी के शुरूआती दौर में भारत को आजादी कैसे मिली, अंग्रेज कौन थे और आजादी किसने दिलाई आदि को पाठ्यक्रमों में बहुतायत में शामिल किया गया और इतने सालों बाद भी यह सिलसिला जारी है। हालांकि इसमें कोई बुराई नहीं लेकिन यह क्यों जरूरी नहीं समझा गया कि विद्यार्थी नैतिक मूल्यों के महत्व को भी समझें, राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को भी समझें, माता-पिता और रक्त संबंधों तथा रिश्तों और पड़ोस सहित सामाजिक दायित्वों को भी समझें। राष्ट्र को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका क्या हो यह भी जानें, राष्ट्र की रक्षा और समाज की रक्षा में उन्हें किस तरह का आचरण और व्यवहार करना चाहिए जानें। लेकिन यह सब नहीं हुआ। समाचार पढ़कर आश्चर्य हुआ की एनसीईआरटी की आठवीं के सामाजिक विज्ञान के छात्रों के पाठ्यक्रम में न्यायपालिका के भ्रष्टाचार व लंबित मुकदमों के पाठ को जोड़ा गया है। किसी भी पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के दृष्टिकोण को विकसित करना है। लेकिन जो बच्चे आठवीं में हैं उनकी उम्र मात्र 14 वर्ष होती है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार व लंबित मुकदमों के बारे में उन्हें बताने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई समझ से परे है। क्या शासन प्रशासन के अन्य अभिकरणों में भ्रष्टाचार व्याप्त नहीं है? क्या केवल भारत की न्यायपालिका में ही भ्रष्टाचार है जिसे लक्षित कर राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नीचा दिखाने की जरूरत महसूस हुई।मान भी लिया जाए कि न्यायपालिका में भी कई खामियां हैं तो क्या अन्य में कोई खामियां नहीं। सच्चाई तो यह है कि देश जब से आजाद हुआ गरीब जनता को भेड़ समझा गया। हर सक्षम और रसूखदार ने उसके ऊपर का ऊन उतारने में कोई कोताही नहीं बरती। 60 साल तक राग अलापा गया कि गरीबी है और उसका उन्मूलन अमुक की सरकार करेगी लेकिन गरीब और गरीब होता गया और अमीर और अमीर हो गए। राजनीति के क्षेत्र में तो ऐसे सैकड़ो उदाहरण है जो गरीब से अरबपति हो गए। तो क्या उन्होंने सदाचार करके संपत्ति बनाई। नहीं ना। उन्होंने भी भ्रष्टाचार किया जब तो अरबपति बने। जो भी हो भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जाना चाहिए लेकिन किन्हें और किस कक्षा को पढ़ाना चाहिए इस पर भी तो विचार करना चाहिए था। एनसीईआरटी ने यह निर्णय क्यों किया कि आठवीं के विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार पढ़ाया जाए और वह भी केवल न्यायपालिका में होने वाले भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों के बारे में ही तो एक ईमानदार पीढ़ी का निर्माण हो सकता है! आश्चर्य है विद्वानों ने इस पर विचार क्यों नहीं किया की बाल मनोविज्ञान के अनुसार बच्चों को प्रेम क्या होता है यह सिखाना सकारात्मक है जबकि द्वेष, ईर्ष्या और नफरत तथा सामाजिक विद्रूपताओं की कहानी सुनाना या पढ़ाना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। 14 साल की उम्र किशोरावस्था की उम्र होती है। इस उम्र में बच्चा गलत की तरफ ज्यादा आकर्षित होता है। उसे सही सन्मार्ग दिखाने में शिक्षकों और पाठ्यक्रमों की बड़ी भूमिका होती है। इसे वर्तमान पीढ़ी का दुर्भाग्य ही माना जाए कि पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा, सामाजिक मूल्य, राम और कृष्ण, बुद्ध और महावीर के चरित्रों और गीता, रामायण और गुरुवाणी जैसे ग्रंथों को पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया गया। उन्हें यदि भारतीय ग्रंथों को पढ़ाया जाता तो ऐसी पीढ़ी का निर्माण हो सकता था जो राष्ट्र के लिए उपयोगी होती। गीता और भारतीय अन्य लोकहितकारी ग्रंथों को पढ़ाने का काम विदेशों में हो रहा है किंतु भारत में नहीं इससे बड़ा आश्चर्य और क्या हो सकता है। कोई शक नहीं कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में भ्रष्टाचार पर न केवल बहस होना चाहिए बल्कि पाठ्यक्रम में उसे शामिल भी किया जाना चाहिए लेकिन इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि ऐसे विषय को किस उम्र और किस दर्जे के विद्यार्थियों को पढ़ाया जाए इसका सही तथ्यात्मक आकलन हो। और यह भी की केवल न्यायपालिका को ही लक्ष्य क्यों किया जाए कार्यपालिका और विधायिका और अन्य क्षेत्रों में भरे पड़े भ्रष्टाचार को भी तो लक्षित किया जाना चाहिए। जहां तक शारीरिक विकास की बात है तो किशोरावस्था के बाद युवावस्था का पदार्पण होता है तब विद्यार्थी का मानसिक विकास समझदारी के स्तर पर पहुंच जाता है। ऐसे में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में हर उस क्षेत्र के भ्रष्टाचार को शामिल किया जाए जिसने देश के नागरिकों को लूटने का काम किया है। किशोर बच्चों के मन को दूषित करना किसी अपराध से कम नहीं है

## बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना

कहावत है– बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना, पर यहाँ तो अब्दुल्ला ने बाकायदा 'को-ऑर्ड' सेट पहना है और रील बनाने के लिए दीवाना हुआ जा रहा है। हमारे पंच महाराज, जो कल तक मोहल्ले के नुक्कड़ पर बैठकर दुनिया को 'डिप्रेशन' का सर्टिफिकेट बाँटते थे, आज न जाने कौन सा 'फोमो' जाग उठा कि अपना पुराना डार्क सर्कल वाला चेहरा चमकाकर मेले में निकल पड़े। मेला क्या था, बस 'दिखावे का एक कबाड़खाना' था, जहाँ हर कोई अपनी गरीबी को फिल्टर के पीछे छिपाकर खुद को 'मेन कैरेक्टर' समझ रहा था।

एक तरफ देखिए– हटो-बचो-साइड दो, हुड़दंग मचाती एक टोली आ रही है। ये हैं हमारे 'इन्फ्लुएंसर' महाराज। बदन पर कपड़े इतने कम कि रफू कराने को मांस भी न मिले, और गालों पर 'हाइलाइटर' ऐसा कि सूरज भी शर्म से बादलों में मुँह छिपा ले। हाथ में जिम्बल पकड़े ऐसे मटक रहे हैं जैसे इंद्र की सभा में अप्सराओं का डेटा पैक खत्म हो गया हो और सारा दारोमदार इन्हीं की कमर पर हो। ओ भाई! जरा एंगल देख के,–कोचवान तो अब रहा नहीं, अब तो ओला-उबर के ड्राइवर को डाँट रहे हैं, ब्लॉग खराब हो गया तो रेंट नहीं मिलेगा। ये राय दुर्लभचन्द के पोते नहीं, बल्कि 'क्रिएटर इकोनॉमी' के नए दामाद हैं। मुँह कुकरै काटा नहीं, बल्कि 'बोटॉक्स' ने ऐसा सिकोड़ा है कि विधाता भी पहचान पत्र माँगे तो ये अपनी 'ब्लू टिक' वाली प्रोफाइल दिखा दें। ब्रह्मा जी भी सोच रहे होंगे कि इसे बनाते वक्त उन्होंने 'लुक एंड लाफ' वाला ऐप डाउनलोड कर लिया था या बस कीबोर्ड पर कोहनी लग गई थी।

तभी बगल से एक और नमूना गुजरा– 'रियासत की गठरी' तो दादाजी बेच खाए, अब ये 'नेपो-बेबी' अपनी 'एंग्जायटी' का बोझ ढो रहे हैं। चेहरा पीला, जैसे हल्दी के ड्रम में डुबकी लगाकर आए हों, पर एटीट्यूड ऐसा कि जैसे पूरी दुनिया इनके 'पिंपल्स' की ऋणी हो। नशे और रात भर की 'गेमिंग' ने आँखों के नीचे वो खाइयां खोद दी हैं कि उनमें पूरा मोहल्ला डूब मरे। साथ में एक और कुन्दे-नातराश हैं– इनके पूर्वजों ने कभी किताब को हाथ लगाया होता तो शायद आज ये 'सिग्मा मेल' बनने के चक्कर में अल्फाबेट न भूल जाते। ये कहते हैं, पढ़ाई-लिखाई तो स्कैम है भाई, सारा ज्ञान तो पॉडकास्ट में है। इनके लिए 'बीफ' और 'व्हिस्की' ही मॉर्डन होने का लाइसेंस है। घर में भले ही चूल्हा 'ईएमआई' पर जल रहा हो, पर बाहर ये 'मिस्टर जान बुल' बनकर ऐसी अंग्रेजी झाड़ते हैं कि शेक्सपियर भी अपनी कब्र में 'डिक्शनरी' ढूंढने लगे।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 01 मार्च 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:53 सूर्यास्त 18:27
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - त्रयोदशी 19:09 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - पुष्य 08:34 उपरांत अश्लेषा
योग - शोभन 14:33 उपरांत अतिगंड
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 11 तारिख

**मेष-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा की योजना बनेगी।

**वृषभ-** आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा।

**मिथुन-** दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें।

**कर्क-** अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। तनाव रहेंगे।

**सिंह-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा।

**कन्या-** यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा।

**तुला-** घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**वृश्चिक-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**धनु-** नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**मकर-** कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है।

**मीन-** घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे।

–पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## सक्षम या असंवेदनशील? बढ़ती एक चिंताजनक प्रवृत्ति



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

नगर में इन दिनों एक विचित्र स्थिति देखने को मिल रही है, जहाँ आर्थिक रूप से सक्षम लोग अनजाने में ही समाज के लिए असुविधा और परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। साधनों की उपलब्धता ने जहाँ जीवन को आसान बनाया है, वहीं कुछ लोगों के व्यवहार ने सामाजिक संतुलन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

शादी-विवाह और अन्य खुशियों के अवसर पर देर रात तक तेज ध्वनि में डीजे बजाना अब आम बात हो गई है। खुशी मनाना हर व्यक्ति का अधिकार है, लेकिन जब यह खुशी दूसरों की परेशानी का कारण बनने लगे, तो उस पर विचार करना आवश्यक हो जाता है। नगर के कई मोहल्लों में देर रात तक गूंजते तेज गानों से बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों और विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

विशेष रूप से इस समय जब बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में ध्वनि प्रदूषण विद्यार्थियों की एकाग्रता को प्रभावित कर रहा है। यह केवल शोर नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ जैसा है। इसी प्रकार, नगर की सड़कों और गलियों में तेज रफ्तार से बाइक चलाने की प्रवृत्ति भी बढ़ती जा रही है। अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को महंगे वाहन तो उपलब्ध करा दिए जाते हैं, लेकिन यातायात नियमों और जिम्मेदारी का बोध नहीं कराया जाता। नतीजतन, आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा, बिना अनुमति सड़कों पर जुलूस निकालना, सार्वजनिक स्थानों पर तेज ध्वनि में संगीत बजाना और पटाखों का अत्यधिक उपयोग–ये सभी गतिविधियाँ आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही हैं। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या ऐसे लोगों को मूर्ख कहा जाए? दरअसल, यह केवल अज्ञानता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता की कमी है। सच्ची सक्षमता वही है, जहाँ व्यक्ति अपनी खुशियों के साथ-साथ दूसरों की सुविधा और अधिकारों का भी सम्मान करे।

नगर के नागरिकों और जिम्मेदार लोगों से अपेक्षा है कि वे इस दिशा में गंभीरता से विचार करें और ऐसा वातावरण बनाने में सहयोग करें, जहाँ उत्सव भी हों और व्यवस्था भी बनी रहे।

### फागुन

पहाडों पर टेसू ने रंग बिखेरे फागुन में
हर कदम पर बज रहे ढोल फागुन में
ढोल की थाप पे थिरकते पैर फागुन में
महुआ लगे झुमने गीत सुनाये फागुन में।
बिन पानी खिल जाते टेसू फागुन में
पानी संग मिल रंग लाते टेसू फागुन में
रंगों के खेल हो जाते शुरु फागुन में
दुश्मनी छोड़ दोस्ती के मेल होते फागुन में।
शरमाते जाते है सब मौसम फागुन में
मांग ले जाते प्रेमी कुछ प्यार फागुन में
हर चेहरे पर आ जाती खुशहाली फागुन में
भगोरिया के नृत्य लुभा जाते फागुन में।
बांसुरी ,घुंघरू के संग गीत सुनती फागुन में
ताड़ों के पेड़ों से बन जाते रिश्ते फागुन में
शक्कर के हार -कंगन बन जाते मेहमां फागुन में
पहाड़ों की सचाई हमसे होती रुबरू फागुन में।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

# हर समस्या का हल : खेद प्रकट कीजिए



डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय
(दैनिक अवन्तिका)

बहुत दिनों से सरकार हमें हमारी हर समस्या का हल बता रही है, पर हमारी समझ में अब आया। सरकार अपनी हर छोटी-बड़ी गलती पर खेद प्रकट करके मुक्त हो जाती है। इससे हमें सबक सीखना चाहिए कि जब भी हमसे कोई गलती हो, या हम जानबूझकर उस काम को न करना चाहें, तो तुरंत खेद प्रकट कर दें। इससे हम और सामने वाला दोनों मुक्त हो जाएंगे।

जब कभी भी कॉलोनी में बिजली का संकट होता है, तब स्थानीय विद्युत विभाग की ओर से एक सूचना आ जाती है कि अपरिहार्य कारणों से अमुक दिनांक को अमुक से अमुक बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। रहवासियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है। इससे विद्युत विभाग और रहवासी दोनों प्रसन्न रहते हैं। रहवासी जैसे-तैसे अपनी प्रकाश व्यवस्था कर ही लेते हैं। इसी प्रकार जलप्रदाय विभाग सूचना भेज देता है कि पाइप फूट जाने, टंकी की सफाई होने या कर्मचारियों के हड़ताल पर होने की वजह से अमुक क्षेत्र में अमुक तारीख को जलप्रदाय नहीं किया जाएगा। साथ में लिखता है कि नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है। इससे हम सभी को सबक लेना चाहिए, क्योंकि जब सरकार आपूर्ति न कर पाने पर खेद प्रकट करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है तो हम तो सामान्य नागरिक हैं, खेद प्रकट करते रहें और अपनी अकर्मण्यता छुपाते रहें।

- बिना टिकट रेल में पकड़े जाने पर खेद प्रकट करें।
- किसी भी प्रकार का कर भरने में असमर्थता जताएं और खेद प्रकट कर दें।
- दूध वाला जब भी तगादा करे, तो उससे कहें कि अपरिहार्य कारणों से मेरे बेटे ने इस माह पैसा नहीं भेजा। अतः हम आपका भुगतान करने में असमर्थ हैं, आपको हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।
- अस्पताल में इलाज कराने के बाद बिल भुगतान के समय असमर्थता प्रकट करते हुए खेद व्यक्त कर दें।
- किसी के विवाह में अवश्य जाएं, भरपेट भोजन करें और लिफाफे में एक खेदयुक्त पर्ची रख दें। सामने वाला समझ जाएगा।
- शॉपिंग मॉल में जाएं, खूब सामान खरीदें, उसका बिल बनवाएं और भुगतान के समय असमर्थता व्यक्त करें और खेद प्रकट करके बाहर आ जाएं ।
- चुनाव में लाव-लश्कर के साथ प्रचार करें। मतदाता यदि पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों के विषय में पूछें, तो आप बिना समय गंवाए खेद प्रकट करके आगे बढ़ जाएं। तय मानिए आपकी ही विजय होगी।

चोरी, उठाईगिरी, रिश्वत, मिलावट, भ्रष्टाचार, लड़ाई-झगड़ा कुछ भी करें, बस आपको खेद प्रकट करने की कला आनी चाहिए। आप सब दूर से बरी हो जाएंगे। कभी यदि कोई ज्यादा पीछे पड़ जाए तो सरकारी उदाहरण उसके सामने पेश कर दीजिए, जिसमें प्रशासन खेद प्रकट करके मुक्त हो जाता है। महीने में भले 10 दिन नल में पानी नहीं आए अथवा मटमैला पानी आए, तब भी बिल पूरा भरना पड़ता है। तो बंधुओ! जैसे सरकार खेद प्रकट करके मुक्ति पा लेती है, वैसे ही आप भी बिल भुगतान के समय खेद प्रकट करके मुक्ति प्राप्त करें। सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे होने पर सरकार **असुविधा के लिए खेद है** का बोर्ड लगा देती है तो आप भी पथ कर देने के अवसर पर अपनी असमर्थता और खेद व्यक्त कर दें। विश्वास है कि सरकार तुरंत मान जाएगी। आपने मेरे इस लेख को पढ़ा। अगर कहीं आपको बुरा लगा हो, तो इसके लिए मैं खेद प्रकट करता हूं। धन्यवाद।

**धर्म–आस्था**

# कौन-सा धर्म हमें क्या सिखाता है? – विविध राहें, एक ही संदेशः इंसानियत



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

आज के वैश्विक और तीव्र गति से बदलते दौर में धर्म को लेकर चर्चाएं अक्सर विवाद का रूप ले लेती हैं। सोशल मीडिया से लेकर सार्वजनिक मंचों तक, धर्म की पहचान कई बार मतभेदों से जुड़ जाती है। लेकिन यदि हम शोर से थोड़ा हटकर धर्मों की मूल शिक्षाओं को समझने का प्रयास करें, तो एक बेहद सकारात्मक और प्रेरक तस्वीर सामने आती है। अलग-अलग परंपराओं, मान्यताओं और रीति-रिवाजों के बावजूद लगभग हर धर्म मनुष्य को बेहतर इंसान बनने की ही सीख देता है।

धर्म का वास्तविक उद्देश्य केवल पूजा-पाठ या बाहरी अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है। उसका मूल लक्ष्य मनुष्य के भीतर नैतिकता, करुणा, संयम और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करना है। यही कारण है कि जब हम विभिन्न धर्मों के मूल संदेशों पर नजर डालते हैं, तो उनमें अद्भुत समानता दिखाई देती है।

हिंदू धर्मः कर्म ही जीवन का आधार

हिंदू धर्म का एक अत्यंत प्रसिद्ध और गहरा संदेश है– कर्म करो, फल की चिंता मत करो। यह सिद्धांत मनुष्य को कर्मशील और धैर्यवान बनने की प्रेरणा देता है। जीवन में कई बार परिस्थितियाँ हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, लेकिन कर्म हमारे हाथ में होता है। यह शिक्षा व्यक्ति को परिणाम के भय या लालच से मुक्त होकर ईमानदारी से काम करने की प्रेरणा देती है।

आज के प्रतिस्पर्धी वातावरण में यह विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है। जब लोग तुरंत सफलता चाहते हैं, तब यह सिद्धांत सिखाता है कि निरंतर प्रयास ही स्थायी उपलब्धि का मार्ग है। मानसिक संतुलन, धैर्य और कर्तव्यनिष्ठा– यही हिंदू दर्शन की बड़ी देन है।

इस्लामः नीयत की पाकीजगी सबसे बड़ी इबादत

इस्लाम का मूल संदेश है– नीयत साफ रखो। इस धर्म में दिल की सच्चाई को अत्यधिक महत्व दिया गया है। माना जाता है कि यदि नीयत नेक है, तो साधारण कर्म भी इबादत बन जाता है।

यह शिक्षा हमें आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है। कई बार समाज बाहरी दिखावे से प्रभावित हो जाता है, लेकिन इस्लाम की शिक्षा याद दिलाती है कि असली मूल्य हमारे इरादों का है। इंसानियत, ईमानदारी और न्यायप्रियता– ये गुण इस्लामी शिक्षाओं के केंद्र में हैं।

आज जब भरोसे का संकट बढ़ रहा है, तब साफ नीयत और पारदर्शिता का यह संदेश सामाजिक विश्वास को मजबूत करने में बेहद उपयोगी साबित हो सकता है।

सिख धर्मः सेवा ही सर्वोच्च शक्ति

सिख धर्म की पहचान ही सेवा भावना से जुड़ी है। सबकी सेवा करो– यह केवल उपदेश नहीं, बल्कि जीवंत परंपरा है। गुरुद्वारों में चलने वाली लंगर व्यवस्था इसका सबसे सशक्त उदाहरण है, जहाँ बिना किसी भेदभाव के सभी को समान रूप से भोजन कराया जाता है। यह शिक्षा हमें बताती है कि असली महानता दूसरों को ऊपर उठाने में है, न कि केवल स्वयं आगे बढ़ने में। सेवा का भाव सामाजिक समरसता को मजबूत करता है और अहंकार को कम करता है।

आज की युवा पीढ़ी, जो करियर और प्रतिस्पर्धा के दबाव में है, उसके लिए यह संदेश विशेष महत्व रखता है– सफलता के साथ संवेदनशीलता भी जरूरी है।

ईसाई धर्मः क्षमा में छिपी है आत्मिक शक्ति

ईसाई धर्म का केंद्रीय संदेश है– क्षमा करना सीखो। क्षमा केवल दूसरे को राहत देने का माध्यम नहीं, बल्कि स्वयं को मुक्त करने की प्रक्रिया भी है। जब व्यक्ति क्षमा करता है, तो वह अपने भीतर के क्रोध और बोझ को हल्का कर देता है।

समाज में बढ़ती कटुता और रिश्तों में आती दूरी के बीच यह शिक्षा बेहद प्रासंगिक हो जाती है। क्षमा संवाद के दरवाजे खोलती है और संबंधों को टूटने से बचाती है। ईसाई दर्शन हमें करुणा, प्रेम और सहिष्णुता के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है– और यही आधुनिक समाज की बड़ी जरूरत भी है।

बौद्ध धर्मः मन पर विजय ही सबसे बड़ी जीत

बौद्ध धर्म का मूल विचार आत्म-नियंत्रण और सजगता है। खुद को जीत लो– भगवान बुद्ध की यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। आधुनिक जीवनशैली में बाहरी उपलब्धियाँ बढ़ी हैं, लेकिन मानसिक शांति कम होती दिखाई देती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1812-2800 चना काबली- 3100-9001, चना बड़ा- 4420-5071, रायड़ा- 5100-5901, बलटा- 1704-3938, सोयाबीन- 1401-5801, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,58,300, रवा- 1,58,800 चांदी- टंच- 2,63,000 पाट- 2,62,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

# डीआईजी ने ली कानून-व्यवस्था समीक्षा बैठक होली और रमजान पर्व के लिए दिए दिशा-निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में आगामी होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से नवनीत भसीन ने देवास में कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक जिला कंट्रोल रूम सभागृह में आयोजित हुई, जिसमें त्योहारों के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में एसपी देवास, एडिशनल एसपी, सीएसपी सहित सभी शहरी थाना प्रभारी उपस्थित रहे, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, थाना एवं चौकी प्रभारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

डीआईजी ने त्योहारों के दौरान जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश देते हुए असामाजिक और अफवाह फैलाने वाले तत्वों की पूर्व पहचान कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष गश्त, फ्लैग मार्च और ड्रोन निगरानी के निर्देश दिए गए। प्रमुख चौराहों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी मॉनिटरिंग तथा अस्थायी अतिरिक्त कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि कंट्रोल रूम से 24 घंटे लाइव निगरानी की जा सके।

पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए होलिका दहन स्थलों पर पानी या रेत की व्यवस्था रखने तथा बड़े आयोजनों में फायर ब्रिगेड अनिवार्य रूप से तैनात रखने को कहा। विवादित स्थलों, यातायात बाधित करने वाले स्थानों या विद्युत तारों के नीचे होलिका दहन न करने की सलाह दी गई। राहगीरों को जबरन रंग न लगाने और प्राकृतिक/हर्बल रंगों के उपयोग का आग्रह किया गया।

साथ ही होटल एवं ढाबों को रात्रि 10 बजे तक बंद रखने के निर्देश दिए गए। नशे की हालत में वाहन चलाने पर वाहन जब्ती और न्यायालयीन कार्रवाई की चेतावनी दी गई। रमजान के दौरान नमाज़ियों को किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसके लिए मस्जिद मार्गों पर संयम बनाए रखने की अपील की गई।

जुलूस एवं धार्मिक कार्यक्रम निर्धारित मार्ग और समय सीमा में ही आयोजित करने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नियमानुसार करने के निर्देश दिए गए।



सी.वी. रमन की डॉक्यूमेंट्री से छात्रों को किया प्रेरित

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया

**शुजालपुर।** सर सी.वी. रमन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शासकीय महाविद्यालय, शुजालपुर में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को सर सी.वी. रमन के जीवन एवं उनके वैज्ञानिक योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के नवीन शोध एवं खोजों से परिचित कर उन्हें अनुसंधान के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक रंगोली बनाकर विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों और अवधारणाओं को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर एवं बैनर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी रही। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पीएम उषा प्रभारी डॉ.बी.के. त्यागी ने सर सी.वी.रमन के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके अनुसंधान एवं रमन प्रभाव की जानकारी दी। कार्यक्रम समन्वयक विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र डॉ.मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की विभिन्न गतिविधियों में अब तक 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं शोध कार्यों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के प्रायोजन से आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान, कला एवं कंप्यूटर संकाय के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पत्रकार कॉलोनी के सामने बजरंगगढ़ बायपास रोड पर छात्र के ऊपर चढ़ा ट्रक



**गुना।** गुना शहर में एक बार फिर बड़ा सडक हादसा हुआ है। जिसमें प्रशासनिक सिस्टम की घोर लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा है कि छात्र अपना बैग लेकर एक्टिवा से घर जा रहा था। इस दौरान पत्रकार कॉलोनी के सामने बजरंगगढ़ बायपास रोड पर एक ट्रक चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए छात्र के ऊपर चढ़ा दिया और छात्र को काफी दूर तक घसीटते हुए चला गया। घटना की सूचना मिलते ही कॉलोनी वासियों ने जाम लगाया है और सख्त कार्यवाही की मांग की है। उल्लेखनीय है कि मीडिया द्वारा वहां हर रोज कान्हा धर्मकांटे द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था अवरूद्ध के बारे में कलेक्टर और एसपी को व्हाट्सअप के जरिए 20 जनवरी 2026 को अवगत कराया था। इसके बावजूद भी समय रहते जिम्मेदार अवसरों ने कोई कार्यवाही नही की। इसका नतीजा ये हुआ कि आज एक छात्र के ऊपर ट्रक चढ़ गया। घटना में हताहत छात्र का नाम रौनक बताया जा रहा है। यह बेहद दुखद और हृदय विदारक घटना है जो प्रशासनिक सिस्टम की उदासीनता के चलते हुआ है। मीडिया द्वारा बताया गया था कि बीजी रोड वायपास पर हर रोज कान्हा धर्मकांटा के चलते ट्रैफिक व्यवस्था अवरूद्ध रहती है। घंटों लोगों को जाम और धूल का सामना करना पड़ता है। इसके ठीक सामने नगरपालिका का ऑडोटोरियम बन रहा है, इसके अलावा हाल ही में एसडीएम और तहसील कार्यालय शिफ्ट हुए हैं। ऐसी स्थिति में यह वायपास महत्वपूर्ण हो गया है। कृपाया कान्हा धर्म कांटे संचालक पर कार्यवाही करें जिससे ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन हो सके।

## अंबेडकर जयंती की तैयारी बैठक अजाक्स कार्यालय पर आज



**गुना।** भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती की तैयारियों के सिलसिले में 1 मार्च दोपहर 2 बजे अजाक्स कार्यालय पर एक बैठक रखी गई है। इस संबंध में अजाक्स संघ जिला अध्यक्ष रमेश अहिरवार द्वारा बताया गया कि विश्व रत्न बोधिसत्व, विधिवेत्ता, सिंबल औफ नॉलेज, भारतीय संविधान के रचयिता भारतवर्ष के मसीहा परम पूज्य डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की 135वीं जयंती मनाने के लिए अजाक्स कार्यालय पर बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं बाबा साहब के समस्त अनुयायियों की जयंती मनाने हेतु एक कोर कमेटी का गठन किया जाएगा। बैठक में गत वर्ष मनाई गई जयंती की समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित रहने हेतु गुना में निवासरत समस्त अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारी कर्मचारीयों एवं सामाजिक गणमान्य नागरिकों एवं बाबा साहब के अनुयायियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की जयंती समारोह कोर कमेटी ने अपील की है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

प्रभात फेरी, योग व बौद्धिक सत्र के साथ शिविर संपन्न

## ग्राम कमलिया में एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर




जेएनएस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन ग्राम कमलिया में विविध गतिविधियां उत्साहपूर्वक आयोजित की गईं। इस दौरान प्रातः स्वयंसेवकों ने ग्राम कमलिया में प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में एनएसएस गीत एवं भजनों के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वच्छता, सेवा और जागरूकता का संदेश दिया गया।

### योगाभ्यास व श्रमदान

प्रभात फेरी के पश्चात शिविर प्रांगण में योग सत्र आयोजित हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने नियमित अभ्यास किया। परियोजना कार्य अंतर्गत शिविर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ.सफ ाई कर श्रमदान किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ.नरेंद्र परमार, शिशु रोग विशेषज्ञ ने युवाओं को नेतृत्व, अनुशासन एवं समाजसेवा के प्रति प्रेरित किया। विशेष अतिथि नायब तहसीलदार बी.एल. चौहान ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं नागरिक दायित्वों की जानकारी दी। हरिओम जौहर ने राष्ट्रीय स्तर के शिविरों के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि समर्पित सेवा से ही राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है। डॉ.संजय कुमार प्रजापति ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को समाजसेवा और ग्राम विकास से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन किरण पूरबिया ने किया। अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया। शिविर में सभी गतिविधियां सफलतापूर्वक संपन्न हुईं, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साह, अनुशासन एवं सेवा भावना का परिचय दिया।

## हिन्दुओं को फाग उत्सव पर जोड़ने फाग यात्रा 8 को

**देवास।** सामाजिक समरसता मंच, देवास द्वारा 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर प्रातः 10.30 बजे श्री राधा-कृष्ण फाग यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा अवधपुरी की पावन होली, कान्हा की आई टोली विषय पर आधारित होगी, जिसका उद्देश्य हिंदू समाज में फाग उत्सव की आनंद, उत्साह और समरसता की परंपरा को आगे बढ़ाना है। इस आयोजन की विस्तृत जानकारी देने के लिए वरिष्ठ नागरिक संस्था सभागृह में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें अमरदेव सिंह ठाकुर, आर. पी. मिश्रा, सोनू पंजाबी और अशोक गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। आयोजकों ने बताया कि फाग उत्सव हमारी सनातन संस्कृति की एक गौरवशाली परंपरा है। यह सतयुग से आराधना और उपासना के भाव के साथ निरंतर प्रवाहित होती आ रही है, जो समाज को एकता, सद्भाव और समरसता के रंगों से जोड़ती है। फाग यात्रा महाराणा प्रताप, चित्तौड़गढ़ (जवाहर चौक) से प्रारंभ होगी और संत शिरोमणि रविदास कुटी, काशी धाम (सयाजी द्वार) तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु श्री राधा-कृष्ण के भजनों पर गुलाल और पुष्पवर्षा के साथ भक्ति भाव में लीन रहेंगे। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण केमिकल रहित सुगंधित प्राकृतिक रंगों से होली खेलना होगा। पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इन प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाएगा। साथ ही, मातृशक्तियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है ताकि वे सुरक्षित और उत्साहपूर्वक इस आयोजन में भाग ले सकें। प्रेस वार्ता का संचालन अमित राव पवार ने किया।



देवास में अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्रवाई

## दुकानों के सामने से कच्चे-पक्के कब्जे हटाए, कुछ का सामान भी जब्त

**देवास।** नगर निगम अमले ने शनिवार को कैलादेवी मार्ग पर अस्थाई अतिक्रमण हटाया। यह कार्रवाई सड़क पर यातायात बाधित होने और वाहन चालकों को हो रही परेशानी के कारण की गई। निगम ने दुकानों के सामने किए गए कच्चे-पक्के अतिक्रमणों को हटाया। इस दौरान कुछ लोगों ने अपनी सामग्री जब्त किए जाने का विरोध भी किया, लेकिन निगम अमले ने सख्ती बरतते हुए सामान जब्त कर लिया। स्थानीय लोगों ने निगम अमले पर पक्षपात का आरोप लगाया। उनका कहना था कि केवल गरीब लोगों की सामग्री जब्त की गई है। नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि यह कार्रवाई निगमायुक्त के निर्देश पर की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैलादेवी मार्ग पर अस्थाई अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित हो रहा था, जिसके चलते यह कदम उठाया गया। ठाकुर ने यह भी बताया कि कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया था, लेकिन उन्हें समझाकर पीछे किया गया। कई लोगों की सामग्री राजसात की गई है। नियमानुसार, उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जब्त सामग्री वापस लौटाकर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## रमजान आने से जल्दी तरबूज की डिमांड बढी, 40 रुपये किलो बिका




**सारंगपुर।** सारंगपुर के मनावर में गर्मी की शुरूआत के साथ ही तरबूज के दामों में भारी उछाल आया है। खुदरा बाजार में तरबूज 40 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। इस तेजी का मुख्य कारण रमजान महीने की शुरूआत, मांग में वृद्धि और नई फसल की कम आपूर्ति है। सारंगपुर के फल व्यापारी सलमान फ्रुट ने बताया कि यह पहली बार है जब तरबूज खुदरा में 40 रुपए प्रति किलो के भाव से बेचा जा रहा है। फरवरी महीने के अंत तक यह स्थिति बनी हुई है। व्यापारी नाजिम पठान जानकारी दी कि प्रदेश और बाहर की अधिकांश मंडियों में तरबूज की कीमतें 40 से 50 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई हैं, जबकि पहले ये 20-30 रुपए के आसपास थीं। किसानों के खेतों में तरबूज का थोक भाव वर्तमान में 1500 से 3000 रुपए प्रति क्विंटल (15 से 30 रुपए प्रति किलो) के बीच चल रहा है। अच्छी किस्म का बडा लाल तरबूज कुछ जगहों पर 6000 रुपए प्रति क्विंटल तक भी बिक रहा है। व्यापारी नाजिम पठान के अनुसार, इस बार रमजान आने और फसल देर से आने के कारण जल्दी फलों की मांग काफी बढ़ गई है, खासकर पानी से भरपूर फलों की। शुरूआत में फसल कम आने से मांग और आपूर्ति में अंतर आ रहा है। किसानों ने बताया कि गुजरात जैसे राज्यों से अच्छी गुणवत्ता वाले तरबूज के निर्यात के कारण घरेलू बाजार में शुरूआती कमी हो सकती है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्री आनंद दशोरा, अवधेश दशोरा पुत्रगण शरदचन्द्र दशोरा निवासीगण 213, नवाखेड़ा इंदौर रोड़ उज्जैन म.प्र. ने साजिद एहमद पिता सुल्तान एहमद निवासी 26, वीर दुगार्दास गली नंबर 6 बिलोटी उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नबंर 2886 रकबा 23000 वर्गफीट ग्राम जियापुरा तहसील व जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदाकर सौदा चिट्ठी सम्पादित की गई है तथा अनुबंध पश्चात शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः-28-02-2026 उज्जैन

**घनश्याम सोनी (एडवोकेट)**
**128, सेटी नगर, उज्जैन मो. 9424553729**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लक्ष्मीबाई पत्नि श्री नारायण प्रसादजी श्रीवास्तव निवासी 93, श्री कृष्ण कॉलोनी अवंतीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान नगर उज्जैन मोहल्ला अवंतीपुरा, श्री कृष्ण कॉलोनी, उज्जैन पर स्थित हैं। जिसका नगर पालिक निगम क्रमांक 93. हैं। जिसका कुल क्षेत्रफल 50.13 वर्गमीटर हैं। इस मकान को श्री नारायण प्रसाद पिता श्री जम्मु प्रसादजी श्रीवास्तव के द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दस्तावेज क्रमांक 3146 तारीखी 17/01/1986 के द्वारा क्रय किया था। इसके बाद श्री नारायण प्रसादजी का स्वर्गवास हो गया हैं। स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद की पत्नि श्रीमती लक्ष्मीबाई के अलावा इस मकान में अन्य उत्तराधिकारी का अधिकार हैं, अथवा उक्त मकान के विक्रय के सम्बन्ध 1 में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी बैंक या अन्य वित्तीय संस्था में भारीत किया हुआ हो या उक्त मकान में स्वत्व हित निहित हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिन की अवधि 1 के अन्दर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त मकान को क्रय किये जाने के सम्बन्ध में शेष बयाना राशि चुकाकर अनुबन्ध पत्र का सम्पादन कराया जावेगा व शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर अनुबन्धित अवधि में विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करा ली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांकः 28/02/2026 ई., स्थान- उज्जैन

**(मेहुल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन - 79871-95622, 94250-91829**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार की माता के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन जिसका नगर पालिका निगम उज्जैन गृह क्रमांक 35/1 का पश्चिम दिशा वाला भाग आगे का स्थित वररूचि मार्ग माधवनगर उज्जैन, जिसका कुल क्षेत्रफल 74.66 वर्गमीटर है। मेरे पक्षकार की माता के निधन के पश्चात उक्त भवन पर मेरे पक्षकार का अन्य वैधानिक वारिसों के साथ संयुक्त नामांतरण हो चुका है इस प्रकार उक्त भवन मेरे पक्षकार की संयुक्त सम्पत्ति है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि कोई अवैधानिक व्यक्ति उक्त सम्पत्ति या इसके किसी भाग को मेरे पक्षकार की सहमति के बिना बाजार में विक्रय करने का प्रयास कर रहा है जो कि अवैधानिक कृत्य की श्रेणी में आता है जिसके लिये मेरा पक्षकार अन्य सक्षम वैधानिक कार्यवाही करने के लिये अग्रसर हो रहा है। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के संयुक्त स्वामित्व की उक्त सम्पत्ति के वैधानिक बंटवारे के बिना अथवा मेरे पक्षकार की सहमति के बिना उक्त सम्पत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का विक्रय, अंतरण, भारग्रस्त, ऋण भार आदि करने का प्रयास किया ना करें और अगर ऐसा प्रयास किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा उसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा पक्षकार एवं उसका परिवार उत्तरदायी नहीं होगा और अगर कोई व्यक्ति उक्त सम्पत्ति से संबंधित विक्रय, अंतरण, भारग्रस्त, ऋण भार आदि करने का प्रयास करता है तो होने वाली सक्षम कार्यवाही की जवाबदेही उसके स्वयं की होगी।

सूचित हो। इति दिनांक 28-02-2026

**यशवंत अग्निहोत्री, अधिवक्ता उज्जैन**

**कार्यालय उज्जैन**
**विकास प्राधिकरण उज्जैन**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की क्षिप्रा विहार योजना मे स्थित भूखण्ड क्रमांक सी-7/16 श्रेणी एम.-1 श्रीमती वीणा कुंवर पति श्री बने सिंह एवं श्रीमती राजनन्दनी पति श्री देवेन्द्र सिंह, निवासी-इन्दिरा नगर, आगर मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर दिनांक 05.12.2014 को लीज आधार पर आवासीय उद्देश्य हेतु आवंटित किया गया हैं।

आवंटी श्रीमती वीणा कुंवर पति श्री बने सिंह एवं श्रीमती राजनन्दनी पति श्री देवेन्द्र सिंह, निवासी-इन्दिरा नगर, आगर मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्री अनिल कुमार विजय पिता श्री नाथूलाल विजय, निवासी-महानन्दा नगर, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं।

अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन/गिरीवी/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तोवज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण द्वारा विक्रय/अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी। सहायक सम्पदा अधिकारी उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रफीक खान पिता हमीद खान, निवासी 02, गोपाल मन्दिर मार्ग, ताज होटल गली, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा प्राप्त माहेती एवं जानकारी के आधार पर माननीय न्यायालय पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1, उज्जैन (म.प्र.) समक्ष दीपाली शर्मा साम्प. वाद 16ए / 10 निर्णय दिनांक 24/09/2011 रफिक खां वादी विरूद्ध 1- शफीक खां, आदि प्रतिवादीगण में निर्णय पारित कर भवन/भूमि क्रमांक 12 स्थित गोपाल मन्दिर मार्ग, गली नं. 01, जिसका पुराना क्रमांक 4/1651 स्वर्गीय कासम खां के स्वामीत्व का मान्य किया हैं। उक्त निर्णय के आधार पर स्वर्गीय कासम खां के समस्त उत्तराधिकारी उक्त भवन/भूमि के संयुक्त रूप से स्वामी, मालिक हैं अर्थात स्वत्वाधिकारी हैं। स्वगीय कासम खां का कोई एक उत्तराधिकारी उक्त भवन/भूमि का मालिक, स्वामी नहीं है। इस कारण कोई भी व्यक्ति आदि उक्त भवन/भूमि को स्वर्गीय कासम खां के किसी एक उत्तराधिकारी व्यक्ति से उक्त भवन भूमि को अंतरण, हस्तांतरण या विक्रय का सौदा या अनुबंध नहीं करें। अन्यथा उक्त किया गया व्यवहार अनुबंध अवैधानिक होकर शून्य होगा। उक्त भवन/भूमि के व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति को उक्त भवन/भूमि में कोई भी स्वत्व आदि प्राप्त नहीं होंगे। सूचित हो। इति दिनांक 28/02/2026, स्थानः- उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मोबाईल नं. 94240-45740**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सहदेवसिंह पिता गोवर्धन सिंह जाति राजपूत पता दुबली तहसील तराना जिला उज्जैन मध्यप्रदेश ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका सर्वे नम्बर 4/2/1/1 रकबा 0.20 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम जलवा तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली है शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकासन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेतापक्ष द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक -27-02-2026

**रितिक वर्मा (सर्विस प्रोवाईडर) तह. कार्यालय के सामने दुकान क्रमांक 05 बस स्टेंड ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो.नं.9993988226**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी गुड्डीबाई पति श्री रोड सिंह, भारत सिंह पिता श्री रोड सिंह जाति राजपूत निवासी व कृषक ग्राम कॉगनीखेडा तहसील बडोद जिला आगर मालवा (म.प्र.) ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 390 रकबा 0.48 हेक्टर, सर्वे नम्बर 391 रकबा 0.32 हेक्टर, सर्वे नम्बर 747 रकबा 0.32 हेक्टर, सर्वे नम्बर 746/2 रकबा 0.30 हेक्टर, भूमि कुल किता 04 कुल रकबा 1.42 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम कॉगनीखेडा तहसील बडोद जिला आगर मालवा मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित हो ।

इति दिनांक - 27-02-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेण्ड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो.नं.8719997462, 9584898788**

## न्यूज कॉलम

### मध्यप्रदेश में स्मार्ट मीटर के लिए उपभोक्ता की सहमति जरूरी नहीं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश भर में पुराने मीटर के स्थान पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के लिए उपभोक्ताओं से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। साथ ही इन मीटर को लगाने के लिए उपभोक्ताओं की ऊर्जा मंत्री जरूरी नहीं है। विधानसभा में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने डबरा विधायक सुरेश राजे के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना तथा मध्य प्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता-2021 के अध्याय-आठ विद्युत मापन तथा बिलिंग के तहत आरडीएसएस योजना में पारदर्शी बिलिंग, मीटर रीडिंग प्रणाली में सुधार और सटीक ऊर्जा लेखांकन के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। वैधानिक प्रावधानों के अनुसार उपभोक्ता की सहमति आवश्यक नहीं है। विधायक सुरेश राजे ने पूछा था कि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले लगे सिंगल फेज और थ्री फेज मीटर की कितनी राशि वसूली गई और आगे कितनी वसूली जाएगी। साथ ही यह भी पूछा कि क्या पुराने मीटर की राशि समायोजित कर स्मार्ट मीटर की राशि ली जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि पुराने मीटर के लिए समय-समय पर प्रचलित एसओआर के अनुसार राशि ली जाती है।

### देवर ने भाभी को चाकू मार, 7 घंटे बाद मौत, बेटी चिल्लाई- मम्मी को बचा लो

**झांसी।** झांसी में शनिवार को एक महिला पर उसके देवर ने चाकू से हमला कर दिया। उसने महिला के सीने, गले और हाथ पर ताबड़तोड़ वार किए और फिर चाकू से सीना फाड़ दिया। इसके 7 घंटे बाद देवर थाने से करीब 100 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला। सुबह महिला अपनी 5 साल की बेटी को तैयार कर रही थी। इसी बीच प्रेमी देवर घर में घुस आया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद उसने चाकू से हमला बोल दिया। मां को घायल देखकर बच्ची घबराकर छत पर जा पहुंची। वह टीनशेड पर कूदकर चिल्लाने लगी- मेरी मम्मी को बचा लो। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक देवर वहां से भाग चुका था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल महिला को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर है। बताया जा रहा है, करीब डेढ़ साल पहले महिला अपने देवर के साथ भाग गई थी। लेकिन बाद में उससे ब्रेकअप कर घर लौट आई थी। इसी बात से देवर नाराज चल रहा था। वारदात प्रेमनगर थाना क्षेत्र की है। माया देवी अपने पति राकेश साहू और 5 साल की बेटी के साथ नैनागढ़ में रहती हैं। राकेश साहू ने बताया- मैं लोडिंग गाड़ी चलाता हूं। मेरी शादी करीब 7 साल पहले माया से हुई थी। मोहल्ले में ही मेरी मौसी का बेटा महेंद्र साहू भी रहता है। महेंद्र और मेरी पत्नी के बीच अफेयर हो गया था, लेकिन यह बात मुझे पता नहीं थी।

### सड़क हादसे में ट्रेलर से टकराई यात्रियों से भरी बस, 6 की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान के बालोतरा जिले के सरवड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रेलर से जा टकराई, जिससे मौके पर ही छह यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर हाईवे पर आगे चल रहा था और बस पीछे से आ रही थी। अचानक बस अनियंत्रित होकर ट्रेलर से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और हाईवे पर अफरातफरी का माहौल बन गया। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। पुलिस को बस के भीतर से छह शव बरामद हुए, जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे बाद में यातायात पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### ईरान और इजराइल जंग होने से दुबई-इजराइल की फ्लाइट्स लौटीं

**नई दिल्ली/मुंबई।** ईरान पर ईजराइन और अमेरिका की स्ट्राइक के बीच इजराइल एयरस्पेस बंद कर दिया गया है। इस वजह से एअर इंडिया ने शनिवार को अपनी दिल्ली-तेल अवीव फ्लाइट मुंबई डायवर्ट कर दी। वहीं, तिरुचिरापल्ली-दुबई फ्लाइट वापस आ रही है। एअर इंडिया और इंडिगो ने हमले के बाद मिडल ईस्ट अपने फ्लाइट ऑपरेशंस को भी रोक दिया है। इसी के साथ एअर इंडिया ने इससे जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए +91 1169329333, +911169329999 नंबर भी जारी किए हैं। एअर इंडिया ने कहा 28 फरवरी को दिल्ली से तेल अवीव के लिए ऑपरेट करने वाली अका39, इजराइल में एयरस्पेस बंद होने और यात्रियों और क्रू की सुरक्षा के हित में भारत लौट रही है। फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया है। दरअसल, इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया है। भारतीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह तेहरान समेत कई शहरों में धमाके सुने गए हैं और हवाई हमलों के सायरन बज रहे हैं। ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागी हैं। एयर इंडिया ने कहा कि हम अपने फ्लाइट ऑपरेशन के लिए सुरक्षा माहौल का आकलन करते रहेंगे और जरूरत के हिसाब से ऑपरेशन को पहले से एडजस्ट करेंगे।

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष में दावा- 300 की मौत, 500 घायल

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरूआत गुरुवार देर रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की। इसके बाद में पाकिस्तान ने ऑपरेशन गजब-लिल-हक शुरू किया। पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल, कंधार, पक्तिया, नंगरहार और अन्य प्रांतों में एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, अब तक 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। उनका कहना है कि 115 टैंक और बख्तरबंद गाड़ियां नष्ट की गईं, 74 चौकियां तबाह की गईं और 18 चौकियों पर पाकिस्तानी सेना ने कंट्रोल कर लिया है।

---

नलखेड़ा पुलिस की अवैध मादक पदार्थ पर बड़ी कार्यवाही, सरकारी भूमि पर उगाई गांजे की फसल

# गेहूं की फसल की आड़ में लगाए 227 गांजा पौधे जब्त

### 1 लाख कीमत का 10.846 किग्रा हरा गांजा बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सतत अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट व एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी नागेश यादव के नेतृत्व में थाना नलखेड़ा पुलिस



द्वारा गांजा खेती के विरुद्ध महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 27.02.2026 को थाना नलखेड़ा को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पचलाना निवासी पुरालाल पिता शंकरलाल भिलाला एवं उसका पुत्र लखन पिता पुरालाल भिलाला द्वारा लसुल्ड़िया गोपाल स्थित शासकीय भूमि पर, जो उनके कब्जे में है, गेहूँ की फसल की आड़ में अवैध रूप से गांजा के पौधे उगाए गए हैं। पुलिस कार्रवाई- सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से तत्काल दबिश दी गई। मौके पर पुलिस टीम को देखकर दो व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम (1) पुरालाल पिता शंकरलाल भिलाला उम्र 60 वर्ष एवं (2) लखन पिता पुरालाल भिलाला उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम पचलाना बताया। खेत की तलाशी के दौरान गेहूँ की फसल के बीच अवैध रूप से लगाए गए गांजा पौधे पाए गए।

- **जप्तशुदा मश्रुका-** पुलिस द्वारा मौके से कुल 227 छोटे-बड़े हरे पत्तेदार गांजा पौधे उखाड़कर विधिवत जब्त किए गए। इलेक्ट्रॉनिक तोलकांटे से तौल करने पर कुल वजन 10.846 किलोग्राम पाया गया। कुल जप्त हरा गांजा - 10.846 किलोग्राम (227 पौधे), अनुमानित कीमत 1 लाख है।
- **गिरफ्तारशुदा आरोपी-** 1. पुरालाल पिता शंकरलाल भिलाला, निवासी ग्राम पचलाना, 2. लखन पिता पुरालाल भिलाला, निवासी ग्राम पचलाना दोनों आरोपियों की विधिवत गिरफ्तारी की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना नलखेड़ा में अपराध क्रमांक 73/2026 पंजीबद्ध कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की विक्रय गतिविधियों एवं अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।
- **सराहनीय भूमिका-** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नागेश यादव, सउनि दरबार सिंह जादोन, सउनि डीसी भिलाला, प्रधान आरक्षक शंभु सिंह जाट, प्रधान आरक्षक ललित सारस्वत, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र भाटी, आरक्षक राजेश दांगी, आरक्षक अतेन्द्र, आरक्षक रोड़ीलाल दांगी एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

---

जिला प्रशासन की नागरिकों से अपील- होलिका दहन में

# उपले एवं गौकाष्ठ का करे उपयोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा

राज्य शासन द्वारा इस वर्ष होली का पावन पर्व पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

कलेक्टर प्रीति यादव ने जिले नागरिकों से अपील है कि आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे, सामाजिक एकता और हर्षोल्लास के साथ होली का उत्सव मनाएं। होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपले एवं गौकाष्ठ का उपयोग किया जाए, ताकि वनों की कटाई पर रोक लगे और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। साथ ही, प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, पानी की बचत करने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने का संकल्प ले और हुड़दंग से दूर रहकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाए।

**निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था-** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में आयोजित होने वाले सभी सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन कराया जाएगा। यह पंजीयन जिला मुख्यालय पर पंचायतों के माध्यम से तथा तहसील एवं नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकायों द्वारा पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा।पंजीयन के समय आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी, पदाधिकारियों के नाम एवं संपर्क नंबर प्राप्त किए जाएंगे। जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक संस्थाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा।

#### मैदानी निरीक्षण एवं प्रमाणीकरण

होलिका दहन के दिन मैदानी अमले द्वारा सार्वजनिक आयोजनों का भ्रमण किया जाएगा तथा जलाऊ एवं इमारती लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित किया जाएगा। आयोजन पूर्ण रूप से गौकाष्ठ आधारित होने पर संबंधित नगरीय एवं ग्रामीण अधिकारी/कर्मचारी आगामी दो-तीन दिवस में प्रमाणीकरण कर जिला कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जिला कलेक्टर द्वारा ऐसे आयोजनों का सूचीकरण किया जाएगा। जिला स्तरीय सम्मान समारोह- राज्य शासन के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि पर सभी जिला मुख्यालयों में जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। इनमें गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन आयोजित करने वाली संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री जी की ओर से तैयार पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। भविष्य में ऐसी संस्थाओं को अन्य प्रकार से भी प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा।



---

## श्री खाटूश्याम मंदिर शनि धाम पर भव्य फाग उत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

फाल्गुन माह के आगमन के साथ नगर के मंदिरों में फाग उत्सव की धूम मची हुई है। फाल्गुन एकादशी के पावन अवसर पर सिद्ध शनि देव धाम स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर शनि धाम अकोदिया में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार भव्य फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बाबा का मनमोहक श्रृंगार किया गया। एकादशी के चलते सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। दोपहर 12 बजे भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर ज्योत प्रज्वलित की गई तथा भोग आरती उतारी गई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने लड्डू गोपाल को पुष्प एवं गुलाल अर्पित किया। श्रीकृष्ण-राधा के स्वरूप में सजे बच्चों के साथ महिलाओं ने फाग गीतों पर जमकर नृत्य किया और उत्सव का आनंद लिया। मंदिर परिसर भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया। एकादशी के अवसर पर नगर सहित अकोदिया गांव, फुलेन, कोहलिया, चापड़िया, अजनई, भोगीपुर सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने भजन-कीर्तन किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। श्री खाटूश्याम की महाआरती उतारी गई, आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

---

## सिविल अस्पताल में निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

सिविल अस्पताल शुजालपुर में शनिवार को कायाकल्प फाइनल असेसमेंट के तहत निरीक्षण टीम पहुंची। टीम में डॉ. गोपाल कटारे एवं डॉ. स्नेहल वर्मा शामिल रहे, जिन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभागीय व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण, साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निष्पादन, पेयजल व्यवस्था तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच की गई। टीम ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारदा रामसरिया, डॉ. रामसलोने मिश्रा, कायाकल्प नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कराडा सहित समस्त नर्सिंग ऑफि सर एवं अस्पताल के कर्मचारियों का सहयोग रहा। अस्पताल प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि टीम द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक सोच का आह्वान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय गौलाना में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना रहा। समारोह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विद्या शंकर विभूति द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को विज्ञान के विविध आयामों से अवगत कराया गया।

प्रमुख वक्ता जीवनलाल शर्मा ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन एवं योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित तथा नोबेल पुरस्कार प्राप्त सर सी वी रमन ने प्रकाश के प्रकीर्णन से संबंधित मन प्रभाव की खोज कर भारत को वैश्विक वैज्ञानिक मानचित्र पर स्थापित किया। इस वर्ष की राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम शिवज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करना पर भी विचार व्यक्त किए गए। वक्ताओं ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने और महान महिला वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

भारतीय ज्ञान परंपरा के संयोजक डॉ. अनुकूल सोलंकी एवं डॉ. आलोक परमार ने भी अपने विचार रखते हुए विज्ञान और परंपरा के समन्वय पर प्रकाश डाला। अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों और स्टॉफ को वैज्ञानिक सोच अपनाने एवं जिज्ञासा को जीवंत रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश वर्मा तथा आभार संदीप पटेल ने माना। कार्यक्रम में स्टॉफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी डॉ. आलोक परमार द्वारा प्रदान की गई।

## एचपीवी वैक्सीन का जिला चिकित्सालय आगर-मालवा में शुभारंभ




दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा

जिले की किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल करते हुए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय आगर-मालवा में किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प और विश्वास के साथ देशभर में किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है।

जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार ने फीता काटकर एचपीवी टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के लगभग 99 प्रतिशत मामलों का प्रमुख कारण एचपीवी वायरस है, जिससे बचाव के लिए यह टीका अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी 2026 से जिले में 14 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की किशोरियों को यह टीका पूर्णतः निःशुल्क लगाया जाएगा।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. मनीष कुरील, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह परिहार, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर अविनाश गेहलोत, जिला वैक्सीन स्टोर कीपर जीवन नंदावत, अस्पताल प्रबंधक राहुल पंडया तथा डाटा मैनेजर शंकर बलवंतिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। टीकाकर्मी ज्योति रावल एवं नीलमणि किन्दों द्वारा किशोरियों को टीका लगाया गया।

---

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग घट्टिया जिला उज्जैन

क./रीडर/2026 घट्टिया — दिनांक 13-02-26
प्रकरण क्रमांक 0106/अपील/2025-26

**राजस्व मामले में नोटिस**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलांट टीना उर्फ टीलु पिता गोकुलसिंह पति बनेसिंह निवासी- ग्राम गुनाई जागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) द्वारा म.प्र.भू.रा.सं. की धारा 44(1) अंतर्गत अधीनस्थ न्यायालय अपर तहसीलदार टप्पा पानबिहार तहसील घट्टिया द्वारा ग्राम घट्टिया गुनाई जागीर स्थित भूमि सर्वे कमांक 129/1 रकबा 0.15 हे., सर्वे कं. 206 रकबा 0.02 हे. भूमि से संबंधित न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 0549/3-6/2024-25 आदेश दिनांक 09.07.2024 के विरूद्ध अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। विचाराधीन अपील प्रकरण में निम्न प्रत्यर्थीगण है-

1. कैलाश कुंवर पति सोनारसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम गुनाईजागीर
2. विरेन्द्रसिंह पिता गोकुलसिह
3. सुगनबाई उर्फ हाकमकुंवर पति गोकुलसिंह जाति राजपूत निवासीगण महावीर नगर पिपलीनाका उज्जैन
4. विलास कुंवर पिता गोकुलसिह पति जसवंतसिंह जाति राजपूत निवासी बोरखेडा पित्रामल तहसील नागदा जिला उज्जैन
5. इन्द्राबाई पिता गोकुल पति दातारसिंह निवासी कार्तिक चौक कवेलू का कारखाना उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जैन
6. मुन्नीबाई उर्फ गोविन्दकुंवर पिता गोकुलसिह पति श्रवणसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पालकी तहसील नागदा जिला उज्जैन
7. रेखाबाई पति जालमसिंह निवासी जहांगीरपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन

**प्रत्यर्थीगण**

उपरोक्त के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभाषक के जरिए आपत्ति पेश कर सकते है। मामले में आगामी पेशी दिनांक 06/03/2026 नियत है। अनुपस्थिति में जो भी वैधानिक कार्यवाही होगी की जावेगी। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुभाग घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.)**

---

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार युसुफ शाह पिता करीम शाह जाति मुसलमान निवासी झुग्गी झोपड़ी, कमल नगर, राऊ तह. राऊ जिला इंदौर म.प्र. ने पुखराजकुंवर पति कमलसिंह जी जाति राजपुत निवासी ग्राम बंगरेड तह. बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. कृषक ग्राम पिपलु तह. बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कि भूमि सर्वे नं. 786/2 रकबा 0.67 हे० भूमि स्थित ग्राम पिपलु तह. बडनगर जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा तय किया होकर उपरोक्त सौदे पेटे मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी को आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है एवं मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रेता द्वारा उपरोक्त भूमि की विक्रय सौदा चिट्ठी भी सम्पादित कर दी है। उपरोक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित होना है तथा उसके पश्चात उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ही मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध-पत्र या इस भूमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा। सुचित हो।

दिनांक 28.02.2026

**भारतसिंह राजावत एडवोकेट**
**न्यायालय परिसर बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो.न.- 9165688220**

---

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 1. श्रीमती मोना धाकड़ पति श्री धर्मेन्द्र जी धाकड़, उम्र 28 वर्ष, निवासी 4/13 एफ, जवाहर नगर योजना, नानाखेड़ा, उज्जैन से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 4/13. जी (ग्राउंड फ्लोर) एवं उससे लगी अतिरिक्त भूमि जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन "जवाहर नगर योजना" उज्जैन में स्थित है, भवन आर.सी.सी. की छत का लगभग 32 वर्ष पुराना बना है। भवन जिस भूखण्ड पर बना है वह भूखण्ड लिज होल्ड राईट्स का है एवं निर्मित स्ट्रक्चर फ्री होल्ड राईट्स का है, भवन के विक्रय में हवाई हक शामिल नही है। भवन का कुल एवं निर्मित क्षेत्रफल 20.51 वर्गमीटर एवं अतिरिक्त भूमि का क्षेत्रफल 22.25 वर्गमीटर है, भवन आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का है, भवन की चर्तुःसीमा निम्नानुसार हैः चर्तुःसीमाः- पूर्व दिशा में 09.00 मीटर सड़क, पश्चिम दिशा में - भवन क्रमांक 4/14 जी, उत्तर दिशा में 09.00 मीटर सड़क, दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक 4/12 जी. है। तथा 2. श्री धर्मेन्द्र धाकड़ पिता श्री बाबूलाल जी धाकड़, उम्र 34 वर्ष, निवासी-4/13 एफ, जवाहर नगर योजना, नानाखेड़ा, उज्जैन से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 4/13, एफ (फर्स्ट फ्लोर) श्रेणी एल.आई.जी.।। जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन जवाहर नगर योजना, उज्जैन में स्थित है, भवन आर.सी.सी. की छत का लगभग 32 वर्ष पुराना बना है। भवन जिस भूखण्ड पर बना है वह भूखण्ड लिज होल्ड राईट्स का है एवं निर्मित स्ट्रक्चर फ्री-होल्ड राईट्स का है, भवन के विक्रय में हवाई हक शामिल नहीं है। भवन का कुल एवं निर्मित क्षेत्रफल 20.51 वर्गमीटर है, भवन आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का है, भवन की चर्तुः सीमा निम्नानुसार है चर्तुः सीमाः पूर्व दिशा में - 09.00 मीटर सड़क, पश्चिम दिशा में भवन क्रमांक 4/14 एफ (एल.आई.जी.।।), उत्तर दिशा में -09.00 मीटर सड़क, दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक 4/12 एफ (एल.आई.जी.।।), है। उक्त दोनो भवन को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्त्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

दिनांकः 21/08/2025, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट ऑफिस-डी-12**
**भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मो. नं. 9424878460**

न्यूज-कॉलम

## पर्यावरण संरक्षण के लिए इस वर्ष गो-काष्ठ से जलेगी होली

**मंदसौर।** जिला प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए इस वर्ष होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गोबर से निर्मित गो-काष्ठ के उपयोग को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। पेड़ों की कटाई रोकने और प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशन में सभी नगरीय निकायों और पंचायतों में इसकी व्यापक तैयारी की गई है। इस मुहिम को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन ने सार्वजनिक होलिका दहन समितियों के लिए निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की है। जो समितियां उत्कृष्ट रूप से गो-काष्ठ आधारित होली का आयोजन करेंगी, उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित करने हेतु प्रस्ताव भेजे जाएंगे और चयनित आयोजनों को मुख्यमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस पहल से न केवल हरियाली बचेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्व-सहायता समूहों को भी आर्थिक मजबूती मिलेगी।

## सीए विनय अग्रवाल मंदसौर सीए शाखा के अध्यक्ष चुने गए



**मन्दसौर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की मंदसौर जिला शाखा के वर्ष 2026-27 के लिए पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। जिसमें सीए विनय अग्रवाल को सीए शाखा का अध्यक्ष चुना गया। निवृतमान अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारीया ने बताया कि शाखा के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इसके तहत सीए विनय अग्रवाल अध्यक्ष, सीए नितेश भदादा उपाध्यक्ष, सीए अर्पित मेहता सचिव, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, सीए अर्पित नागर सिकासा अध्यक्ष चुने गए।

## मंदसौर में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**मन्दसौर।** जिले की किशोरियों को गंभीर बीमारी से सुरक्षा कवच प्रदान करने के उद्देश्य से सर्वाइकल कैंसर (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर से किए गए राष्ट्रव्यापी शिलान्यास के अनुक्रम में मंदसौर के विभिन्न केंद्रों पर 14 वर्ष की बालिकाओं को टीके लगाए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि अभियान के पहले दिन 10 चिन्हित केंद्रों पर 17 बालिकाओं का टीकाकरण हुआ। यह सुविधा जिला चिकित्सालय सहित भानपुरा, गरोठ, मल्हारगढ़, सीतामऊ और सुवासरा जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे भविष्य की सुरक्षा के लिए अपनी बेटियों का टीकाकरण समय पर अवश्य कराएं।

## समग्र मालवा फाग उत्सव आज मनेगा

**जावरा** । समग्र मालवा व्दारा फाग उत्सव का आयोजन रविवार को दोपहर ३ बजे श्री राम विधा मन्दिर होगा । समग्र मालवा संयोजक मनोहर सिह चौहान, कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र त्रिवेदी एवं वीरेन्द्रसिह चौहान ने बताया की समग्र मालवा द्वारा प्रति वर्ष फाग उत्सव एवं होली मिलन समारोह नगर में मनाया जाता है। जिसमें नगर के प्रबुद्ध नागरिक साहित्यकार, पत्रकार अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान करते हे। अभय कोठारी अध्यक्ष, महेश शर्मा महासचिव,रमेश मनोहरा कार्यक्रम संयोजक , दिलीप त्रिवेदी कोषाध्यक्ष, जगदीश उपमन्यु, विनोद चोरसिया, अभय श्रीवास्तव, अशोक तिवारी आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## जनऔषधि दिवस पर विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे निशुल्क परामर्श

**रतलाम।** पूरे देश के गरीब और मध्यमवर्गी मरीजों को सस्ते दरों पर रियायती और गुणवत्ता पूर्ण दवाई उपलब्ध करवाने वाले प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र पर 1 मार्च को मरीजों के लिए निशुल्क स्वास्थ केंद्र का आयोजन होगा।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी का वैक्सीनेशन प्रारंभ

## 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का वैक्सीनेशन होगा : कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से बचाव के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस(एच पी वी ) एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ अजमेर राजस्थान से किया गया। रतलाम जिले में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, रोगी कल्याण समिति सदस्य गोविंद काकानी, हेमंत राहोरी, सीएमएचओ डॉ संध्या बेलसरे, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ ए पी सिंह, प्रभारी बाल चिकित्सालय एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आर सी डामोर, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष सिंह, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील, डीपीएम श्रीमती अर्चना राठौर एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ गौरव बोरीवाल, डी सी एम श्री कमलेश मुवेल की उपस्थिति में बाल चिकित्सालय रतलाम में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का (एच पी वी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन प्रारंभ किया गया।

जिले में वैक्सीन का पहला डोज वंदना राठौर पिता मुकेश राठौर निवासी रतलाम को लगाया गया। इसके बाद आराध्या पिता अर्जुन बसेर निवासी रत्नेश्वर रोड तथा अन्य बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया गया।

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने बताया कि रतलाम जिले में प्रथम चरण में 90 दिवस की अवधि में 18917 बच्चों को टीकाकरण किया जाएगा। ऐसी बालिकाएं जिन्होंने अपना 14वां जन्म दिवस मना लिया है और 15 जन्मदिवस नहीं मनाया है वैक्सीनेशन के लिए पात्र रहेगी। वैक्सीन पुरी तरह निशुल्क होकर स्वैच्छिक है। इस वैक्सीन से महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु रोग प्रतिरोधक क्षमता मिलेगी। जिले के 9 शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर ही वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके लिए परिवारजनों को परामर्श देकर बच्चों को मोबिलाइज किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि रतलाम जिले के मेडिकल कॉलेज, बाल चिकित्सालय, सिविल अस्पताल जावरा , आलोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, सैलाना, बाजना, ताल पिपलोदा केंद्रों पर सुबह 11 से 4 तक वैक्सीनेशन किया जाएगा। वैक्सीनेशन के बाद बालिकाओं को आधा घंटा निगरानी में बैठाया जाएगा। जन्म संबंधी कोई भी प्रमाण जैसे आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, अपार आईडी, अथवा उम्र के संबंध में स्वयं के घोषणा पत्र के माध्यम से यू विन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करा कर अथवा सीधे केंद्र पर आकर वैक्सीनेशन की सुविधा सहज उपलब्ध है।

कलेक्टर ने बाल चिकित्सालय में वैक्सीनेशन कराने वाली बालिकाओं से चर्चा की, मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया, ग्राम धराड़ के भर्ती बच्चे की कुशलक्षेम पूछी उसके अभिभावकों से चर्चा की।

चिकित्सकों ने बताया कि बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है और अभी उसे डिस्चार्ज किया जा रहा है। कलेक्टर ने नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया वहां भर्ती बच्चों को मिल रही सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रसव कराने वाली सभी माताओ के जन्म प्रमाण पत्र उनके डिस्चार्ज होने से पहले ही प्रदान कर दिए जाएं, एम सी एच अस्पताल की लिफ्ट के बारे में नस्ती के माध्यम से पूरी जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पोस्ट ऑफिस में समन्वय स्थापित कर 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था एम सी एच में ही प्रारंभ की जाए। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई के थैलेसीमिया वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री गोविंद काकानी ने बताया कि बच्चों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन एवं परामर्श सेवाएं केंद्र पर प्रदान की जा रही है ।

कलेक्टर ने बच्चों के अभिभावकों से चर्चा की तथा उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि वीडियो कॉलिंग के माध्यम से भी बच्चों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की निगरानी रखी जाए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न चिकित्सा अधिकारी, डिप्टी मीडिया अधिकारी श्रीमती सरला वर्मा, सैयद अली वीसीसीएस निलेश चौहान, विपिन शर्मा, कमल सूर्यवंशी, और अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सिविल अस्पताल आलोट में एच पी वी वैक्सीनेशन अभियान का शुभांरभ मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालुसिंह सिंह परिहार, विधायक प्रतिनिधि अनिल चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया, मंडल महामंत्री कैलाश सांखला, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.देवेंद्र मौर्य, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दुल कादिर सहित समस्त स्टाफ एवं अन्य नागरिकगण की उपस्थिति में किया गया।

# 31 क्विंटल हर्बल गुलाल और फूलों की बारिश के साथ मंदसौर में निकलेगी भव्य महागेर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



शहर में धुलेंडी पर्व के उत्साह को दोगुना करने के लिए महावीर फतेह करे सेवा संस्था (बालाजी ग्रुप) द्वारा आगामी 3 मार्च को भव्य रंगारंग महागेर निकाली जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर राठौर तेली समाज धर्मशाला में पुलिस प्रशासन और समाज प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजसिंह बघेल और शहर थाना प्रभारी पुष्पेंद्रसिंह राठौर की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की गई। ग्रुप के जिलाध्यक्ष लोकेंद्र मंगल बैरागी और आयोजन समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा ने बताया कि इस वर्ष की महागैर कई मायनों में खास होगी। बच्चों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इस बार गैर पूरी तरह से डीजे मुक्त रहेगी।

महागेर का शुभारंभ ३ मार्च, मंगलवार को सुबह १० बजे जनकूपुरा स्थित गणपति चौक से संतों के सानिध्य में बटुकों द्वारा किए जाने वाले मंगलाचरण और मंत्रोच्चार के साथ होगा। इसके बाद समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा। इस बार आकर्षण का मुख्य केंद्र गुजरात के प्रसिद्ध नगाड़े, मंदसौर के ढोल और कृष्ण-सुदामा की मनमोहक झांकी रहेगी। उत्सव को भव्य बनाने के लिए 31 क्विंटल हर्बल गुलाल और 11 क्विंटल फूलों का उपयोग किया जाएगा, जिसकी बारिश तोप और फायर फाइटर के माध्यम से नगरवासियों पर की जाएगी।

अनुशासन बनाए रखने के लिए ग्रुप ने 51 कार्यकताओं की विशेष टोली तैयार की है जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यह महागैर गणपति चौक से प्रारंभ होकर शुक्ला चौक, सांखला चौक, कालाखेत मेन रोड और होटल मेघदूत रोड होते हुए पुराना बस स्टैंड स्थित बड़े बालाजी मंदिर पहुंचेगी, जहां इसका विधिवत समापन होगा। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने अपील की कि होली का पर्व भाईचारे के साथ मनाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति नशा कर गैर में शामिल न हो। हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की विशेष पैनी नजर रहेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## हुसैन टेकरी पर मंगलवार को होली पर होगा विशेष लोभान

**जावरा** । हुसैन टेकरी पर होली की तैयारियों का अंतिम चरण पूर्ण इसे लेकर शनिवार को होली मेला अधिकारी तहसीलदार पारस वैश्य ने चूल वाले खेत मे बेरिकेटिंग विधुत व्यवस्था साफ सफाई पेयजल सुरक्षा व्यवस्था कैमरे द्वारा निगरानी आदि व्यवस्था का निरीक्षण कर संतोष जाहिर करते हुए हुसैन टेकरी कार्यपालन अधिकारी अब्दुल हाकिम से कहा व्यवस्थाए तो संतोष जनक है। फिर भी आने वाले श्रद्धलुओं को किसी भी असुविधाओं का सामना न करना पड़े इसके लिए हुसेन टेकरी प्रशासन के साथ ही स्थानीय प्रशासन भी सतर्क होकर कार्य कर रहा। विशेष तौर पर पब्लिक का दबाव अधिक होता है इसके लिए हमे व्यवस्थाओं को और चाक चौबंद रखना होगा विशेष कर सुरक्षा को लेकर इसमे चोर जेब कतरो की सक्रीयता बढ़ जाती इसके लिए सीसीटीवी कैमरों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।हुसेन टेकरी कार्य पालन अधिकार हाकिम ने बताया कि इस बार होली पर श्रद्धालुओं की संख्या जो करीब 25 से 30 हजार होने की संभावना है। होली पर विशेष लोभानं 2 मार्च से 4 मार्च सुबह 9 बजे दोपहर 3 बजे चूल वाले खेत बेरिकेटिंग में होगा । 3 मार्च को रात्रि 11 बजे विशेष लोभानं भी बेरिकेट में होगा।

# बेसन के व्यंजनों की मिठास में अंजली और नमकीन में दिव्या प्रथम

* बेसन के व्यंजनों पर आधारित कृति की व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित
* 50 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता कर बनाए स्वादिष्ट व्यंजन



**नीमच।** बेसन के व्यंजनों की मिठास में अंजली आसवानी और नमकीन में दिव्या मुच्छाल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य प्रतिभागी महिलाओं ने भी अपने हुनर का प्रदर्शन कर एक से एक स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। मौका था जिले की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति की व्यंजन प्रतियोगिता का, जिसमें शहर की ५० से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाली महिलाओं की संस्था कृति ने प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी प्रदान किया।

जिले की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति द्वारा प्रतिवर्ष व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस बार कृति की व्यंजन प्रतियोगिता बेसन पर आधारित व्यंजनों पर आधारित थी। व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन 24 फरवरी मंगलवार को शहर की गांधी वाटिका में दोपहर 2 बजे से किया गया, जिसमें 50 से अधिक महिलाओं ने बेसन से मीठे व नमकीन व्यंजन तैयार किए। इसके बाद निर्णायक मंडल के सदस्यों ने व्यंजनों का परीक्षण कर उनके टेस्ट व गुणवत्ता को देखा। इसके बाद बेसन के मीठे एवं नमकीन व्यंजनों की केटेगरी में पृथक-पृथक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों की घोषणा की। कृति अध्यक्ष डॉ अक्षय राजपुरोहित प्रचार सचिव कृष्ण कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिणामों की घोषणा के बाद अतिथि माहेश्वरी महिला मंडल नीमच की अध्यक्ष अनीता समदानी, महिला वैश्य महासम्मेलन नीमच की अध्यक्ष वंदना मंत्री और जिला अस्पताल की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा संगीता भारती ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। कृति की महिला प्रकोष्ठ प्रभारी मंजुला धीर ने बताया व्यंजन प्रतियोगिता के दौरान कृति के पूर्व अध्यक्ष भरत जाजू व उनकी पत्नी का वैवाहिक वर्षगांठ पर सम्मान किया गया। व्यंजन प्रतियोगिता में 50 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की और उन्होंने एक से बढ़कर एक व्यंजन बनाए हैं।

# नपा सीएमओ ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर देखी सफाई व्यवस्था

## सड़क पर बंधे पशुओं को मोके पर पकड़वाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



जिला कलेक्टर द्वारा घोषित स्वच्छता का शनिवार अभियान के तहत नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने शनिवार 28 फरवरी को शहर की छोटी-छोटी गलियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और कार्य के समय इधर-उधर घूम रहे कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए अपने-अपने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान देने के निर्देश दिए, साथ ही निरीक्षण के दौरान श्रीमती बामनिया ने वात्सल्य भवन के बाहर विद्युत डीपी के पास पशु बंधे पाए जाने और वहां भारी गंदगी को देख तुरंत पशु वाहन मंगवाकर पशुओं को वाहन में भरवा कर गौशाला भिजवाया व पशु मालिक को भविष्य में वहां पशु न बाँधने की हिदायत दी!

विदित हो कि करीब एक माह पहले जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले की सभी निकायों के अधिकारियों को प्रति शनिवार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे! उसी निर्देश के तहत श्रीमती बामनिया द्वारा निरंतर शनिवार के साथ ही अन्य दिनों में भी शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को सूद्रण बनाया जा रहा है! शनिवार 28 फरवरी को श्रीमती बामनिया ने वीर पार्क रोड, जैन भवन रोड,मिडिल स्कूल रोड, महेश्वरी भवन के पीछे वाले रोड, सिंधी कॉलोनी,लायंस पार्क चौराहा, वातसल्य भवन रोड,दशहरा मैदान आदि क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया, इस दौरान श्रीमती बामनिया ने वीरपार्क रोड से बगला क्षेत्र में जाने वाली छोटी-छोटी गलियों, बंगला नंबर 38 आदि में भी जाकर सफाई व्यवस्था देखी और गंदगी पाए जाने पर स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता जनसेवकों को नालियों व सड़क की नियमित रूप से सफाई करने तथा समय पर कचरा उठाने के निर्देश दिए! वात्सल्य भवन के बाहर सड़क पर दो पशु बंधे हुए पाए जाने पर मौके पर पशु वाहन मंगवा कर दोनों पशुओं को पशु वाहन द्वारा गौशाला भिजवाया एवं स्वच्छता टीम बुलवाकर नाले की सफाई भी प्रारंभ करवाई! निरीक्षण के दौरान एक सफाई कर्मी को अपना क्षेत्र छोड़कर अन्य क्षेत्र में घूमता पाए जाने पर उन्हें अपने ही क्षेत्र में काम करने की हिदायत दी! श्रीमती बामनिया ने निरीक्षण के दौरान अनेक जगह सड़क पर मकान का वेस्ट मटेरियल(सी एन्ड डी ) पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी व स्वच्छता निरीक्षकों को ट्रैक्टर ट्राली से उक्त सामग्री भरवा कर संबंधित के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए! निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक व स्वच्छता निरीक्षक श्री भारत सिंह भारद्वाज भी साथ थे!



## मंजू जाखेटिया बनीं माहेश्वरी महिला संगठन की जिलाध्यक्ष

**मन्दसौर।** मंदसौर जिला माहेश्वरी महिला संगठन के त्रिवार्षिक सत्र (2026-2029) के लिए नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। स्थानीय चूद्राक्ष माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित इस प्रक्रिया में चयन समिति, चुनाव अधिकारी ममता आगाल (पीथमपुर) और भावना सोमानी की देखरेख में पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से हुए इस चुनाव में मंजू जाखेटिया को जिलाध्यक्ष और वंदना सोमानी को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही रेखा सोमानी को कोषाध्यक्ष, संध्या काबरा और शोभा मुंदड़ा को जिला उपाध्यक्ष, सरिता कासट और सोनाली मालपानी को सहसचिव नियुक्त किया गया।कार्यकारिणी में मीना जाजू को संगठन मंत्री, कमल काबरा को प्रचार मंत्री तथा मणीबाला मालू एवं तारा कासट को परामर्शदाता बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकाल तीन वर्ष का रहेगा। इस अवसर पर निवृत्तमान जिलाध्यक्ष निशा पलोड़ और निवृत्तमान सचिव रेखा सोमानी सहित जिला महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं, जिन्होंने नई टीम का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

## मंदसौर जनपद में सजा स्व-सहायता समूहों का मेला, होली उत्पाद के लगे स्टॉल



**मंदसौर।** मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत परिसर में च्मंदसौर होली उत्पाद स्टॉलज की शुरूआत की गई।कलेक्टर अदिति गर्ग ने फीता काटकर इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह स्टॉल आज 1 मार्च को भी सुबह 10 बजे से देर रात्रि तक आमजन के लिए खुला रहेगा। यहां महिलाओं द्वारा निर्मित अगरबत्ती, हर्बल गुलाल, बाग प्रिंट के वस्त्र, ऊन की रंगोली और गोबर से बने कंडों के साथ-साथ शुद्ध घी, अचार, पापड़ और नेचुरल जूस जैसे खाद्य उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों से अधिक से अधिक खरीदारी करने की अपील की है ताकि च्लोकल फॉर वोकलज के संकल्प को मजबूती मिल सके।इस अवसर पर आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक गोरा ठाकुर, विकासखंड प्रबंधक मंदसौर अल्केश कटलाना तथा मंदसौर, सीतामऊ एवं गरोठ विकासखंड के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नाहर सैयद मेले में आज सजेगी मुशायरे और कवि सम्मेलन की महफिल

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता नाहर सैयद मेले के अंतर्गत आज 1 मार्च को भव्य मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। दरगाह परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित रचनाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आमंत्रण सूची में जौहर कानपुरी, डॉ. अना देहलवी, हामिद भुसावली, असरार चंदेरी और नैना नसीब जैसे ख्याति प्राप्त नाम शामिल हैं।नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर और मेला सभापति श्रीमती बब्बन युसूफ गौरी ने बताया कि रविवार रात्रि ९ बजे से शुरू होने वाले इस सांस्कृतिक संगम में मुख्य अतिथि के रूप में वकील उद्दीन छोटे मियां जी सरकार, शहर काजी आसिफ उल्लाह, पूर्व नपा सभापति पारस मावर, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री अजय सिंह चौहान, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष प्रीतेश चावला, पूर्व नपा सभापतिद्वय हिम्मत डांगी, मुकेश खमेसरा आदि मौजूद रहेंगे।

## घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**मंदसौर।** न्यायालय जेएमएफसी श्रीमती प्राची पाण्डे माटा ने घर में घुसकर मारपीट और अभद्र व्यवहार करने के मामले में आरोपी अनिल मालवीय को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन मीडिया प्रभारी बलराम सौलंकी के अनुसार, यह मामला वर्ष 2017 का है जब सरस्वती नगर निवासी आरोपी अनिल ने फरियादी सत्यनारायण के घर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर गाली-गलौज की थी। आरोपी ने घर की महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की करते हुए पानी की टंकी का नल भी तोड़ दिया था। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शहर कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। न्यायालय ने साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए सजा के साथ अर्थदंड से भी दंडित किया है।

## नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को, करदाताओं को मिलेगी ब्याज में छूट

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद मंदसौर आगामी 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन करने जा रही है। नपा कार्यालय परिसर में सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक लगने वाली इस अदालत में करदाताओं को बकाया संपत्ति कर और जलकर पर शासन के नियमानुसार विशेष छूट प्रदान की जाएगी। सुचारू व्यवस्था के लिए नपा प्रशासन ने करदाताओं से आग्रह किया है कि वे 12 मार्च तक अपनी आईडी और बकाया राशि से संबंधित गणना वसूली शाखा में संपर्क कर पूर्ण करा लें, ताकि लोक अदालत के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने और अपने बकाया करों का निपटारा कर शहर के विकास में सहयोग करने की अपील की है।

## 24 आंगनवाड़ी केंद्रों का एक साथ औचक निरीक्षण

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रो की मॉनिटरिंग हेतु विकसित व्यवस्था अंतर्गत 27 फरवरी को कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 24 आंगनवाड़ी केंद्रों का एक साथ निरीक्षण किया गया।



## गौशरण भक्त मण्डल ने ब्यावरा से कामखेड़ा बालाजी धाम तक पदयात्रा निकाली

**ब्यावरा।** गौ शरण भक्त मण्डल द्वारा भागवताचार्य पंडित सतीश नागर के सानिध्य में प्रतिवर्षानुसार ब्यावरा से प्रसिद्ध कामखेड़ा बालाजी धाम तक 13वी पद यात्रा निकाली गई, यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो एवम छेत्र ओर जनमानस का जीवन खुशहाल हो, यात्रा शनिवार को कामखेड़ा धाम पहुचेगी, जहां महाआरती एवम भंडारा प्रसादी होगी, यात्रा में पूर्व विधायक पुरषोतम दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रसिंह सौंधिया, भाजापा के दिलवर यादव, जसवंत गुर्जर, अमित शर्मा, लखन यादव, रामगोपाल मीना, मांगीलाल गहलोत, देवीसिंह लववंशी, गिरराज लववंशी, गोवर्धन दांगी, रामेश्वर दांगी, पीड़ी, अनिल प्रजापति, शिव पालडी जनपद, मुकेश कुशवाह, दिनेश यादव, ज्ञान सिंह जगदीश लववंशी, ललित, राधेश्याम मंडी, पंडा जी, राधेश्याम अतरालीया, अशोक यादव, पप्पू दास एव सेकड़ो भक्त समिलित हुए।

## पुजारियों को भी मिले खाद, फसल बीमा और प्राकृतिक आपदा मुआवजे का लाभ




**बड़नगर ।** अखिल भारतीय धर्म समाज पुजारी इकाई मध्य प्रदेश द्वारा प्रदेश अध्यक्ष महंत सालेरामदास बैरागी के नेतृत्व में बड़नगर तहसील में एसडीएम धीरेन्द्र पाराशर को विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से शासन-संधारित मंदिरों के पुजारियों को आ रही कृषि संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। ज्ञापन में मुख्य रूप से आगामी गेहूं पंजीयन की प्रक्रिया को सुगम बनाने की मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष महंत सालेग्रामदास ने कहा कि जिस प्रकार अन्य किसानों को फार्मर आईडी के माध्यम से खाद प्राप्त हो रहा है, उसी प्रकार पुजारी किसानों के लिए भी फार्मर आईडी बनाई जाए ताकि उन्हें खाद की उपलब्धता में कोई परेशानी न हो। जनकल्याणकारी योजनाओं और मुआवजे की मांग साथ ही पुजारी किसानों को सभी जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से मिले।, शासन-संधारित मंदिरों की कृषि भूमि पर होने वाली फसलों का बीमा सुनिश्चित किया जाए। प्राकृतिक आपदा या किन्हीं कारणों से फसल नुकसान होने पर पुजारियों को भी उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पुजारी वर्ग उपस्थित रहा। उक्त जानकारी अखिल भारतीय धर्म समाज पुजारी इकाई मध्यप्रदेश के जिला अध्यक्ष नितिन शर्मा द्वारा प्रदान की गई।

## रेल्वे स्टेशन तिराहे से नागदा मार्ग तिराहे तक के डिवाइडरों पर पोल लगने का काम शुरू



**महिदपुर रोड।** नगर के मुख्य मार्ग से होकर गुजर रहे एम पी स्टेट हाईवे क्रमांक 16 पर रेल्वे स्टेशन तिराहे से नागदा मार्ग तिराहे के बीच बने रोड डिवाइडरों पर स्ट्रीट लाइट के पोल लगाने का काम संबंधित ठेकेदार द्वारा प्रारंभ कर दिया गया साइड सुपरवाइजर कुणाल ने बताया स्टेट हाई वे के महिदपुर रोड से गुजरने के दौरान नगर में रोड चौड़ीकरण के साथ बीच में बनाये गये डिवाइडरों पर इलेक्ट्रिक पोल लगाने के साथ कंपनी द्वारा डिवाइडरों पर जालियां भी लगाई जा रही है पूरे डिवाइडर पर 40 इले क्ट्रिक पोल लगाये जायेगे वही रेल्वे स्टेशन तिराहे से नागदा मार्ग के पूरे डिवाइडर पर भी जालियां भी लगाये जाने का काम चल रहा है ग्राम पंचायत की सरपंच ऋतु पाटीदार ने बताया नगर में रोड डिवाइडर पर इलेक्ट्रिक पोल तथा जालियां लगाये जाने के बाद नगर के मुख्य मार्ग पर और भी जो आवश्यक सौंदर्यीकरण का कार्य होगा वह वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जायेगा।

## फाग गीतों और फूलों की होली संग मना फाग उत्सव विजयवर्गीय महिला मंडल का आयोजन



**शुजालपुर।** कंचन विहार कॉलोनी में शुजालपुर विजय वर्गीय महिला मंडल के तत्वावधान में फाग उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत गाते हुए गुलाल और फूलों की होली खेली। पूरे आयोजन स्थल पर रंग, उमंग और उत्साह का वातावरण बना रहा। उत्सव के दौरान बच्चों और महिलाओं के लिए राधा-कृष्ण थीम पर आधारित विभिन्न रोचक खेलों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। लकी गेम एवं राधा-कृष्ण थीम गेम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने समूह नृत्य एवं गरबा प्रस्तुत कर समां बांध दिया। अध्यक्ष ममता विजयवर्गीय ने कार्यक्रम की सफ लता पर सभी महिलाओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करते हैं।

# होली पर सात दिवसीय रंगारंग उत्सव की धूम, शहर रंगों और उमंग से सराबोर होगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

रंग, गुलाल, भाईचारा और सांस्कृतिक उल्लास के पर्व होली पर इस वर्ष शहर में सात दिवसीय भव्य और रंगारंग होलिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दु उत्सव समिति अध्यक्ष डा. ध्रुव भल्ला ने बताया कि समिति के तत्वावधान में आयोजित यह उत्सव 2 मार्च से प्रारंभ होकर 8 मार्च तक विभिन्ना धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा।

हिन्दु उत्सव समिति के सह कोषाध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। इसी भावना को केंद्र में रखते हुए इस वर्ष कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला तैयार की गई है।

### यह रहेगा होली उत्सव का पूरा कार्यक्रम



- 2 मार्च, सोमवार को अम्बे माता मंदिर से होगा। बाल्मीकि समाज द्वारा रामायण जी के साथ भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बालरूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड पहुंचेगा। यहां सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का संदेश देना है।
- 3 मार्च, मंगलवार को समिति द्वारा उन घरों पर सामूहिक रूप से रंग डालने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां हाल ही में शोक, गमी की स्थिति रही है। यह पहल समाज में अपनत्व और साथ निभाने की परंपरा को सशक्त करने का प्रयास है।
- 4 मार्च, बुधवार को शहर के मुखर्जी चौक में भव्य संगीत निशा का आयोजन होगा। स्थानीय कलाकारों एवं आमंत्रित गायकों द्वारा होली के पारंपरिक एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।
- 5 मार्च, गुरुवार को बस स्टैंड पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विभिन्ना टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले होंगे। विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और ऊर्जा का मंच मिलेगा।
- 6 मार्च, शुक्रवार की रात्रि में बस स्टैंड पर भव्य कवि सम्मेलन आयोजित होगा। प्रदेश के ख्याति प्राप्त कवि होली के हास्य-व्यंग्य और सामाजिक सरोकारों पर आधारित रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।
- 7 मार्च, को मुकर्जी चौक से बस स्टैन्ड तक टेपा बारात का आयोजन होगा।
- 8 मार्च, रविवार को रंग पंचमी के अवसर पर होगा। बालरूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड से सामूहिक गैर निकाली जाएगी, जो नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए शांति, सद्भाव और परंपराओं का पालन करते हुए आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ मनाई जाएगी।

## पम्पापुरी धाम में गौ-सेवा का संकल्प, गौतम ने गौशाला निर्माण हेतु दिए 1.11 लाख रुपए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



क्षेत्र के अति प्राचीन एवं आस्था के केंद्र पम्पापुरी धाम में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। कथा के विश्राम दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के लोकप्रिय जननायक और समाजसेवी विजय सिंह गौतम सम्मिलित हुए। विजय सिंह गौतम के पम्पापुरी धाम पहुँचने पर आयोजन समिति और स्थानीय ग्रामीणों ने ढोल-ताशों और भव्य आतिशबाजी के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया। पूरा परिसर जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात उन्होंने कथा पंडाल पहुँचकर व्यास पीठ का पूजन किया और राष्ट्रीय संत, परम पूज्य गुरुदेव सरकार श्री (अंबाजी धाम निपनिया) के चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अपनी आस्था और सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए विजय सिंह गौतम ने पम्पापुरी धाम में गौशाला निर्माण हेतु 1 लाख 11 हजार रुपए की सहयोग राशि समिति को भेंट की। उन्होंने कहा कि गौ-सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और धार्मिक स्थलों पर जीव-दया के प्रकल्पों से समाज को नई दिशा मिलती है। कथा के अंतिम दिन हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने संत श्री के मुखारविंद से श्रीमद् देवी भागवत कथा का रसपान किया। कथा विश्राम पर महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें जनसमूह ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आरती के पश्चात विशाल महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया गया, जहाँ हजारों भक्तों ने धर्म लाभ लिया।

पम्पापुरी धाम जैसे पवित्र स्थान पर गौशाला का निर्माण एक सराहनीय पहल है। इस पुण्य कार्य में गिलहरी रूपी योगदान देना मेरा सौभाग्य है।

### संत श्री आदि ठाणा 5 का नगर में हुआ मंगल प्रवेश

**महिदपुर रोड।** जैन समाज के संत जिनेंद्र मुनि म सा आदि ठाणा 5 का शुक्रवार को नगर में मंगल प्रवेश हुआ समता भवन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए सजैन मुनि ने कहा परमात्मा की कृपा से हमें उत्तम जाति उत्तम कुल उत्तम धर्म और उत्तम योनि प्राप्त हुई है। वीतराग परमात्मा का श्रेष्ठ शासन हमें प्राप्त हुआ है मनुष्य जीवन में धर्म के मर्म को समझकर इस मनुष्य जीवन को सामायि क, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय जप तप साधना आराधना के द्वारा सफल बनाना चाहिये। धर्म के प्रभाव से ही धन की प्राप्ति होती है । मागार्नुसरिया के 35 बोल का अनुसरण करने वा ला जीव दुर्गति में नहीं जाता है। मनुष्य भव धर्म आराधना करने का उत्तम अवसर है। जिस प्रकार हम संसार में कितनी भी कमाई यानी पैसा कमा ले हमें संतुष्टि नहीं आती है। लेकिन हम धर्म करने के मामले में थोड़ा सा धर्म करने पर ही संतुष्ट हो जाते हैं ऐसा क्यों ,मुनि श्री ने कहा कि मनुष्य भव मूल पूंजी के समान है जिसे हमें धर्म के माध्यम से सदैव बढ़ाने के लिए तत्पर रहना चाहिए। 84 लाख जीव योनियों में परिभ्रमण करने के बाद हमें अतिदुर्लभ मनुष्य भव प्राप्त हुआ है। पूवार्चार्य ने कहा जो श्रद्धा नहीं रखते हैं वह 84 लाख योनियों के चक्कर में परिभ्रमण करते रहते हैं। इस अवसर पर महिदपुर रतलाम आदि श्री संघ ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## जिला कार्यकारिणी में पत्रकार साथियों की नियुक्ति पर हर्ष







**महिदपुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की उज्जैन जिला कार्यकारणी में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निदेर्शानुसार आपके नेतृत्व में गठित जिला इकाई की प्रदेश महासचिव सत्यनारायण वैष्णव के विधिवत घोषणा की। जिसमें जिला अध्यक्ष राहुल कटारिया ने पत्र महिदपुर ब्लाक से सदस्य पत्रकार साथियों को जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष - नरेश शर्मा, (महिदपुर रोड़) जिला सचिव - संजय राय (झारड़ा) संयुक्तसचिव - दिनेश वर्मा (घोंसला) , कार्यकारिणी सदस्य - मोहनलाल हेड़ा (जगोटी) , कमल बोहरा (खेड़ा खजूरिया) को नियुक्त किया है। उक्त नियुक्ति पर वरिष्ठ पत्रकार जवाहर डोसी पीयूष, अरुण बुरड़, अर्जुनसिंह ठाकुर, मांगीलाल कुमावत, अनंत शर्मा, कन्हैयालाल सूर्यवंशी, आशुतोष छजलानी, रामेश्वर मालवीय, लोकेश सूर्यवंशी, इमरान अली, कुशालसिंह ठाकुर, जितेन्द्र जैन, राज कछवाय, राहुल पोरवाल, पारस चैरड़िया, जितेश उथरा, राहुल सोलंकी, जितेंद्रसिंह राजपूत, कपिल वर्मा, संदीप वर्मा, राहुल कुमावत, विनोद कारपेंटर, अनवर मंसूरी, अब्दुल मजीद मंसूरी, रणछोडलाल मालवीय आदि सभी पत्रकार साथियों ने हर्ष व्यक्त किया तथा जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भगोरिया हाट मेला में कलेक्टर-एसपी ने ग्रामीणों संग मनाया होली मिलन उत्सव

### खेरीखता से ऊमरी आई तक विकास और परंपरा का संगम, प्रशासन ने ली समृद्धि केंद्र की जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने शुक्रवार खेरीखता में आयोजित भगोरिया हाट मेला एवं होली मिलन उत्सव में सहभागिता की। इस अवसर पर डीएफओ अक्षय राठौर, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

मेला स्थल पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से गुलाल लगाकर, माल्यार्पण कर तथा पारंपरिक तीर-कमान भेंट कर स्वागत किया। उत्सव के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की को समझा और विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करते हुए ग्रामीणों से संवाद किया। इसके साथ ही मेले में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर परंपरागत व्यंजन दाल-पानिया का स्वाद भी लिया। साथ ही स्थानीय लोगों से संवाद कर क्षेत्र की स्थिति, आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा की तथा सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ऊमरी-आरी स्थित समृद्धि केंद्र का भी निरीक्षण कर संचालित विभिन्न सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, नेटवर्क रूम, कॉन्फ्रेंस रूम सहित अन्य आधुनिक व्यवस्थाओं का अवलोकन कर उनके प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। इसके साथ केंद्र में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग तथा युवाओं एवं विद्यार्थियों को अधिकतम लाभ दिलाने पर जोर दिया।

### संतश्रेष्ठ गजानन महाराज की चरण पादुकाओं का शुजालपुर आगमन

## दो दिन चला भक्तिमय कार्यक्रम, नगर में उमड़ा आस्था का सैलाब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

महाराष्ट्र के संतश्रेष्ठ गजानन महाराज की पावन चरण पादुकाओं का शुजालपुर आगमन होने से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया। बुधवार एवं गुरुवार को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गजानन महाराज 17वीं-18वीं शताब्दी के महान संत माने जाते हैं। उनका प्रमुख तीर्थ क्षेत्र शेगांव, जिला बुलढाना महाराष्ट्र में स्थित है, जहां देश-विदेश से लाखों भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

### सेवा ही संस्थान का मूल मंत्र



श्री गजानन महाराज संस्थान को देश के सबसे स्वच्छ, अनुशासित एवं उत्कृष्ट प्रबंधन वाले मंदिर ट्रस्टों में गिना जाता है। यहां वीआईपी संस्कृति का पूर्ण अभाव है तथा निःशुल्क महाप्रसाद, अनुशासित व्यवस्थापन, अद्भुत स्वच्छता और निःस्वार्थ सेवाधारी इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं। बताया जाता है कि वर्ष 1908 में गजानन महाराज कोटड़ा जयपुर महाराष्ट्र निवासी दिनेश कुमार आनंदराव उर्फ बाबा महाराज देशमुख के घर पधारे थे। उनके दादाजी भगवानराव देशमुख महाराज के परम भक्त थे।

सेवा से प्रसन्न होकर महाराज ने उन्हें अपनी चरण पादुकाएं आशीर्वाद स्वरूप प्रदान की थीं। जिस पलंग पर महाराज ने विश्राम किया, घोड़े की काठी तथा भजन-कीर्तन का साहित्य आज भी देशमुख परिवार द्वारा सुरक्षित रखा गया है। इन्हीं पावन पादुकाओं का शुजालपुर क्षेत्र निवासी प्रभाकर राव देशमुख के निवास पर आगमन हुआ। दो दिनों तक आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर भ्रमण भी किया गया तथा भक्तों के घर-घर पहुंचकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। चरण पादुकाओं के आगमन से समाजजनों में विशेष उत्साह देखा गया और पूरे नगर में भक्ति एवं श्रद्धा का वातावरण बना रहा।



## चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर भाजपा नगर मंडल ने दी पुष्पांजलि

**बड़नगर।** महान स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा स्थानीय आजाद चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद के जीवन संस्मरणों और देश की आजादी के लिए उनके अप्रतिम बलिदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नव-मनोनीत प्रदेश महामंत्री गणपत डाबी का माला एवं पगड़ी पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। उपस्थित जनसमूह ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री श्याम शर्मा, नपा अध्यक्ष अभय टोंग्या, नपा उपाध्यक्ष अनिता वर्मा, अमित जोशी, गुलशन खटोड़, लता शर्मा, कलावती ठाकुर, अंकित पाटोदी, रामप्रसाद राठौर, राजेश परमार, बहादुर बादशाह, सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण, जिला व मंडल पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सक्रिय सदस्य और बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री अंकित त्रिवेदी ने किया एवं आभार मंडल उपाध्यक्ष अंकित दवे ने व्यक्त किया।

### 116 मरीजों की नेत्र जांच, 52 ऑपरेशन के लिए चयनित

## स्व.शाह की स्मृति में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, संत हिरदाराम नगर द्वारा स्व.लक्ष्मीबेन शाह एवं स्व.कांतिलाल शाह की स्मृति में सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र, शासकीय अस्पताल के सामने शुजालपुर मंडी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. जसवंत यादव एवं नेहा सोनी ने कुल 116 मरीजों की आंखों की जांच के साथ शुगर एवं बीपी परीक्षण किया। जांच के दौरान 52 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जबकि 15 मरीजों की आंखों का नंबर निकालकर उन्हें चश्मे की सलाह दी गई। चयनित मरीजों को बस द्वारा संत हिरदाराम नगर भेजा गया, जहां उनके ऑपरेशन, भोजन, आवास, दवाई एवं चश्मे की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। शिविर के दौरान मरीजों को भोजन पैकेट एवं शुद्ध पानी की बोतलों की व्यवस्था चेतन शाह परिवार की ओर से की गई। कार्यक्रम में सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य, हरि नारायण परमार, गंगाधर शर्मा, राजेंद्र कात्यानी, नरेंद्र जादव, राहुल परमार एवं शशांक जैन सहित अन्य सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

## मंदिरों पर फाग उत्सव की धूम

**खाचरोद।** नगर में फाग महोत्सव मंदिरों फूलों की होली के साथ मनाया गया। श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर पर महिला वर्ग द्वारा आकर्षक वेशभूषा के साथ रंगारंग होली महोत्सव मधुर गीतों के साथ ढोल के थाप पर कृष्ण भजन पर झूमते हुए मनायागया।बाजारों में आकर्षक बच्चों के लिए होली की पिचकारियां से आज गया। फाग के भजनों से महिलाओं उत्सव मनाया गए।

## अहिरवार धर्मशाला आरोन में मनाई स्व. श्रीमति आशासिंह की पुण्यतिथि

**गुना।** समस्त कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अहिरवार धर्मशाला आरोन पर स्वर्गीय श्रीमति आशासिंह की 13वी पुण्यतिथि के अवसर पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये एवं उनके व्यक्तित्व के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर हीरालाल अहिरवार जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि आरोन, बंटी राजपूत, रामकृष्ण दैलवार प्रदेश महासचिव अ.सा.सा, गंगाराम अहिरवार पूर्व सरपंच कुमरयाई, तीरथ अहिरवार पार्षद प्रतिनिधि, सोनू ग्वाल, घनश्याम भगतजी, दीपक अहिरवार धर्मशाला अध्यक्ष आरोन, धमेन्द्र धाकड़ हुसैनपुर, राकेश अहिरवार पूर्व धर्मशाला अध्यक्ष, आदिल मिर्जा, हिम्मत कुशवाहा, कमल अहिरवार युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, अर्जुन मीना, फरदीन मिर्जा, रामकृष्ण अहिरवार सहित कांग्रेस पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

## अवकाश दिवसों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**राजगढ़।** महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश के निदेर्शानुसार माह मार्च शासन के राजस्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एव शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये माह मार्च 2026 में होली का अवकाश छोड़कर शेष समस्त सार्वजनिक अवकाश दिवसों प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित में समस्त वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय शासकीय एवं पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे। साथ ही सार्वजनिक अवकाश दिवसों में परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन अपने परिक्षेत्र अंतर्गत समस्त पंजीयन कार्यालय खोले जाना सुनिश्चित करें।

# संन्यास लेने के बाद फिर ग्लैमर की चकाचौंध में लौटीं ममता कुलकर्णी



**90** के दशक की हिट एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी अचानक ही बॉलीवुड से गायब हो गईं। कुछ साल पहले वह अचानक वापस लौट आईं लेकिन बॉलीवुड में अभिनय नहीं किया। बॉलीवुड से दूरी बनाकर ममता कुलकर्णी ने आध्यात्मिकता की राह को चुना। पिछले साल महाकुंभ में संन्यास भी लिया। वह साध्वी के वस्त्रों में अक्सर नजर आने लगीं। हाल ही में उनका लुक काफी बदला सा नजर आया, ममता कुलकर्णी को टीवी के एक शो के सेट पर देखा गया। इस शो में टीवी के कई नामी कलाकार भी नजर आते हैं, यह शो अपने मजाकिया अंदाज और कुकिंग के लिए मशहूर है।

## शो के सेट पर दिखीं ममता कुलकर्णी

ममता कुलकर्णी को रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' के सेट पर देखा गया। इस शो को कॉमेडियन भारती सिंह होस्ट करती हैं। ममता कुलकर्णी के साध्वी के वेश में तो इस शो के सेट पर नहीं पहुंचीं लेकिन उन्होंने सिंदूरी रंग की साड़ी पहनी थी। साथ ही माथे पर त्रिपुंड बनाया हुआ। इससे पता चल रहा था कि वह अब भी आध्यात्मिकता की राह पर ही चल रही हैं।

**संन्यास लेने के बाद विवादों में घिरीं पूर्व अभिनेत्री:** ममता कुलकर्णी ने पिछले साल महाकुंभ में संन्यास लिया था, वह किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर भी बनीं। लेकिन बाद में विरोध के कारण अपने पद से हट गईं। इसके बाद उन्हें कई बार धार्मिक आयोजनों में देख गया, जहां वह साध्वी वेश में ही नजर आईं।

**इन बॉलीवुड फिल्मों और गानों के लिए मशहूर हुई थीं ममता कुलकर्णी:** फिल्म 'करण-अर्जुन', 'तिरंगा', 'क्रांतिवीर', 'बाजी', 'सबसे बड़ा खिलाड़ी' और 'चाइना गेट' जैसी बॉलीवुड फिल्में उन्होंने की थीं। इसके अलावा उन्होंने 'गुप चुप गुप चुप', 'कितने दिनों के बाद मिले हो', 'इक मुंड़ा', 'आएगी हर पल तुझे मेरी याद', 'भोली भाली लड़की', 'मैंने प्यार किर लिया' और 'भंगड़ा पाले' जैसे हिट गाने भी बॉलीवुड फिल्मों में दिए हैं।

चर्चित फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म देखने से पहले पढ़िये ये रिव्यू और जानिए कैसी है ये फिल्म...

# पहले पार्ट से कितनी अलग है 'द केरल स्टोरी 2'? कहां कमजोर पड़ी फिल्म? पढ़ें

महीनों की बहस, सेंसर बोर्ड की खींचतान और कोर्टरूम ड्रामे के बाद आखिरकार विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 गोज बियोंड' रिलीज तो हो गई। लेकिन मजेदार बात ये है कि फिल्म की कहानी से ज्यादा ड्रामा असल में हुआ। थिएटर में पर्दा उठते ही साफ लग जाता है कि ये फिल्म किसी गहरी कहानी या थ्रिलर बनने की कोशिश नहीं कर रही। ये बस अपनी बात (या कहें एजेंडा) दोहराती नजर आती है।

फिल्म में दिखाया गया है कि कुछ किरदार एक कथित गजवा-ए-हिंद मिशन के तहत धर्म विशेष की लड़कियों को प्यार और शादी के नाम पर फंसाते हैं। उनका मकसद लड़कियों का धर्म बदलवाना, उन पर दबाव डालना और उन्हें अपने हिसाब से इस्तेमाल करना है। कहानी ऐसे दिखाती है जैसे यह सब एक बड़ी साजिश का हिस्सा हो।







## एक्टिंग

फिल्म का सबसे मजबूत हिस्सा इसका अभिनय है। उल्का, अदिति और ऐश्वर्या ने अपने किरदारों का डर, दर्द और उलझन बहुत ही सच्चाई से दिखाई है। इनके साथ-साथ सपोर्टिंग कास्ट में सुमित गहलावत, अर्जन सिंह औजला और युक्तम खोसला की एक्टिंग ने कहानी को और भी असली व असरदार बना देती है। खासकर माता-पिता की भूमिका निभाने वाले कलाकार पुरवा पराग, रामजी बाली, राजीव कुमार, श्वेता मुंशी, अभिषेक शंकर और लक्ष्मी सभी ने बेहद सच्ची और प्रभावशाली परफॉरमेंस दी है। खासकर केरल के माता-पिता वाला क्लाइमैक्स सीन बहुत ही स्वाभाविक और दिल को छू लेने वाला लगता है।

## फिल्म की कहानी

फिल्म तीन लड़कियों की कहानी दिखाती है - दिव्या, नेहा और सुरेखा... जो भारत के अलग-अलग शहरों से हैं और अपनी-अपनी जिंदगी में सपने देख रही होती हैं। लेकिन इनकी जर्नी जल्द ही एक ही दिशा पकड़ लेती है। हर लड़की को एक ऐसा लड़का मिलता है, जो पहले तो प्यार दिखाता है और बाद में अपनी असली पहचान व मकसद दिखाता है।

दिव्या (अदिति भाटिया) 16 साल की डांसर, जिसे शोहरत के नाम पर फंसाया जाता है। नेहा (ऐश्वर्या ओझा) एथलीट, जिसे प्यार का भ्रम देकर धोखा मिलता है। सुरेखा (उल्का गुप्ता) वढरउ की तैयारी कर रही लड़की, जो एक पत्रकार के नाम पर शुरू हुए रिश्ते में गहराई से फंस जाती है।

इसके बाद फिल्म में शुरू होती है जबरदस्ती, हिंसा, डर, धमकी और बार-बार वही घटनाएं। कई सीन असरदार तो हैं, लेकिन कहानी कहीं आगे नहीं बढ़ती। ऐसा लगता है जैसे ऑडियंस इमोशनल रोलर-कोस्टर पर नहीं, बल्कि एक लंबी, थका देने वाली फिल्म देख रहे हैं।

सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि किरदारों को भागने या कुछ बदलने के मौके दिखते हैं, लेकिन वे बस फैसले न लेकर आगे बढ़ते रहते हैं। वही फैसले, जो कहानी को फिल्म की अपनी थीसिस के हिसाब से चलाते हैं।

## देखे या नहीं

अगर आप ऐसी फिल्में पसंद करते हैं जो तीखे मुद्दों पर बनी हों और भावनात्मक तौर पर झकझोरें, तो 'द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड' आपको कुछ हिस्सों में प्रभावशाली लग सकती है। लेकिन अगर आप एक मजबूत, संतुलित और आगे बढ़ने वाली कहानी की उम्मीद करते हैं, तो यह फिल्म आपको थोड़ी निराश कर सकती है।

कई जगह कहानी दोहराव भरी लगती है और संवेदनशील विषय को भी काफी ड्रामेटिक तरीके से दिखाया गया है। इसलिए कुल मिलाकर, यह फिल्म हर किसी के लिए नहीं है - आप इसे देखें या नहीं, यह पूरी तरह आपकी पसंद और इस विषय में रुचि पर निर्भर करता है।

# 'किंग' में ऐसा दिखेगा शाहरुख खान का लुक

## म्यूजिक डायरेक्टर सचिन-जिगर ने किया खुलासा

'किंग' मूवी को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' इसी साल रिलीज होने वाली है। फिल्म की इन दिनों शूटिंग भी चल रही है। बीते दिनों शाहरुख खान का लुक टीजर के जरिए साझा किया गया। अब इस फिल्म में म्यूजिक को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

## फिल्म के म्यूजिक में है 'बड़ा सरप्राइज'

म्यूजिक टीम ने बताया है कि 'किंग' के गानों और म्यूजिक में एक 'बड़ा सरप्राइज' है, जिसमें शाहरुख खान ऐसा लिप-सिंकिंग करते दिखेंगे जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया। यह उनके कैमियो या डांस नंबर से अलग कुछ नया और अलग तरह का परफॉर्मेंस होगा, और यह स्क्रीन पर बिल्कुल 'नया' लगेगा। फैंस के मुताबिक यह सीक्वेंस फिल्म के टोन और वाइब को पूरी तरह बदल सकता है और शाहरुख के किरदार को एक अलग अंदाज देगा।




## सचिन-जिगर कंपोज कर रहे हैं म्यूजिक

फिल्म के म्यूजिक की बात करें तो इसका म्यूजिक डुओ सचिन-जिगर ने कंपोज किया है, जो शाहरुख खान और निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ पहली बार काम कर रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है, जो पहले 'जवान' जैसी फिल्मों के साथ शाहरुख के मयूजिक में अपना दमखम दिखा चुके हैं।

## कब रिलीज होगी फिल्म

बता दें कि 'किंग' एक हाई-वोल्टेज एक्शन थ्रिलर है, जिसे सिध्दार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं और इसमें शाहरुख के साथ सुहाना खान, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी जैसे सितारे भी हैं। यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।




जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ इतिहास रचते हुए पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। जम्मू-कश्मीर की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची थी और उसने पहली पारी में बढ़त के आधार पर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है।

# जम्मू-कश्मीर 91 साल के इतिहास में पहली बार बना चैंपियन, कर्नाटक को पारी की बढ़त के आधार पर हराया

**हुबली।** जम्मू-कश्मीर ने इतिहास रचते हुए रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ ये मुकाबला पहली पारी में बढ़त के आधार पर अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 291 रन की बढ़त हासिल की थी। पांचवें दिन जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 342 रन बनाए और उसकी कुल बढ़त 633 रनों की हो गई थी। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने पारी घोषित करने का फैसला किया। इसके बाद दोनों टीमों के कप्तान दिन का खेल समाप्त करने पर सहमत हुए और मैच ड्रॉ रहा। इस तरह जम्मू-कश्मीर ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ली।




## इकबाल-साहिल के बीच बड़ी साझेदारी



जम्मू-कश्मीर के लिए इस मैच में आकिब नबी डार ने पहली पारी में पांच विकेट झटके, जबकि दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल और साहिल लोटरा ने शानदार साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 197 रनों की अविजित साझेदारी की। इकबाल 311 गेंदों पर 16 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 160 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि साहिल ने 226 गेंदों पर आठ चौकों और तीन छक्कों के सहारे नाबाद 101 रन बनाए।

## विकेट के लिए तरसे कर्नाटक के गेंदबाज

जम्मू-कश्मीर ने पांचवें दिन दूसरी पारी चार विकेट पर 186 रन से आगे बढ़ाई। पांचवें दिन कर्नाटक के गेंदबाज विकेट के लिए तरस गए। जम्मू-कश्मीर के लिए इकबाल और साहिल ने मोर्चा संभाला और कर्नाटक के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया। पहला सत्र पूरी तरह इकबाल और साहिल के नाम रहा। इकबाल ने पहले शतक पूरा किया और फिर साहिल भी पीछे नहीं रहे। दोनों बल्लेबाजों ने लंच ब्रेक तक कर्नाटक को एक भी सफलता हासिल नहीं करने दी। स्थिति इतनी खराब रही कि कर्नाटक के गेंदबाज पांचवें दिन का खेल समाप्त होने तक इस साझेदारी को नहीं तोड़ सके और मैच अंत में ड्रॉ रहा। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट मिले, जबकि विजयकुमार विशाक और श्रेयस गोपाल को एक-एक सफलता मिली।

## जम्मू-कश्मीर ने नहीं किया था फॉलोऑन

जम्मू-कश्मीर के पहली पारी के 584 रनों के जवाब में कर्नाटक की टीम 293 रन पर सिमट गई। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 291 रन की बढ़त हासिल करने के बावजूद फॉलोऑन नहीं देने का फैसला किया था। अगर आज दिन के खेल की समाप्ति तक मैच का नतीजा नहीं निकल पाता है तो जम्मू-कश्मीर पहली पारी में बढ़त के आधार पर यह मुकाबला अपने नाम कर लेगा। इस तरह टीम पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीत सकती है।

## जम्मू-कश्मीर के लिए आसान नहीं रहा सफर

जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था।

जम्मू कश्मीर ने इस सत्र से पहले 334 रणजी मैच खेले थे, जिनमें से उसने केवल 45 जीते थे। उसे अपनी पहली जीत दर्ज करने में 44 साल लग गए, जो उसने 1982-83 में सेना के खिलाफ हासिल की थी।

उसके लिए नॉकआउट में पहुंचना कभी आसान नहीं रहा लेकिन 2013-14 में उसे एक बड़ी सफलता मिली जब उसने नेट रन रेट के आधार पर गोवा को पीछे छोड़कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

उसने 2015-16 में परवेज रसूल की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई को हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी।

इस सत्र में कोच अजय शर्मा और कप्तान पारस डोगरा के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर ने अपने विश्वास को परिणामों में तब्दील कर दिया और वह खिताब जीतने में सफल रही।

# मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कालीघाट मंदिर के किए दर्शन

**कोलकाता।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोलकाता स्थित कालीघाट मंदिर के दर्शन किए। गंभीर शनिवार को कालीघाट मंदिर पहुंचे और उन्होंने मां काली के दर्शन किए। भारत का टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में सामना अब वेस्टइंडीज है। दोनों टीमों के बीच ये मैच कोलकाता के ईडेन गार्डेंस में रविवार को खेला जाना है। भारत के लिए यह मैच वर्चुअल नॉकआउट की तरह है।

भारतीय टीम शुक्रवार को कोलकाता पहुंच गई थी। भारत के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबला काफी अहम है क्योंकि अगर टीम ये मैच जीत लेती है तो वह सेमीफाइनल में जगह बना लेगी, जबकि विंडीज का सफर सुपर आठ चरण में ही थम जाएगा। गंभीर भी इस मैच का महत्व बखूबी समझते हैं। गंभीर अक्सर मंदिर जाते रहे हैं और इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले उन्होंने मां काली के दर्शन किए हैं।

भारत के लिए राहत की बात यह है कि कोलकाता में टी20 में उसका रिकॉर्ड बेहद शानदार है। वहीं, वेस्टइंडीज का ईडेन गार्डेंस पर रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। वेस्टइंडीज ने कोलकाता में कुल सात टी20 मुकाबले खेले हैं जिसमें से तीन में उसे जीत मिली है, जबकि चार मैच टीम ने गंवाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि वेस्टइंडीज को इस मैदान पर सभी हार भारत के खिलाफ ही मिली है।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

# आगा की छिन सकती है कप्तानी; पीसीबी कड़े फैसले लेने पर हुआ मजबूर

**कराची।** पाकिस्तान का सफर भले ही टी20 विश्व कप में अभी समाप्त नहीं हुआ है और वह सेमीफाइनल की दौड़ में बना हुआ है। इससे पहले ही हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट में उथल-पुथल शुरू हो गई है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, टूनार्मेंट में पाकिस्तान का अभियान कैसा भी रहे, लेकिन सलमान अली आगा की कप्तानी जाना तय है। इतना ही नहीं ये टी20 विश्व कप कुछ सीनियर खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी टूनार्मेंट भी हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान का टूनार्मेंट में जिस तरह सरफ रहा है उससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी नाखुश हैं। सूत्र ने कहा कि नकवी अभियान से खुश नहीं हैं क्योंकि चयनकर्ता, टीम प्रबंधन और उनके करीबी लोगों ने उन्हें आश्वस्त किया था कि टी20 विश्व कप में टीम का अभियान शानदार रहेगा। सूत्र के मुताबिक, नकवी ने सलमान को टी20 कप्तान पद से हटाने का मन बना लिया है और इसके साथ ही कुछ खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर मुख्य कोच माइक हेसन और चयनकताओं के साथ चर्चा भी की है।

सूत्र ने कहा कि सलमान अली, बाबर आजम, उस्मान खान और अन्य कुछ खिलाड़ियों का विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में भविष्य आगे नजर नहीं आ रहा है। सलमान की जगह शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी को कप्तान सौंपने पर विचार किया जा रहा है। सूत्र ने यह भी बताया कि विश्व कप से पहले ही हेसन ने नकवी को संकेत दे दिया था कि टूनार्मेंट के बाद पाकिस्तान को कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल कर उन्हें स्थापित करना होगा और आधुनिक टी20 क्रिकेट की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ना होगा।

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### खालसा कॉलेज परिसर की 100 दुकानें सील, अब पूरा मार्केट बंद

**इंदौर।** इंदौर में राजस्व वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए इंदौर नगर निगम ने खालसा कॉलेज परिसर में बड़ी कार्रवाई की है। करीब 1.63 करोड़ रुपए के संपत्ति कर बकाया के चलते निगम ने एक साथ 100 से अधिक दुकानों पर ताला जड़ दिया, जिससे पूरे परिसर में व्यापारिक गतिविधियां ठप हो गईं। जानकारी के मुताबिक निगम ने कर वसूली के लिए कॉलेज प्रबंधन को कई बार नोटिस जारी किए थे। 25 फरवरी को परिसर स्थित प्रिंसिपल ऑफिस को भी सील किया गया था। इसके बाद भी बकाया राशि जमा नहीं की गई। शुक्रवार को निगम की टीम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची और एक साथ 100 से ज्यादा दुकानों पर ताले जड़ दिए। कार्रवाई के बाद परिसर में संचालित व्यापार पूरी तरह ठप हो गया। सहायक राजस्व अधिकारी अखिलेश मालवीय ने बताया कि आयुक्त के निर्देश पर पहले अनाउंसमेंट कर बकाया राशि जमा करने के लिए कहा था। स्पष्ट निर्देश थे कि भुगतान नहीं होने पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। उन्हीं निर्देशों के तहत पूरे कैंपस की लगभग सौ से अधिक दुकानों को सील किया गया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज प्रबंधन पर एक करोड़ तिरसठ लाख रुपए से अधिक का संपत्ति कर बकाया है। बार-बार सूचना और नोटिस देने के बावजूद राशि जमा नहीं की गई, जिसके चलते निगम को सख्त कदम उठाना पड़ा। निगम अधिकारियों का कहना है कि जब तक पूरा बकाया कर जमा नहीं होगा, तब तक सील नहीं खोली जाएगी। बकाया वसूली तक कार्रवाई जारी रहेगी।

### भतीजा निकला 60 लाख की चोरी का मास्टरमाइंड

**इंदौर।** इंदौर में 60 लाख के गहने और नकदी की चोरी का मास्टरमाइंड दंपती का भतीजा ही निकला। उसी ने चोरी की पूरी साजिश रची थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों तक पहुंची। बावजूद इसके अब तक न तो पूरा खुलासा हो सका है, न ही चोरी का माल बरामद किया गया। दंपती का भतीजा रोहित उर्फ गोलू हिरासत में है। पूछताछ में उसने बताया कि उसने दोस्त लक्की बोरासी और सुधांशु प्रजापत के साथ वारदात को अंजाम दिया था। इनके अलावा एक अन्य साथी भी था। चोरी के बाद गोलू के साथी जेवर और नकदी लेकर भाग गए। ऐसे में गोलू के पास से कोई रकम बरामद नहीं हुई है। पूछताछ के दौरान गोलू ने पहले उनके राजस्थान जाने की बात कही थी। पुलिस की एक टीम वहां भी पहुंची, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए। बता दें, बाणगंगा थाना क्षेत्र के डागर मोहल्ले में 7 फरवरी को बाणेश्वरी कुंड के पीछे स्थित एक मकान से बदमाश 35 लाख रुपए नकद और 25 लाख रुपए का सोना लेकर फरार हो गए थे। वारदात के समय मकान मालिक विनोद यादव और उनकी पत्नी मनीषा वैष्णो देवी गए हुए थे। जब वे लौटे तो सोमवार को उन्हें इसकी जानकारी लगी।

# दंपती डिजिटल अरेस्ट, 1.15 करोड़ की ठगी

## खुद को एटीएस अधिकारी बताकर वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी की धमकी देकर बंधक बनाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



शहर में साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर बुजुर्ग दंपती से 1 करोड़ 15 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना हीरानगर पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता 80 वर्षीय विजय सक्सेना और उनकी पत्नी सुमन सक्सेना (77वर्ष), निवासी बजरंग नगर, इंदौर के मोबाइल पर 15 नवंबर 2025 को वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पुणे एटीएस मुख्यालय का अधिकारी 'चंद्रभान सिंह' बताया। उसने दावा किया कि सुमन के नाम से जम्मू में एचडीएफसी बैंक खाते में 70 लाख रुपए का संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुआ है और मामला आतंकवाद से जुड़ा है।

आरोपियों ने लगातार वीडियो कॉल कर महिला और उनके पति को कथित पूछताछ के नाम पर घंटों बैठे रहने को मजबूर किया। उन्हें धमकी दी गई कि सहयोग नहीं किया तो गिरफ्तारी होगी, संपत्ति जब्त होगी और बच्चों को नुकसान पहुंचाया जाएगा। डर के माहौल में आरोपियों ने व्हाट्सऐप पर आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक संबंधी दस्तावेज मंगवा लिए। इसके बाद दो अलग-अलग बैंक खातों के नंबर देकर कहा कि जांच पूरी होने तक रकम सुरक्षित ट्रांजैक्शन के रूप में ट्रांसफर करनी होगी। 20 नवंबर 2025 को महिला ने अपने खाते से 49.70 लाख रुपए और उनके पति ने 65.30 लाख रुपए एनईएफटी के माध्यम से बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने यह भी हिदायत दी कि बैंक में पूछताछ होने पर बताना कि रकम बेटियों के लिए भेजी जा रही है। रकम ट्रांसफर के बाद लगातार फोन कॉल्स और मानसिक दबाव के चलते पति की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### दामाद को बताई आपबीती फिर पहुंची क्राइम ब्रांच

घटना के कुछ दिन बाद महिला ने पूरी जानकारी अपने दामाद को दी। इसके बाद मामले की शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच में की गई। जांच के बाद 27 फरवरी 2026 को हीरानगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धाराओं 318(4), 319(2) और 308 के तहत मामला दर्ज किया है।

### इन नंबरों से आया कॉल

सुमन ने बताया कि उन्हें चंद्रभान नामक बदमाश ने पहले 8402823868 नंबर से कॉल किया। इसके बाद प्रदीप लाल नामक बदमाश ने 8511309468 नंबर से वीडियो कॉल किया।

### पुलिस ड्रेस में था चंद्रभान

- 15 नवंबर को किए कॉल में चंद्रभान ने सुमन को फोन पर बताया कि पुलवामा, पहलगाम में छोटे बच्चों के रेप व मर्डर हुए हैं। इसमें आतंकवादी अफजल खान पकड़ा गया है, उसने आपका नाम लिया है। जम्मू के एचडीएफसी बैंक में आपका अकाउंट है और कमीशन के रूप में आपको 70 लाख रुपए दिये हैं। इसके चलते आप पर मनी लांड्रिंग का केस बनेगा। आप आतंकवादियों की मदद कर रहे हैं और आपको गिरफ्तार किया जाएगा।
- सुमन ने कहा कि हम कभी जम्मू गए ही नहीं और वहां हमारा किसी भी बैंक में अकाउंट नहीं है। यह सुनने के बाद आरोपी ने फोन काट दिया और 18 नवंबर को फिर से कॉल किया। उसने कहा कि आपका केस मैं प्रदीप लाल को सौंप रहा हूं।
- इसके बाद दूसरे नंबर से 19 नवंबर को प्रदीप लाल नामक बदमाश ने फोन लगाया। उसने मुझे और मेरे पति को सामने बैठाया और व्हॉट्सएप पर वीडियो कॉल किया। हमें धमकाया कि आपके बच्चों की हत्या कर दी जाएगी। और आपको भी गिरफ्तार करके पुणे लाया जाएगा। इसके बाद उन्होंने बैंक और निजी जानकारी मांगी।
- डरकर हमने बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड की कॉपी उन्हें शेयर कर दी। इसके बाद उन्होंने हमें बैंक जाकर एफडी से पैसे निकालने को कहा। हमने पैसे निकालकर बदमाशों के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिये। इस हादसे के बाद पति बीमार हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जब वे ठीक होकर घर आए तो हमने दामाद मनीष गौड़ को पूरा घटनाक्रम बताया।
- डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडौतिया ने बताया कि एक सीनियर सिटीजन को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का मामला सामने आया है। अभी जांच की जा रही है।

### पानी भरे ड्रम में डाला खतरनाक सिलेंडर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के रावजी बाजार क्षेत्र में गुरुवार रात जहरीली गैस फैल गई। घटना के बाद करीब एक घंटे तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटनाक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें नगर निगम और फायर ब्रिगेड की टीम खतरनाक सिलेंडर को सूझबूझ के साथ पानी से भरे ड्रम में डालती नजर आ रही है। काफी देर तक उस पर पानी डाला गया, जिससे गैस का फैलाव नियंत्रित हो गया। बाद में सिलेंडर को रात में ही बायपास के रास्ते करीब 13 किलोमीटर दूर देवगुराड़िया स्थित नगर निगम के प्लांट भेज दिया गया। इधर, आरोपी कबाड़ी शहजाद को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि यह सिलेंडर कबाड़ में राजा चोपड़ा से खरीदा था।

'दैनिक अवन्तिका' के स्वामित्व एवं अन्य विवरण के संबंध में

**घोषणा**

**फॉर्म 4 ( नियम 8 देखिए )**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन का स्थल | : | 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन- 456 001 |
| 2. | प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | : | **सुरेन्द्र मेहता** अवन्तिका प्रकाशन |
| | (क्या भारतीय नागरिक है) | : | हाँ |
| | (यदि विदेशी है तो मूल देश):- | | |
| | पता | : | 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन- 456 001 |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : | **सुरेन्द्र मेहता** अवन्तिका प्रकाशन |
| | (क्या भारतीय नागरिक है) | : | हाँ |
| | (यदि विदेशी है तो मूल देश):- | | |
| | पता | : | 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन- 456 001 |
| 5. | प्रधान सम्पादक का नाम | : | **सुरेन्द्र मेहता** |
| | (क्या भारतीय नागरिक है) | : | हाँ |
| | (यदि विदेशी है तो मूल देश):- | | |
| | पता | : | 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन- 456 001 |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार-पत्र के स्वामी हो या जो समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो। | : | **1. सुरेन्द्र मेहता** **2. सूरज मेहता** **3. संदीप मेहता** 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन- 456 001 |

मैं **सुरेन्द्र मेहता** एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

दिनांक 28/02/2026

**सुरेन्द्र मेहता**
प्रकाशक के हस्ताक्षर

### 8 किलो गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

क्राइम ब्रांच की टीम ने शुक्रवार को देवास-इंदौर बायपास रोड डागरिया फॉर्म हाउस के पास निपानिया से एक महिला को 8 किलो 313 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। महिला पहले भी 6 किलो गांजे के मामले में गिरफ्तार हो चुकी थी। वर्तमान में वह कोर्ट से जमानत पर थी। महिला के पास से 8 किलो 313 ग्राम गांजा, 1 आईफोन, 1 टू व्हीलर सहित कुल 3 लाख 50 हजार का सामान जब्त किया गया है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि इंदौर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने और उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ लगातार टीम कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में चेकिंग और सर्चिंग की जा रही थी। टीम को देवास-इंदौर बायपास रोड डागरिया फॉर्म हाउस के पास एक्टिवा पर एक महिला आती दिखी जो पहले से जमानत पर थी।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com